राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran







12 कोई भी बाइडेन और कमला की हत्या की कोशिश नहीं कर रहा: मस्क.... | नितिन गडकरी को पीएम पद का ऑफर देना गलत नहीं: संजय राउत.....12



वर्ष : 12 | अंक : 157 | पटना, मंगलवार, 17 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**सूचना**



विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर प्रातः किरण का दफ्तर 17 सितंबर दिन मंगलवार को बंद रहेगा। अतएव पाठकों को अखबार का अगला अंक 19 सितंबर दिन गुरुवार को मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### शाही ईदगाह विवाद: मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुनवाई आज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय मंगलवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ शाही मस्जिद ईदगाह की प्रबंधन ट्रस्ट समिति द्वारा उच्च न्यायालय के एक अगस्त के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करेगी। मस्जिद प्रबंधन समिति की याचिका अधिवक्ता आरएचए सिकंदर के माध्यम से दायर की गई है। उच्च न्यायालय ने एक अगस्त को मथुरा में मंदिर-मस्जिद विवाद से संबंधित 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया था और व्यवस्था दी थी कि शाही ईदगाह के धार्मिक चरित्र को निर्धारित करने की आवश्यकता है।

**जदयू प्रदेश कार्यालय में पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक, मिशन 2025 पर चर्चा**

# नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए को 2025 के विस चुनाव में मिलेगी बड़ी जीत : संजय

- नीतीश कुमार की विचारधारा ही जदयू की विचारधारा : विजय

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन आगामी विधान सभा चुनाव 2025 में 2010 से भी अधिक सीटें जीतेगी। उक्त बातें पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने पार्टी पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। दरअसल, सोमवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों, प्रवक्ताओं, प्रमंडल प्रभारियों, जिला अध्यक्षों, प्रकोष्ठ प्रभारियों व अध्यक्षों एवं विधानसभा प्रभारियों की सांगठनिक बैठक सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर मिशन 2025 - लक्ष्य 225 पर आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई एवं तमाम वक्ताओं ने बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने की बात कही। इस मौके पर श्री झा ने कहा कि जब भी जदयू के राजनीतिक समाप्ति की आधारहीन कहानी गढ़ी गई है तब-तब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नए राजनीतिक अवतार में उभरकर सामने आयें है। पिछले 20 का राजनीतिक इतिहास इस बात को मजबूती से सत्यापित करता है। श्री झा ने कहा कि आज पूरे देश में जातीय गणना की बात हो रही है, लेकिन इसकी शुरूआत नीतीश कुमार ने की। साथ ही उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार देश के अंतिम समाजवादी नेता है। पूरा बिहार हमारा परिवार सिर्फ चुनावी नारा नहीं बल्कि हमारे नेता की सोच है। श्री झा ने कहा कि आधी आबादी के बीच जाकर सरकार की उपलब्धियों को बताना है। सोशल मीडिया पर भी पार्टी के साथियों की सक्रियता बढ़ाने की आवश्यकता है।

**आज पूरे देश में नीतीश कुमार एकलौते समाजवादी नेता :**

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिहार को अब तक नीतीश कुमार से बेहतरीन मुख्यमंत्री नहीं मिला। बिहार आज हर क्षेत्र में विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमें गरीब, गुरबा और गाँव की सेवा में जुटना है और नेता कि उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना है। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने जदयू की विचारधाराओं पर कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विचारधारा ही पार्टी की विचारधारा है। समाजवाद की बुनियाद बिहार में पड़ी और वहीं से जदयू की विचारधारा निकली है। आज पूरे देश में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एकलौते समाजवादी नेता हैं और उन्होंने यह उपाधि अपने कार्यशैली और मेहनत के बदौलत हासिल किया है।

**चुनौतियों के अनुरूप खुद को तैयार करना होगा :**

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि पार्टी के साथियों को वर्तमान चुनौतियों के अनुरूप खुद को तैयार करना होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद जो विधानसभावार आंकड़े सामने आए उसके अनुसार बिहार की 243 विधानसभा सीटों में से जदयू ने 74, भाजपा ने 68, एलजेपी आर ने 29 और हम ने 06 सीटों पर बढ़त हासिल की। इन सीटों का कुल योग 177 है, जबकि इंडिया गठबंधन को मात्र 66 सीटों पर बढ़त मिली। इस आंकड़े से स्पष्ट है कि बिहार की जनता चाहती क्या है। उन्होंने कहा कि बूथ कमिटी में पार्टी के प्रति समर्पित सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों को प्राथमिकता दी जाए। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी ने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लंबा संघर्ष किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में जातीय गणना कराकर कपूरी ठाकुर के सपनों को पूरा करने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया है। शिक्षा के क्षेत्र में भी नीतीश सरकार ने उल्लेखनीय काम किए हैं।

**ये रहें मौजूद :**

इस मौके पर पार्टी के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, पार्टी के । विधानपार्षद ललन सर्राफ, विधानपार्षद सह मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार, विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री अजीत चौधरी, महाबली सिंह आदि मौजूद रहे।

**पीएम ने चौथे वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन का किया उद्घाटन**

# भारत में बना रहें सात करोड़ घर, कई देशों की आबादी से भी ज्यादा : मोदी

प्रात : किरण



गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां कहा कि भारत में हम सात करोड़ घर बना रहे हैं। ये दुनिया के कई देशों की आबादी से भी ज्यादा है। श्री मोदी ने सुबह गांधीनगर में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों से बातचीत करने के बाद गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में चौथे वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन और एक्सपो (री-इनवेस्ट) का उद्घाटन किया। उन्होंने इस दौरान कहा, आप सभी जानते हैं कि भारत की जनता ने 60 साल बाद लगातार किसी सरकार को तीसरा कार्यकाल दिया है। हमारी सरकार को मिले तीसरे कार्यकाल के पीछे भारत की बहुत आकांक्षायें हैं। आज 140 करोड़ भारतवासियों, युवाओं और महिलाओं को भरोसा है कि उनकी आकांक्षाओं को पिछले 10 साल में जो पंख लगे हैं। वे इस तीसरे कार्यकाल में एक नई उड़ान भरेंगे। देश के गरीब, दलित, पीड़ित, शोषित और वंचित को भरोसा है कि हमारा तीसरा टर्म उनके गरिमापूर्ण जीवन जीने की गारंटी बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि 140 करोड़ भारतीय देश को तेजी से टॉप तीन इकॉनोमी में पहुंचाने का संकल्प लेकर काम कर रहे हैं। एक बड़ी दूरदर्शिता, एक बड़े मिशन का हिस्सा है, ये 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की हमारे कार्रवाई योजना का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हमारे पहले 100 दिनों में हमारी प्राथमिकता, स्पीड और स्केल की भी एक झलक मिलती है।

### भारत ने दुनिया को लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट का विजन दिया

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने इंटरनेशनल सोलर एलायंस का प्रयास कर दुनिया के सैकड़ों देशों को जोड़ा है। भारत ने अपने रेलवे को भी इस दशक के अंत तक नेट जीरो बनाने का लक्ष्य रखा है। वर्ष 2025 तक पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनोल के लक्ष्य को हासिल करेंगे। गांव-गांव में अमृत सरोवर से जल संरक्षण हो रहा है। मां के नाम पर लोग पेड़ लगा रहे हैं। भारत का प्रयास पूरी तरह से मेड इन इंडिया सॉल्युशन के रूप में है। मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी ने दुनिया को सचेत किया था। महात्मा गांधी का यह विजन भारत की महान परंपरा से निकला है। हमारे लिए ग्रीन फ्यूचर, नेट जीरो कोई फैंसी वर्ड नहीं है, यह भारत की जरूरत है, सरकार का कमिटमेंट है। आज का भारत सिर्फ आज का नहीं बल्कि आने वाले एक हजार साल का बेस तैयार कर रहा है। हमारा मकसद सिर्फ टाप पर पहुंचना नहीं है, वहां टिके रहने की है। मोदी ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपनी जरूरत के लिए सोलर पावर, विंड पावर, न्यूक्लियर और हाइड्रो पावर के आधार पर भविष्य तैयार करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री ने रूफटॉप स्कीम को यूनिक स्कीम बताते हुए कहा कि भारत का हरेक घर पावर प्रोड्यूसर बनने जा रहा है।

# भारत के संविधान में अनुच्छेद 370 के लिए अब कोई जगह नहीं : शाह

प्रात : किरण



किश्तवाड़/एजेसी। किश्तवाड में सोमवार को एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एनसी और कांग्रेस कहती है कि अगर उनकी सरकार बनी तो वे अनुच्छेद 370 को फिर से लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि क्या अनुच्छेद 370 वापस होना चाहिए?... पहाड़ी और गुर्जर भाइयों को जो आरक्षण मिलता है, अनुच्छेद 370 बहाल होने पर वह नहीं मिल पाएगा। गृहमंत्री ने कहा कि मैं कश्मीर का माहौल देख रहा हूं, न तो फारूक अब्दुल्ला और न ही राहुल गांधी यहां सरकार बना रहे हैं। अनुच्छेद 370 अब इतिहास का हिस्सा बन चुका है। भारत के संविधान में अनुच्छेद 370 के लिए कोई जगह नहीं है। कश्मीर में कभी भी दो प्रधानमंत्री, दो संविधान और दो झंडे नहीं हो सकते।

वहां केवल एक झंडा होगा और वह हमारा तिरंगा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैंने गुर्जरों से वादा किया था कि पहाड़ियों को आरक्षण मिलेगा लेकिन इससे गुर्जर प्रभावित नहीं होंगे और अब मोदी सरकार ने गुर्जर आरक्षण को छुए बिना पहाड़ियों को आरक्षण दिया है। उन्होंने कहा कि अब गुर्जरों और पहाड़ियों को आदिवासी आरक्षण मिला है, अब आपके बच्चे भी कलेक्टर और डीएसपी बन सकते हैं। गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने तीन परिवारों के शासन को खत्म कर दिया और राज्य में पंचायती राज की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि बच्चे जल्द ही विधानसभा और लोकसभा में प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एक विकसित जम्मू-कश्मीर बनाना चाहते हैं और ओबीसी को भी आरक्षण का अधिकार देना चाहते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज यानि सोमवार को जम्मू संभाग के पाडर, किश्तवाड़ व रामबन में रैलियों को संबोधित करने वाले हैं।

### जीप और टैंकर के टकराने से आठ लोगों की मौत

जयपुर। राजस्थान में सिरोही जिले के पिंडवाड़ा क्षेत्र में रविवार रात एक जीप और टैंकर के टकरा जाने से एक बच्चा एवं दो महिलाओं सहित आठ लोगों की मौत हो गई जबकि पन्द्रह लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि उदयपुर जिले के ओगणा के रहने वाले ये श्रमिक एक जीप में बैठकर बालोतरा जिले के नाकोडाजी में मजदूरी के लिए जा रहे थे कि रात करीब साढे आठ बजे पालनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-27 पर सामने से आ रहा टैंकर और उनकी जीप टकरा गए। मृतकों में ओगणा निवासी धनपाल, हेमंत,राकेश, मुकेश, जीप चालक सुमेरपुर निवासी कानाराम, ठेकेदार शिवगंज निवासी वरदाराम शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री ने हजरत मखदूम सैयद शाह पीर मुहम्मद मुजीबुल्लाह कादरी रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर की चादरपोशी

- राज्य में अमन, चैन एवं तरक्की की दुआ मांगी

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को फुलवारीशरीफ खानकाह मुजीबिया में उर्स के मुबारक मौके पर हजरत मखदूम सैयद शाह पीर मुहम्मद मुजीबुल्लाह कादरी रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर चादरपोशी की तथा राज्य में अमन, चैन एवं तरक्की की दुआ मांगी। इस अवसर पर खानकाह-ए-मुजीबिया के हाफिज मो० नइमुद्दीन मुजीबी ने मुख्यमंत्री को राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिये दुआ करायी। चादरपोशी से पहले मुख्यमंत्री ने खानकाह मुजीबिया के पीर सज्जादानशीं हजरत मौलाना सैयद शाह मोहम्मद अयातुल्लाह कादरी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। खानकाह-ए-मुजीबिया के प्रबंधन द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो जमा खान, पूर्व मंत्री श्याम रजक, फुलवारीशरीफ नगर परिषद के अध्यक्ष मो आफताब आलम, खानकाह-ए-मुजीबिया के सचिव मो मिनहाजुद्दीन कादरी मुजीबी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पुलिस महानिरीक्षक (सुरक्षा) विनय कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक (सुरक्षा) दीपक कुमार वर्णवाल, जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।


बिहार सरकार

**श्रम संसाधन विभाग**

**संदेश**

विश्वकर्मा पूजा के इस पावन अवसर पर राज्य के सभी श्रमिक भाई–बहनों को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई। भगवान विश्वकर्मा, जिन्हें सृष्टि के महान शिल्पकार और निर्माण के देवता के रूप में जाना जाता है, उनकी पूजा हमारे समाज में विकास, नवाचार और समृद्धि का प्रतीक है। यह पर्व हमें कड़ी मेहनत, सृजनशीलता और आत्मनिर्भरता का संदेश देता है।

हमारे श्रमिक सृजनकर्त्ता, निर्माता एवं विश्वकर्मा की संतान हैं। इनका उत्थान राष्ट्र का उत्थान है। श्रमिक भाई–बहनों की सहायता से हमारा राज्य एवं हमारा देश दिन–प्रतिदिन विकास के नये आयामों को छू रहा है। विकसित राज्य के निर्माण में श्रमिक भाई–बंधुओं की सहभागिता अतुलनीय है तथा इनके कठिन परिश्रम एवं अथक प्रयास का सार्थक परिणाम बिहार राज्य के कृषि एवं उद्योग व्यवसाय में प्रतिबिंबित हो रहा है। विश्वकर्मा पूजा का अवसर, सभी श्रमिकों की भूमिका की सराहना करने एवं उनके प्रति आभार प्रकट करने का है।

आज हम जिस बिहार को एक विकसित, आत्मनिर्भर और प्रगतिशील राज्य बनाने का सपना देख रहे है, उसमें हमारे सभी कामगार, कारीगर, श्रमिक और युवा एक मजबूत स्तंभ के रूप में कार्य कर रहे हैं। राज्य में विभिन्न श्रम अधिनियमों के प्रवर्तन के साथ–साथ योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन भी किया जा रहा है। हमें विश्वास है कि सभी श्रमिक भाई–बहन उद्योग, कृषि, निर्माण एवं अन्य क्षेत्रों में अपने कठिन परिश्रम एवं गुणात्मक प्रयास से राज्य के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। राज्य सरकार श्रमिकों के कल्याणार्थ कार्य करने हेतु प्रतिबद्ध है तथा राज्य के विकास में श्रमिकों के सहयोग को अद्वितीय मानती है।

राज्य सरकार द्वारा बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना के अन्तर्गत अनुदान की राशि को बढ़ाये जाने का कार्य किया गया है, जो प्रवासी श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में मददगार साबित होगा। यह अवसर हमें यह संकल्प लेने के लिए प्रेरित करता है कि हम अपने राज्य के हर कारीगर, श्रमिक और उद्यमी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे, ताकि बिहार को विकास और समृद्धि की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सके। भगवान विश्वकर्मा की कृपा से हम सभी को शक्ति मिले कि हम एक नए बिहार का निर्माण कर सकें, जहां हर व्यक्ति के पास रोजगार, शिक्षा और सम्मान हो।

श्रमिक भाई–बहनों एवं उनके समस्त परिवार की सुखद एवं मंगलमय भविष्य की कामना के साथ सभी को विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ।

(विजय कुमार सिन्हा)
उप मुख्यमंत्री, बिहार

PR No - 008298 ( LRD) D. 2024-25



बिहार सरकार

**श्रम संसाधन विभाग**

**संदेश**

प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी प्रदेश में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन हर्षोल्लास से किया जा रहा है। सृजन के प्रणेता भगवान विश्वकर्मा के आराधना के अवसर पर समस्त श्रमिक भाई–बहनों को अशेष शुभकामनाएँ।

राज्य सरकार श्रमिकों के आर्थिक विकास के साथ सामाजिक उत्थान एवं श्रम अधिनियमों के प्रभावकारी कार्यान्वयन के लिए कृत संकल्पित है। सरकार द्वारा श्रमिक बंधुओं के सहायतार्थ विभिन्न योजनाओं का संचालन तथा बाल मजदूरों, प्रवासी मजदूरों, निर्माण मजदूरों एवं अन्य असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के कल्याण की महत्वाकांक्षी योजनाएँ लागू की गई है। संगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों के लिए बने कानूनों का दृढ़तापूर्वक कार्यान्वयन करने के लिए राज्य सरकार निरंतर क्रियाशील है।

संगठित क्षेत्र में काम करने वाले कामगारों के लिए बने कानूनों का दृढ़तापूर्वक प्रवर्त्तन किया जा रहा है। श्रमिकों को उनके अधिकार दिलाने तथा उनकी खुशहाली के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। राज्य में उद्योग–धंधे का विस्तार किया जा रहा है जिसके साथ श्रमिक बंधुओं को भी जोड़ा जा रहा है, विभाग का प्रयास है कि यह भागीदारी सदैव बढ़ती रहे। हम राज्य के बाहर अथवा विदेश में काम कर रहे हमारे श्रमिक बंधुओं को भी अपनी ओर से बधाई देते हैं, जो अपने कर्मयोग से राष्ट्र के उत्थान में अपना अहम् योगदान दे रहे हैं। प्रवासी श्रमिकों या उनके आश्रितों को आर्थिक रूप से सबल करने के लिए राज्य सरकार द्वारा बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना, 2008 के अन्तर्गत दिये जाने वाली अनुदान राशि को बढ़ाते हुए उनके आश्रितों को अनुदान राशि दिया जा रहा है।

राज्य के विकास में सहचर की भूमिका निभाने वाले श्रमिक बंधुओं को हम अपनी ओर से नमन करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और सुखी जीवन की कामना करते हैं। हमें विश्वास है कि श्रमिक बंधु अपने कठिन परिश्रम एवं अथक प्रयास से राज्य के भविष्य निर्माण में भी अपना बहुमूल्य योगदान देते रहेंगे।

पुनः सभी श्रमिक भाई–बहनों एवं उनके समस्त परिवार की सुखद एवं मंगलमय भविष्य की कामना के साथ सभी को विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ।

(संतोष कुमार सिंह)
मंत्री,
श्रम संसाधन विभाग

PR No.- 008299 (LRD) D. 2024-25

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, मंगलवार, 17 सितम्बर, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व पार्षद समेत दो लोगों को किया गया गिरफ्तार

दानापुर नगर के रूपसपुर थाना क्षेत्र के कुसुम पुरम में हुए विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए मारपीट व फायरिंग मामले में हिरासत मे लिये गये पूर्व पार्षद समेत दो लोगो को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया मामले मे पूर्व पार्षद रमेश कुमार व दूसरे पक्ष से घायल रणवीर कुमार के ब्यान पर मामला दर्ज किया गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए पूर्व पार्षद रमेश और रणवीर को पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है

### झारखंड एसआईटी टीम ने एक मामले में दो व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार

दानापुर नगर के अंतर्गत झारखंड एसआईटी टीम एक मामले में दो अप्राथमिकी अभियुक्त को हिरासत में लेकर वापस लौट गयी। पुअनि मनीष कुमार के नेतृत्व में एसआईटी की टीम दानापुर थाना पहुंची थी। झारखंड के नामकुम थाना में दिनांक 29 जनवरी 2024 के 66 आईटीएक्ट व 12जेसीई एक्ट के तहत कांड संख्या 45/24 में अप्राथमिकी अभियुक्त आसोपुर निवासी आशुतोष राय को गिरफ्तारी को लेकर पहुंची थी। इसको लेकर बोरिंग रोड में भी छापेमारी की पर सफलता नही मिली। जांच के दौरान आशुतोष के साथ दो और लोगो के संबंध होने को लेकर झारखंड पुलिस ने दानापुर पुलिस के माध्यम से सुलतानपुर निवासी बिरेन्द्र कुमार शर्मा व मनेर के काजीमोहल्ला निवासी लोकेश कुमार गोंड को हिरासत में लिया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि परीक्षा प्रश्नपत्र में जालसाजी मामले में झारखंड पुलिस दानापुर आयी और बिरेन्द्र कुमार शर्मा व लोकश कुमार गोंड को हिरासत में लेकर पुछताछ के लिए झारखंड ले गयी है।

### तीन चोर एक आईपैड एप्पल का मैक बुक व हार्ड डिस्क के साथ किया गया गिरफ्तार

दानापुर नगर के अंतर्गत रंजन पथ लेन नंबर नव एक आईएएस के यहां चोरी मामले में तीन चोर को एक आईपैड एप्पल का मैक बुक व हार्ड डिस्क के साथ गिरफ्तार किया। 13 सिंतबर को थाना क्षेत्र के रंजनपथ लेन नंबर 9 निवासी विद्धानंद सिंह के घर से चोरो ने लैपटॉप बैग चोरी कर ली थी। बताया जाता है कि श्री सिंह के आफिस से आने के बाद उनके चालक व कार्यालय परिचारी लैपटाप बैग घर के ट्रंक पर रख कर चला गया था। देर रात चाहरदिवासी फांद घुसे चोरो ने लैपटाप बैग लेकर भाग निकले। जिसमें आईपैड (एप्पल का मैक बुक), हार्ड डिस्क, मोबाइल पेनड्राईव व अन्य आवश्यक कागजात के साथ 11 हजार रुपए थे। विद्धानंद सिंह ने दानापुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी थी। फूटेज के आधार पर बदमाश का पहचान करते हुए पुलिस ने सगुना निवासी पिंटू कुमार, चंदन कुमार व मुन्ना को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से पुलिस ने आईपैड (एप्पल का मैक बुक) व हार्ड डिस्क बरामद किया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि आईएएस अधिकारी विद्धानंद सिंह के घर से चोरो ने घटना का अंजाम दिया। सीसीटीवी फूटेज के आधार पर बदमाशो की पहचान करते हुए तीन बदमाश को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से चोरी गये आईपैड (एप्पल का मैक बुक) व हार्ड डिस्क बरामद किया गया।

### रेल गुमटी ओवरब्रिज से सीढ़ी निर्माण को लेकर सत्येन्द्र सिंह ने किया निरीक्षण

फतुहा। सोमवार को शहर के रेलवे गुमटी फुट ओवरब्रिज के उत्तर और दक्षिण तरफ से सीढ़ी निर्माण के लिए फतुहा विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सत्येन्द्र सिंह ने पीड़ित दुकानदारों की समस्या सुनी और पुल का निरीक्षण किया। दुकानदारों ने बताया कि फतुहा रेलवे गुमटी फुट ओवरब्रिज की सीधी चढ़ाई के कारण प्रतिदिन बूढ़े-बुजुर्ग बीमार व्यक्तियों एवं लगभग हर वर्ग के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और लगभग हर दिन ही इस पुल पर भारी जाम भी लग जाता है। पुल के दक्षिण दिशा में धर्मशाला है एवं उत्तर दिशा में कल्याणनाथ मंदिर है। इन सभी स्थानों पर जाने में प्रतिदिन लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिसके कारण फतुहा रेलवे गुमटी 70ए के पास सीढ़ी का निर्माण जरुरी है। वहीं सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि जल्द ही इस संबंध में हम प्रयास करेंगे कि आप लोगों की समस्या दूर हो। मौके पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिषेक झा, मिंटू जी, दयानंद जी, अनिल चौधरी, मुकेश ठाकुर, सुजेंट ठाकुर, रॉकी यादव, रामजी चौधरी, रतन चौधरी, मंटू गुप्ता सहित दर्जनों दुकानदार मौजूद रहे।

# पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में हिंदी दिवस समारोह का हुआ आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता




हाजीपुर । पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय, हाजीपुर में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया. इस अवसर पर सभी आमंत्रित अतिथियों व रेल के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी माल्यार्पण किया। हिंदी दिवस के इस विशेष अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए महाप्रबंधक श्री सिंह ने अपने हिंदी दिवस संदेश के माध्यम से कहा कि भारतीय संविधान सभा ने गंभीर विचार-विमर्श के बाद हिंदी को भारत संघ की राजभाषा का दर्जा दिया तथा हिंदी से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों को 14 सितंबर, 1949 को अंगीकार किया । इसी उपलक्ष्य में हम प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं । राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने कहा था - ह्यकोई भी देश सच्चे अर्थों में तब तक स्वतंत्र नहीं है जब तक वह अपनी भाषा में नहीं बोलताह्य । यह कथन गंभीर अर्थ रखता है । वास्तव में भाषा किसी देश व समाज के लिए सर्वाधिक महत्व रखती है । महाप्रबंधक ने अपने संदेश में कहा कि हिंदी भाषा स्वतंत्रता आंदोलन की भाषा रही है जिसके बल पर हमने ब्रिटिश साम्राज्य की गुलामी से मुक्ति पाई । यही भाषा हमारे संघर्ष और सुख-दुख की भाषा रही है और इसी के बल पर हम महान भारत के स्वप्न को साकार होते देख सकते हैं । इसीलिए जो शक्तियाँ हिंदी को मात्र एक भाषा समझती हैं वो इसके ऐतिहासिक महत्व को अस्वीकार करती हैं । हिंदी की लड़ाई अंग्रेजी या किसी अन्य भाषा के विरूद्ध नहीं है बल्कि हिंदी इस विशाल देश को सांस्कृतिक रूप से एकजुट करने का कार्य कर रही है । इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी ' बी.के.सिंह ने कहा कि आप सभी को ज्ञात होगा कि हर वर्ष हम गरिमापूर्ण तरीके से हिंदी दिवस मनाते हैं । इस वर्ष 14 सितंबर को शनिवार का दिन था इसी लिए आज हिंदी दिवस मना रहे हैं । मुख्यालय में 2 सितंबर से 25 सितंबर तक राजभाषा पखवाड़ा मनाया जा रहा है । इस दौरान हिन्दी कार्यशाला का आयोजन, हिन्दी निबंध, वाक, टिप्पणझआलेखन तथा अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए हिन्दी क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा चुका है । आप सभी को सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि मंडलों आदि में भी उत्साहपूर्वक हिंदी सप्ताह/पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है । पूर्व मध्य रेल ह्यकह्न क्षेत्र में स्थित है, इसलिए यहां अधिकांश कार्य स्वाभाविक रूप से हिंदी में ही होते हैं फिर भी ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं जिनमें और अधिक प्रयास करके हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। आज के कार्यक्रम का संचालन करते हुए उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (आई.आर) नीरज कुमार ने महाप्रबंधक सहित आगत अतिथियों और विभिन्न अधिकारियों का स्वागत करते हुए . 02 सितंबर से 25 सितंबर तक चलने वाली राजभाषा पखवाड़ा-2024 के आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित ह्लपूर्व मध्य रेल दर्पणह्न राजभाषा बुलेटिन का विमोचन महाप्रबंधक ने किया. हिंदी दिवस का मुख्य आकर्षण ह्लहिंदी के प्रचार-प्रसार में भारतीय रेल का योगदानह्न ह्लविषय पर विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया. इस गोष्ठी में अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. के. की. कृष्ण व डॉ. संजय पंकज, वरि. साहित्यकार ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। वरि.साहित्यकार डॉ. के की कृष्ण ने कहा कि हिंदी का क्षितिज पूर्व मध्य रेल पर निरंतर विस्तृत हो रहा है. हिंदी अपने समक्ष तमाम चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करते आगे बढ़ रही है. हिंदी आज के केवल साहित्य की भाषा ही नहीं अपितु विज्ञान और तकनीक की भाषा भी है. डॉ. संजय पंकज ने ह्लहिंदी के प्रचार-प्रसार में भारतीय रेल का योगदानह्न विषय पर विस्तार से अपने विचारों को साझा किया. कार्यक्रम के अंत में श्री अनिल कुमार शर्मा, राजभाषा अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# मृतक सुदर्शन वर्मा के परिजनों से मिले जनप्रतिनिधि



प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम । बीते दिन पटना जिले फुलवारी एम्स गोलम्बर के निकट बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने बिक्रम प्रखंड के दतियाना निवासी सुदर्शन वर्मा को गोली मार कर हत्या कर दी थी. जिससे घटना स्थल पर ही उनकी मित्यु हो गयी । घटना के बाद राजद नेता औरंगाबाद के सांसद अभय कुशवाहा, राजद नेत्री मधु मंजरी, राजद नेत्री सीमा कुशवाहा, समाजसेवी नागेंद्र कुशवाहा. संजय मौर्य. शैलेश वर्मा व टुनटुन वर्मा समेत नगहर पंचायत मुखिया अजीत कुमार के टीम के कई सदस्य उनके पैतृक गांव दतियाना पहुंचकर उनके परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया एवं स्व सुदर्शन वर्मा के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी` मौके पर मौजूद लोगों ने परमेश्वर से उनके आत्मा को चिर शांति प्रदान करने एवं परिजनों को इस अपार कष्ट को सहने की क्षमता प्रदान करने की प्रार्थना की।

### ट्रेन की बोगी से अंग्रेजी शराब बरामद

दानापुर खगौल रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा ट्रेन चेकिंग करने के दौरान ट्रेन दानापुर स्पेशल ट्रेन के अगला जनरल बोगी सीट नंबर 2 3 4 5 के नीचे लाल रंग के बैग एवं नीला रंग के ट्रॉली बैग से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब 19,500 लीटर शराब बरामद किया। गया जीआरपी थाना प्रभारी सुधीर कुमार सिंह ने बताएं की स्पेशल ट्रेन से टीचर स्कॉच व्हिस्की 26 बोतल बरामद किया गया अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर दी गई है

# खगौल में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस धूमधाम से निकली गई

प्रात :किरण संवाददाता



दानापुर खगौल। नगर के अंतर्गत मोहम्मद साहेब का जन्मदिन दिन मनाया गया इनका जन्म 8 जून 570 ई. को हुआ था। जुलूस-ए-मोहम्मदी ने अमन, शांति और भाईचारगी का पैगाम दिया। सुबह 9 बजे से बड़ी खगौल फाटक, नीमतल्लाह रोड, छोटी खगौल, जमालुद्दीन चक, बड़ी बदलपुरा, घिरनी, सरारी गांव और मुहल्लों से हजारो लोग पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहेब के चाहने वाले दीवानों ने अकीदत और मोहब्बत के साथ दुनिया को शांति का पैगाम देने वाले पैगम्बर हजरात मोहम्मद साहेब के ईद-मिलाद-उन-नबी हजरात मोहम्मद साहेब जन्म दिवस के अवसर पर मोहम्मद वसीम अशरफी की रहनुमाई में काफिला जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाल कर खगौल में आपसी भाईचारगी और शांति का सन्देश दिया।पैगम्बर हजरात मोहम्मद साहेब ने अरब की उस पवित्र सरजमीं पर उस वक़्त तशरीफ लाये जिस वक़्त वहां औरतों पर जुल्म किया जाता था और उनके जीने के हक को बेदखल कर दिया गया था। जिस तरह से आज कन्या भूर्ण हत्यायें हो रही है उसी तरह से अरब मुल्क में भी बच्ची पैदा होते ही उसे जिंदा दफन कर दिया जाता था। जिसके करण वहां इंसानियत और औरतों के अधिकार नाम की कोई चीज नहीं थी। इसलिए हजरात मोहम्मद साहेब ने सबसे पहले औरतो को जीने का हक दिलाया और बच्चियों को मौत से निजात दिलाकर उनको भी जीने का हक दिलाया। उस वक़्त अरब मुल्क में आपसी भाईचारगी नाम की कोई चीज नहीं थी। इसलिए उन्होंने ने आपस में भाईचारगी और इंसानियत के रास्ते पर चलने का भाईचारगी और शांति का पैगाम दिया।जब सभी जगह का जुलूस मोती चौक पर आकर मिला तो चारों तरफ से आवाज आ रही थी सरकार की आमद मरहबा या रसूलल्लाह आप के नाम से जिंदा हैं और आप का नाम लेकर मेरी रूह मेरी जिस्म से निकले। इसमें कई नातख्वाह भी शामिल हुए और जुलूस में शामिल लोगों के लिए जगह-जगह पर हर तरह की खाने पीने की इंतजाम किया गया था। जुलूस में शामिल लोग एक दूसरे से गले मिल कर ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दे रहें थे।इस अमन व शांति जुलूस में मोहम्मद वसीम अशरफी, हाफिज व कारी अल्हाज मोहम्मद मिफताउर रब अशरफी, मौलाना हाफिज अजमत, अल्हाज सोहैल अख्तर फारुकी, अमानुल्लाह कादरी, पूर्व नगर उपाध्यक्ष सुनील कुमार, अध्यक्ष सुजीत कुमार, मोहम्मद लड्डन ताज एकता कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद शाहनवाज उर्फ रिंकू, मोहम्मद पिंटू, आफताब आलम, मोहम्मद गुड्डू, मोहम्मद शादाब के अलावा हजारों लोग के अलावे जामे मस्जिद, छोटी खगौल के सचिव शोएब कुरैशी इसमें शामिल थे। अंत में सभी जुलूस में शामिल लोगों ने दुनिया और अपने देश में अमन-शांति और भाईचारगी कायम रखने के लिए सामूहिक दुआ की गयी।

# प्रीपेड मीटर के खिलाफ व 300 यूनिट बिजली फ्री देने को धरना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




मालसलामी थाना के नजदीक स्मार्ट प्रीपेड मीटर वापस लेने एवं अन्य राज्यों की तरह बिहार में 300 यूनिट बिजली फ्री देने की मांग को लेकर नागरिक अधिकार मंच के द्वारा एक दिवसीय धरना सोमवार को दिया गया। इसकी अध्यक्षता राजद नेता मुन्ना जायसवाल एवं संचालन सीपीआई नेता शंभू प्रसाद ने किया।

धरना में कांग्रेस नेता राजकुमार राजन, पूर्व पार्षद सह राजद नेता बलराम चौधरी, सीपीआई नेता देवरत्न प्रसाद, राजद नेता मोहम्मद जावेद, विनोद यादव एवं पूर्व पार्षद प्रदीप मेहता ने कहा कि बिहार एक गरीब राज्य है। यहां बिहार सरकार सबसे ज्यादा महंगी बिजली बेच रही है। पुलिस प्रशासन का भय दिखा कर जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है, जबकि बिजली मंत्री विजेंद्र यादव या सरकारी अधिकारी के आवास पर अभी तक स्मार्ट मीटर नही लगा है। मुख्यमंत्री हमेशा विशेष राज्य की दर्जा की बात बिहार के लिए करते आए हैं। जाति जनगणना में भी 94 लाख लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने का रिपोर्ट आया है। जब विधायक एवं मंत्री को तीन हजार यूनिट बिजली फ्री बिहार में दी जा रही है, तो बिहार के आम जनता को तीन सौ यूनिट बिजली फ्री क्यों नहीं। माले नेता राम नारायण सिंह, सीपीएम नेता अमोद कुमार, पूर्व पार्षद शिव मेहता, उमेश पंडित, अरविंद कुमार सिंह, अजीत सिंह कुशवाह, पप्पू द्विवेदी, दिलीप यादव, रतन यादव, शिवनाथ प्रसाद, शिक्षक नेता डॉ भोला पासवान, एजाजुद्दीन उर्फ सानू आदि ने प्रीपेड मीटर को जनहित में कुठाराघात बताया। इन सबों ने कहा है कि बिहार सरकार जब तक प्रीपेड मीटर लगाने का आदेश वापस नहीं लेगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

धरना में सीपीआई नेता उद्यगन राय, राजद नेता अशोक यादव, रजनीश कुमार राय, सतीश यादव, चंदन यादव, पंकज रजक, जितेंद्र प्रसाद, सूर्य नारायण चौधरी आदि ने भी संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं बिहार सरकार पूंजीपतियों की सरकार है। सिर्फ गरीबों को पांच किलो राशन देकर गरीब जनता को ठग रही है। जबसे सरकारी संस्थाएं प्राइवेट कंपनी के हाथों दी है, तब से यह देश बबार्दी की ओर बढ़ रहा है।

# जत्थेदार कुलदीप सिंह भोगल का तख्त पटना साहिब में सम्मान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पिछले 40 वर्षों से 1984 सिख कत्लेआम पीड़ितों को इंसाफ और कातिलों को सजा दिलाने के लिए निरंतर संघर्ष करने वाले अखिल भारतीय 1984 दंगा पीड़ित राहत कमेटी के अध्यक्ष जत्थेदार कुलदीप सिंह भोगल पटना साहिब पहुंचे उनका तख्तश्री पटना साहिब की कमेटी ने सिरोपा देकर सम्मानित किया। जत्थेदार भोगल ने कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह सहित पूरी कमेटी का आभार प्रकट किया। तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने बताया कि जत्थेदार कुलदीप सिंह भोगल दिल्ली, कानपुर, बोकारो आदि राज्यों में 1984 सिख कत्लेआम पीड़ितों को इंसाफ और कातिलों को सजा दिलाने को निरंतर संघर्ष करते आ रहे हैं। साथ ही ऐसे लोगों के कारण ही सज्जन कुमार जैसे दोषी सलाखों के पीछे जा सके हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर कांग्रेस पार्टी, जिसने इस देश में सिख कौम पर कत्लेआम किया और 40 वर्षों तक इंसाफ भी नहीं मिल सका। कारण कि इस देश में ज्यादातर कांग्रेस की ही सरकारें रहीं, मगर जब से नरेन्द्र मोदी की सरकार आई, तो कातिलों को सजाएं मिलनी शुरू हुई। इसी के चलते सज्जन कुमार जेल में गए और जगदीश टाइटलर सहित अन्य लोगों पर भी मुकदमा चल रहा है। श्री सोही ने कहा कि गुरु महाराज जत्थेदार कुलदीप सिंह भोगल को लंबी आयु बख्शें, ताकि वह आगे भी इस लड़ाई को जारी रख सकें। तख्तश्री कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह एवं मीडिया प्रभारी सुदीप सिंह द्वारा जत्थेदार कुलदीप सिंह भोगल को सिरोपा भेंट किया गया। दरबार साहिब में इस दौरान कथावाचक सुखदेव सिंह ने सिरोपा प्रदान करने में सहयोग किया।

# हजरत पैंगबर के जीवन दर्शन में हिंसा व नफरत का स्थान नहीं

## मोहम्मद साहेब के यौमे पैदाइश पर नातिया मुसाबका, निकाला जुलूस हुआ कार्यक्रम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पैंगबर हजरत मोहम्मद साहेब का जीवन दर्शन में हिंसा व नफरत का स्थान नहीं है। यह बात जयंती पर आयोजित समारोह में वक्ताओं ने सोमवार को कही। मंगल तालाब स्थित उर्दू मैदान में अंजुमन ए मोहम्मदिया की ओर से पैंगबर हजरत मोहम्मद साहेब के यौमे पैदाइश पर आयोजित जयंती समारोह में बच्चों का नातिया मुसाबका हुआ। अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष प्रो सैयद शमशुल हुसैन, महासचिव इरशाद अहमद, प्रवक्ता मो साबिर अली व पूर्व महासचिव मेराज जेया, परवेज अहमद ने किया। संयोजक आसिम सिद्दीकी की देखरेख में हुए मुसाबका में बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मंगलवार को महिलाओं के लिए सिरत क्रांफ्रेंस होगा। खानकाहे एमादिया मंगल तालाब में सज्जादानशीं सैयद शाह मिसबाह उल हक एमादी की देखरेख में आयोजित जयंती समारोह में खाजेकलां नवाब मंजिल से काफिला ए मोहम्मदिया निकला। यह खानकाह मंगल तालाब तक आया। खानकाह में नमाज के बाद सलाम व दुआ हुई। इसके बाद जियारत कराई गई। इसी प्रकार खानकाहे मुनएमिया मितन घाट दरगाह शरीफ में सज्जादानशीं सैयद शाह शमीम उद्दीन अहमद मुनएमी की देखरेख में जयंती मनायी गई। जायरीनों को जियारत मुए मुबारक कराया गया। वारगाहे इश्क तकियाशरीफ, मितनघाट में भी खानकाह के गद्दीनशीं सैयद ख्वाजा आमिर शाहिद की ओर से कदम ए रसूल की जियारत कराई गई। सुल्तानगंज स्थित खानकाह हजरत दीवान शाह अरजानी में गद्दीनशीं डॉ सैयद शाह हसीन अहमद की अध्यक्षता में जयंती मनाई गई। खानकाह फैयाजिया, सिमली में भी ईद मिलादु नवीं पर गद्दीनशीं सैयद शाह गुलाम हुसैन फैयाजी की देखरेख में तकरीर हुई। सुल्तानगंज से ईद मिलादुनवी के जूलूस निकाल कर दर्जनों की संख्या में लोग अंजुमन इस्लामिया हॉल में शामिल होने पहुंचे। इसमें नात की प्रस्तुति देते चल रहे थे। इस दौरान विधि-व्यवस्था के लिए सुल्तानगंज के थानाध्यक्ष अजय कुमार, शांति समिति सदस्य बसी अख्तर, गणेश कुमार, अंजुम आलम, बहादुर, कलीम इमाम, दौलत इमाम समेत अन्य शामिल थे।

# मुन्ना शर्मा के परिवार की चिंता करते हुए न्याय भी दिलाएंगे : रविशंकर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



भाजपा के वरीय नेता श्याम सुंदर शर्मा उर्फ मुन्ना बाबा की हत्या से वह खाता मर्माहत हैं। मगर वह आश्वस्त करते हैं कि वह सभी भाजपा के लोग उनके परिवार की चिंता भी करेंगे और उन्हें पूरा न्याय दिलाने का भी काम करेंगे। यह बात पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद रविशंकर प्रसाद ने मुन्ना बाबा के परिजनों से मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। श्री रविशंकर ने कहा कि श्याम सुंदर शर्मा जनसंघ कार्यकाल से लेकर अब तक एक निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में पार्टी और जनता की सेवा की है। वह दिल्ली में जरूरी बैठक और कार्य से थे। उनकी हत्या से वह खासा दुखी और मर्माहत हैं। शनिवार को उनकी पुलिस महानिदेशक आलोक राज से बात हुई है। आगे जो करने वाले हैं, उस संबंध में उन्होंने बताया है। साथ ही आश्वस्त किया है कि वह पूरे मामले का फास्ट ट्रैक ट्रायल कराएंगे। सांसद ने कहा कि स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां नशापान और खासकर स्मैकिंग बढ़ गया है। बिहार के नए पुलिस कप्तान और पुलिस पदाधिकारी ने इस बात को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करने की बात कही है। इस पर नियंत्रण भी होना चाहिए। नए ऑफिसर जो पदस्थापित किए गए हैं, वह अच्छे हैं और जल्द ही ज्वाइन कर अपने कार्य को अंजाम देना शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा परिवार और वे सब मिलकर मुन्ना बाबा के परिवार की चिंता करेंगे और उन्हें पूरा न्याय दिलाने का काम करेंगे। जब मीडिया ने कहा कि उनकी हत्या के बाद एकमात्र की ही गिरफ्तारी हो पाई है। इसके जवाब में डीजीपी ने कहा कि पुलिस अपना काम कर रही है। इस मामले में जल्द ही अन्य गिरफ्तारियां भी होंगी। उन्होंने डीजीपी से अपील भी की है कि वे शुरू में यहां पोस्टेड रहे हैं। एक बार फिर सिटी में उन्हें आना चाहिए। अपने लेवल से भी पुलिस और अपराध से संबंधित मॉनिटरिंग किया जाना चाहिए। सांसद रविशंकर के साथ अधिवक्ता नवीन कुमार सिन्हा, नित्यानंद सिंह, सुरेश सिंह पटेल, चंद्रशेखर शर्मा आदि उपस्थित थे।

# पोषण माह में एनीमिया के टेस्ट, ट्रीट और टॉक पर जोर

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। पटना के पंडारक प्रखंड स्थित अजगरा गांव निवासी निभा पांच महीने की गर्भवती हैं। उन्होंने अपने निकट के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर आरोग्य सत्र दिवस के दौरान अपना हेमोग्लोबीन चेक कराया। उनका एचबी लेवल 6.7 था। वह एनीमिक थीं। लिहाजा उन्हें आयरन फॉलिक एसिड की गोली और एनीमिया से बचने के लिए उचित मार्गदर्शन भी मिला। सूबे में पूरे सितम्बर माह में चल रहे पोषण माह के अंतर्गत एनीमिया दर में कमी के लिए विशेष तरीके का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अंतर्गत टेस्ट, ट्रीट और टॉक का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस विधि में राज्य के सभी जिलों में गर्भवती महिलाओं और किशोरियों की डिजिटल विधि से रक्त की जांच की जा रही है। जांच में कमी पाए जाने पर उनका उपचार किया जा रहा है। टी थ्री शिविर में लोगों में उचित आहार की आदतों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ एनीमिया की रोकथाम पर परामर्श भी दिया जा रहा है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (पांचवें) के अनुसार, बिहार में 15 से 49 वर्ष तक की 40 प्रतिशत महिलाओं में एनीमिया की शिकायत है। एनीमिया मुक्त भारत की रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल से जून) में राज्य के 95.4 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को 180 रेड आयरन फॉलिक एसिड की गोली दी गयी। इसके अलावा 42.4 प्रतिशत धातृ महिलाओं को भी रेड आईएफए की टेबलेट दी गयी है। शारीरिक दिक्कत के साथ गर्भावस्था को भी प्रभावित करता है एनीमिया पोषण पुनर्वास केंद्र (शिवहर) में डायटीशियन चित्रा मिश्रा कहती हैं कि एनीमिया शारीरिक दिक्कत के साथ मानव स्वास्थ्य और विकास के कई क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है। एनीमिया से जूझ रहे व्यक्ति अक्सर थकान, कमजोरी और कम प्रोडक्टिविटी का अनुभव करते हैं, जिससे उनकी प्रगति करने और समाज में सार्थक योगदान देने की क्षमता बाधित होती है। इसके अलावा, गर्भावस्था के दौरान एनीमिया मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम पैदा करता है, जिससे जन्म के समय कम वजन, समय से पहले जन्म और मातृ मृत्यु जैसे प्रतिकूल परिणामों की संभावना बढ़ जाती है। बच्चों में, एनीमिया संज्ञानात्मक विकास में बाधा डालता है, सीखने की क्षमता को खराब करता है और गरीबी और अल्प उपलब्धि के चक्र को कायम रखता है। कार्यक्रमों के संचालन से एनीमिया को हराने की मुहिम एनीमिया जैसे गंभीर मुद्दे पर स्वास्थ्य विभाग पहले से ही अपने स्तर से कई कार्यक्रम चला रहा है। इसमें स्तनपान को बढ़ावा, होम बेस्ड यंग चाइल्ड कार्यक्रम, गृह आधारित नवजात की देखभाल, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम, वीएचएसएनडी स्तर समेत अन्य स्तर पर जागरूकता सहित अन्य कार्यक्रम प्रमुखता से चलाए जा रहे हैं।

# स्कूल एसो. ऑफ बिहार का हुआ सदस्यता ग्रहण समारोह




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

स्कूल एसोसिएशन ऑफ बिहार का सदस्यता ग्रहण समारोह का आयोजन पादरी की हवेली स्थित बिजली ऑफिस गली में हुआ। इसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष शंकर चौधरी ने किया। समारोह में सैकड़ों निजी स्कूल संचालकों ने एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण किया। साथ ही अक्टूबर में आयोजित होने वाले बिहार शिक्षा रत्न सम्मान समारोह के कार्यक्रम पर भी चर्चा की गई। सबों ने बारह सौ शिक्षकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। समारोह में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार, महासचिव केके सिंह, सचिव नागेंद्र पाण्डेय, कार्यक्रम संयोजक शिवनाथ सिंह, मीडिया प्रभारी आदिल अहमद, कोषाध्यक्ष अमित पांडेय, सुरेंद्र सर, कृष्णा सिंह, अशोक मिश्रा, संजय मिश्रा, अविनाश कुमार, सतीश सिंह, नसीम सर, अरुण पटेल, मनोज सर, मुकेश सिंह, रवि सर, जीवेश सर, लेखा जी, मंजू देवी, शालू मिस, कुमार सर सहित विक्रम, बिहटा, फतुहा, बख्तियारपुर, अथमलगोला, बाढ़, अनिसाबाद, फुलवारीशरीफ, पिपलावां आदि से विद्यालय के प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

# एनएमसीएच के सर्जरी विभाग में लगा लेप्रोस्कोपिक मशीन, हुआ ऑपरेशन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

एनएमसीएच के सर्जरी विभाग के ऑपरेशन थियेटर में नया लेप्रोस्कोपिक मशीन इंस्टॉल कर दिया गया है। सोमवार को इसका उद्घाटन अधीक्षक डॉप्रो बिनोद कुमार सिंह ने किया। इस दौरान विभागाध्यक्ष डॉप्रो पीडी वर्मा ने अधीक्षक सहित अन्य का स्वागत किया। बीएमआई एससीएल से चयनित एवं अनुशंसित हीजर्स जर्मनी के नये लेप्रोस्कोपिक सर्जरी सेट का सफलतापूर्वक अधिष्ठापन किया गया । यह लेप्रोस्कोपिक सेट 4के यूएचडी कैमरा/एंडोविजन सिस्टम से सुसज्जित है। मशीन का परफॉर्मेंस उत्कृष्ट रहा है। इस मशीन से वैशाली जिला के राघोपुर की मरीज श्रीमती संगीता देवी (उम्र 36 वर्ष) के गॉल ब्लाडर का आपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। नयी मशीन से बिहार की जनता को सरकारी स्तर पर विश्वस्तरीय ऑपरेशन की सुविधा सुलभ हो गई है। मशीन का उद्घाटन अस्पताल के अधीक्षक डॉप्रो बिनोद कुमार सिंह द्वारा किया गया। ऑपरेशन सर्जरी के विभागाध्यक्ष डॉप्रो प्रणव दत्त वर्मा के द्वारा उनकी टीम के सदस्य सहायक प्राध्यापक डॉ रजनीश चंद्रन, सहायक प्राध्यापक डॉ मनोज कुमार जायसवाल, सर्जरी के स्नातकोत्तर छात्र चंद्र प्रकाश एवं स्टाफ इंचार्ज सिस्टर नजराना वारसी द्वारा किया गया। मरीज को निश्चेतना प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉप्रो बिजॉय कुमार, डॉ गुरुमुख प्रसाद, डॉ मोतीलाल दास एवं उनकी टीम के द्वारा दी गई। हेजर्स जर्मनी की तरफ से संदीप राय, अरविंद कुमार एवं जयप्रकाश मशीन अधिष्ठापन में सक्रिय रहे।

# राहुल गांधी के डीएनए में आरक्षण विरोधी नीतियां : सम्राट

## जब तक मोदी हैं तब तक कोई आरक्षण को छू भी नहीं सकता

● वित्त रहित स्कूलों के अनुदान का बकाया राशि जल्द भुगतान किया जाएगा : सुनील

पटना, प्रात : किरण संवाददाताह



बिहार के उप मुख्यमंत्री सह बिहार भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने आरक्षण को लेकर काँग्रेस और इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के डीएनए में ही आरक्षण विरोधी नीतियां हैं। उन्होंने कहा कि गांधी ने विदेश में जाकर लोकतंत्र का न केवल मजाक उड़ाने का काम किया बल्कि संविधान में बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर द्वारा दिए आरक्षण का भी मजाक उड़ाया। उन्होंने भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित नेहरू ने भी आरक्षण का विरोध करने के लिए सभी तत्कालीन मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा था। यही नहीं राहुल गांधी की दादी इंदिरा गांधी ने गरीबो, पिछड़ों को आरक्षण नहीं मिले इसके लिए काम किया था। राहुल गांधी के पिताजी राजीव गांधी ने जब मंडल कमीशन आया तब उसका विरोध किया। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि पूरा गांधी परिवार ने ही समय-समय पर आरक्षण का विरोध किया। जिस तरह राहुल गांधी विदेश में जाकर आरक्षण का विरोध कर रहे हैं उससे साबित हो रहा है कि उनका डीएनए ही आरक्षण विरोधी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को आरक्षण देने का काम कभी आंध्र प्रदेश में तो कभी कर्नाटक में करती है। और जितने भी अल्पसंख्यक विश्वविद्यालय है वहां आरक्षण को समाप्त करने का काम कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों ने किया। कांग्रेस एक्सपोज हो चुकी है, यही कारण है कि जनता ने सही फैसला लेते हुए तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते रहे हैं कि इस देश मे जब तक मोदी की सरकार है, आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर भाजपा जब भी सत्ता में रही आरक्षण का समर्थन किया। बिहार में जब कपूर्री ठाकुर की सरकार बनी और अति पिछड़ा को आरक्षण मिला तब भी जनसंघ के सहयोग था। मंडल कमीशन जब वी पी सिंह की सरकार ने लागू किया तब भी भाजपा समर्थन में थी। श्री चौधरी ने कहा कि आज राजद के नेता लालू यादव भी उसी राहुल गांधी की गोद मे खेल रहे हैं जो इन्हें मुखिया का चुनाव लड़ने तक का नहीं छोड़ा है। उन्होंने कहा कि लालू यादव की पार्टी 1990 से 2005 तक बिहार की सत्ता में रही लेकिन किसी को आरक्षण नहीं दिया। काँग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता चुनाव के दौरान आरक्षण और संविधान खतरे में है, कि बात करते हैं लेकिन आज राहुल गांधी के विदेश में जाकर आरक्षण समाप्त करने का बयान दे रहे उस पर कुछ नहीं बोलते। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि एक दौर में 30 वर्ष के युवा स्वामी विवेकानंद ने विदेश की धरती पर ज्ञान का अथाह समुद्र उड़ेलकर देश को गौरवान्वित किए थे और आज 54 वर्षीय युवा राहुल गांधी विदेश की धरती पर लोकतंत्र का मजाक बना रहे है। गांधी ने यह साबित किया कि वे देश तोड़ने वाली शक्तियों के साथ हैं, वह देश को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। प्रेस वार्ता में मीडिया संयोजक दानिश इकबाल, मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा, सह मीडिया प्रभारी अमीत प्रकाश बबलु, प्रभात मालाकार उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार ने सौ दिनों में रखी विकसित भारत की मजबूत बुनियाद : विजय

## कहा- बेहतर नतीजे को जमीन पर उतारने के लिए तत्पर है सरकार

पटना, प्रात : किरण संवाददाताह



बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बनी केंद्र सरकार के पहले 100 दिनों के कामकाज में निरंतरता के साथ सतत विकास की स्पष्ट झलक मिली है। इस सरकार ने लोगों के सामने आपसी सहमति और तालमेल का शानदार उदाहरण लोगों के सामने रखा है। एनडीए के सभी घटक दलों के दृष्टिकोण का सम्मान करते हुए केंद्र सरकार देश की प्रगति के रोडमैप को आगे बढ़ाने में जुटी है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि पहले 100 दिनों के भीतर मोदी जी की ठऊअ सरकार ने लगभग 15 लाख करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं को स्वीकृत किया है । इनमें से 11 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएं देश के फिजिकल, डिजिटल और सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास से जुड़ी हैं । केंद्र सरकार ने रेल, सड़क, जल एवं वायु परिवहन से जुड़ी 3 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। एनडीए सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिनों में बुनियादी ढांचे से जुड़े पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 11 लाख करोड़ रुपए से अधिक कर दिया। जिसका सीधा असर देश के रोजगार परिदृश्य पर होने जा रहा है। श्री सिन्हा ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार कल्याणकारी नीतियों के जरिये आम नागरिकों के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मिसाल के तौर पर हाल ही में आयुष्मान भारत योजना के तहत देश के 70 वर्ष से अधिक के हर नागरिक को 5 लाख रुपए तक के स्वास्थ्य बीमा से आच्छादित करने का ऐतिहासिक काम हुआ है। जिसका सीधा लाभ हमारे 6 करोड़ से अधिक वृद्धजनों को होगा। वहीं हमारे देश की 18 प्रतिशत आबादी 15 से 24 वर्ष आयुवर्ग की है। इस आबादी को स्वास्थ्य क्षेत्र से जोड़ने के लिए मेडिकल शिक्षा पर विशेष बल देते हुए 70 हजार सीटों का इजाफा किया गया है। श्री सिन्हा ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने दुनियाभर में भारत का कद बढ़ाया है। यथार्थवादी व्यवहारिक विदेश नीति को रीढ़ बनाकर दुनिया के देशों से भारत के संबंधों को मजबूत किया गया है। वर्तमान केंद्र सरकार रक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, प्राद्यौगिकी तथा स्पेस के क्षेत्र में नवाचार और विकास को गति दे रही है । कृषि के डिजिटलीकरण तथा सेमीकंडक्टर क्षेत्र को बढ़ावा देने के प्रयासों को इस संबंध में देखा जा सकता है। श्री सिन्हा ने कहा कि निश्चित रूप से हमारे बिहार को भी डबल इंजन की सरकार होने का फायदा मिल रहा है। केंद्र सरकार के सहयोग से माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में विकसित भारत में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले विकसित बिहार बनाने की दिशा में बढ़ रहे हैं। केंद्र सरकार से बेहतर तालमेल के साथ राज्य सरकार साफ नीयत, स्पष्ट नीति और बेहतर नतीजे को जमीन पर उतारने की दिशा में हर दिन तत्पर है।

## राजद के सदस्यता अभियान की शुरूआत 19 से : एजाज

पटना, प्रात : किरण संवाददाताह

राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि 19 सितम्बर को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद नई दिल्ली स्थित डॉ मीसा भारती के आवास 37, पंडारा पार्क से और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव पटना स्थित राजद कार्यालय 02, वीरचंद पटेल पथ के कपुर्री सभागार से राजद के सदस्यता अभियान की शुरूआत करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण भी उपस्थित रहेंगे इस अवसर पर नई दिल्ली में सदस्यता अभियान के समय लोकसभा सदस्य, राज्यसभा सदस्य, पूर्व सांसद,राष्ट्रीय पदाधिकारी और दिल्ली इकाई के पदाधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष सदस्य लेगे। पटना में विधायक, विधान पार्षद, पूर्व विधायक, पूर्व विधान पार्षद ,प्रदेश पदाधिकारी ,सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेतागण भी उपस्थित रहकर सदस्यता ग्रहण करेंगे। ज्ञातव्य हो कि पहले 18 सितंबर से सदस्यता अभियान शुरू होना था, लेकिन अब उसे बढ़ाकर 19 सितंबर कर दिया गया है। नई दिल्ली और पटना में एक साथ सदस्यता अभियान की शुरूआत दिनांक 19 सितंबर से होगी।

# सूबे में अपराध बेलगाम, अपराधियों में प्रशासन का खौफ नहीं : तेजस्वी

## बोलें-खत्म हो चुका है सरकार का इकबाल



पटना, प्रात : किरण संवाददाताह

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अपराध व कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर हलगातार हमलावर बने हुए हैं। इसी कड़ी में एक बार फिर सोमवार को कार्यकर्ता जन संवाद कार्यक्रम के दौरान अपराध और कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरा है। मुजफ्फरपुर जिले का दौरे पर तेजस्वी ने कहा कि बिहार में अपराध बेलगाम हो चुका है। अपराधी सरकार के चंगुल से बाहर हो चुके हैं। बिहार सरकार का इकबाल खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार अब तो अपने खुफिया विभाग के लोगों द्वारा हमारी निगरानी करवा रही है। बीते दिनों दरभंगा में उनके लोग हमारे कार्यक्रम में लगाए गए। तेजस्वी डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा के सत्ता में रहने पर विदेश दौरा करने और सत्ता से बाहर आते ही जनता और कार्यकर्ता सम्मलेन करने वाले बयान पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हम तो हमेशा से ही जनता के बीच में रहने वाले हैं और घूमते हुए रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हमारा पासपोर्ट ही इन लोगों द्वारा जब्त कर लिया गया है तो ऐसे में क्या हम बाहर जा सकते हैं? जो लोग आरोप लगाते हुए कहते हैं, वे लोग पहले खुद में देखें। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर पर तेजस्वी यादव ने बड़ा हमला किया। उन्होंने कहा कि जो लोग एक घंटे के अंदर बिहार में शराबबंदी को खत्म करने की बात कहते हैं, वे पहले गांधी जी को मानना बंद कर दें। प्रशांत किशोर को पहले अपने पास महात्मा गांधी की तस्वीर को लगाना बंद कर देना चाहिए। खुद महात्मा गांधी शराबबंदी के पक्षधर थे तो क्या प्रशांत किशोर को महात्मा गांधी को पहले मानना बंद कर देना चाहिए? ऐसे में तो लोगों के बीच मतिभ्रम होगा कि महात्मा गांधी को मानने वाले ऐसी बात करते हैं। तेजस्वी ने बिहार में हो रहे सर्वेक्षण को लेकर सवाल उठाया कि इस सर्वे को सरल और सुगम बनाया जाना चाहिए। हर जगह पर लूट और भ्रष्टाचार बढ़ा हुआ है। वहीं, इस दौरान तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि पीएम मोदी बिहार के विकास और स्पेशल स्टेटस देने की बात करते हैं। लेकिन हकीकत यह है कि पीएम मोदी की मानसिकता बिहार के विरोध वाली है। बिहार के लिए अच्छा नहीं चाहते हैं पीएम मोदी। राजद नेता ने कहा कि पीएम मोदी देश के विकास की जगह, बढ़ती हुई महंगाई की जगह पर पाकिस्तान, बांग्लादेश और कश्मीर की बात करते हैं। यहां पर आम आदमी की मुश्किल और परेशानी से कोई भी इनको लेना-देना नहीं है।

# अपराध को लेकर राजद का आरोप बेबुनियाद : मंगल

## सरकार को बदनाम करने का कुत्सित प्रयास



पटना, प्रात : किरण संवाददाताह

स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय ने कहा कि राजद 15 साल के लालू-राबड़ी राज की प्रेतछाया से बाहर निकलने के लिए छटपटा रहा है। मगर बिहार की जनता जानती है कि लालू के राज में कैसे सीएम हाउस से अपराधियों को संरक्षण मिलता था। भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी को बढ़ावा दिया जाता था। इसी के लिए लोग उनके कुशासन वाले राज को आज तक नहीं भूले हैं। उन्होंने कहा कि लालू यादव को अपराध, भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी के लिए याद किया जाता है। उनके राज में सीएम हाउस अपराधियों व अपहरणकताओं का पनाहगाह बन गया था। आज कोई वारदात होती है तो तुरंत कार्रवाई भी होती है। अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण गुजरे दिनों की बात हो गई है। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार न किसी को फंसाती है और न बचाती है। श्री पांडेय ने कहा कि आज नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सुशासन का राज है। यहां अपराध करने वालों को छोड़ा नहीं जाता है। तुरंत कार्रवाई होती है और क्रिमिनल को पकड़कर जेल में डाल दिया जाता है। आज राज्य में ऑर्गनाइज्ड क्राइम, फिरौती के लिए अपहरण आदि नहीं होता है। कोई भी क्राइम करके बच नहीं सकता है। अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने की पुलिस को खुली छूट है। लेकिन लालू के राज में पुलिस एफआईआर दर्ज करने के लिए भी अपने राजनीतिक आका की ओर देखती रहती थी। श्री पांडेय ने कहा कि बिहार की जनता जानती है कि लालू राज में कैसे भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी को बढ़ावा दिया जाता था। अपने राजनीतिक स्वार्थ में उन्होंने न केवल बिहार को लूटा, बल्कि राजनीति का अपराधीकरण भी किया। उन दिनों जातीय उन्माद व राजनीतिक वर्चस्व को लेकर जमकर नरसंहार भी हुए। इसलिए आज राजद चाहे जितना भी ड्रामा करें,गलतबयानी करें, बिहार की जनता लालू-राबड़ी कुशासन के 15 साल को भूलने वाली नहीं है।

# 3500 पैसेंजर ट्रेनें बंद करने का फैसला वापस ले सरकार : भाकपा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने भारतीय रेलवे द्वारा लोकल पैसेंजर ट्रेनों को बंद करने के फैसले को जन विरोधी करार दिया है। उन्होंने केंद्र सरकार से पैसेंजर ट्रेन को बंद करने के फैसले को वापस लेने की मांग की। भाकपा राज्य सचिव ने बयान जारी कर कहा कि रेल मंत्रालय ने 200-350 किलोमीटर के बीच चलने वाली लगभग 3500 यात्री ट्रेनों को चरणबद्ध तरीके से बंद करने का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों के स्थान पर महंगी बंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का फैसला लिया है। पैसेंजर ट्रेनों का बंद करना जन विरोधी फैसला है। पैसेंजर ट्रेनों से अधिकांश गरीब, मजदूर, छात्र, नौजवान सफर करते हैं। पैसेंजर ट्रेनों के मुकाबले बंदे भारत एक्सप्रेस का किराया काफी महंगा है। गरीब, किसान, मजदूर, छात्र आदि महंगे वंदे भारत एक्सप्रेस से यात्रा नहीं कर सकते हैं। जिन लोकल पैसेंजर ट्रेनों को बंद करने का फैसला लिया गया है, उसमें रोजाना करीब 56 लाख यात्री सफर करते हैं। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि कोरोना काल में हजारों पैसेंजर ट्रेनों को बंद कर दिया गया था जिसका अभी तक परिचालन शुरू नहीं हुआ है। वरिष्ठ नागरिक को मिलने वाली सुविधाओं को भी बंद कर दिया गया है। केंद्र की मोदी सरकार सभी फैसला पूंजीपतियों के हित में लेती है। जिसका ताजा उदाहरण पैसेंजर ट्रेनों का बंद करना है। भाकपा राज्य सचिव ने केंद्र सरकार से पैसेंजर ट्रेनों को बंद करने के फैसलें का वापस लेने और कोरोना काल में बंद किये गए सभी पैसेंजर ट्रेनों का पुनः परिचालन शुरू करने की मांग की है।

# आकिंचन्य से हर्ष एवं विषाद में सुख दुःख की स्थिति से मुक्ति पाएं



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पर्युषण पर्व में आत्मा के दस स्वभाव पर कैसे विजय पाया जाए इसी को बताया जाता है। दस दिवसीय जैन पर्युषण पर्व के नवें दिन उत्तम आकिंचन्य धर्म की पूजा होती है। जैन आज श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर मंदिर काँग्रेस मैदान, कदमकुआं सहित मीठापुर , मुरादपुर, गुलजारबाग आदि जैन मंदिरों में शान्ति धारा ,पूजा किया गया। काँग्रेस मैदान, कदमकुआं जैन मंदिर में सात प्रतिमाधारी ब्रह्मचारिणी प्राची दीदी एवं तीन प्रतिमाधारी पूजा दीदी ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित जैन श्रावकों को मानव धर्म उत्तम आकिंचन्य धर्म की संगीतमय पूजा कराई। पूरे पूजा को अपने संगीत से पिरो रहें हैं फिरोजाबाद से पधारे मशहूर जैन संगीतकार शैंकी जैन एवं उनकी पार्टी तथा पूजा में सभी श्रावकों को सहयोग कर रहे हैं सागर से पधारे पुजारी पवन जैन। इस दसलक्षण पूजा में यहाँ इन्द्र इन्द्रानी के रूप में पूजा कर रहे हैं अजित जैन सरावगी एवं मंजू जैन। ब्रह्मचारिणी प्राची दीदी ब्रह्मचारिणी प्राची दीदी ने बताया कि आकिंचन्य शब्द का अर्थ है जिसके पास कुछ भी न हो। खाली होने का नाम हीं आकिंचन्य है। जब कोइ यह समझ ले कि मै कुछ नहीं हूँ तो यह आकिंचन्य है। जब कोई साधक क्रोध, मान, माया, लोभ एवं पर-पदार्थों का त्याग आदि करते हैं और इनसे जब उनका किंचित भी संबंध, नहीं रहता तो उनकी यह अवस्था स्वाभाविक अवस्था कहलाती है। इसे ही उत्तम आकिंचन्य धर्म कहा गया है। जिस प्रकार पहाड़ की चोटी पर पहुंचने के लिए हमें भार रहित हल्का होना जरूरी होता है उसी प्रकार सिद्धालय की पवित्र ऊंचाइयां पाने के लिए हमें आकिंचन्य, अर्थात एकदम खाली होना आवश्यक है।

## राज्य की जनता महंगाई और भ्रष्टाचार से त्राहिमाम : अरुण

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव के नवगछिया पुलिस जिला अंतर्गत खरीक आवासीय कार्यालय में राजद के मजदूर प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं नवगछिया जिला प्रभारी चंदन कुमार चौधरी का अंगवस्त्र भेंट कर एवं फूल मालाओं से भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान नवगछिया पुलिस जिला राजद संगठन की मजबूत और धारदार बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। राजद के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि प्रदेश पिछले 17 साल से नीतीश-भाजपा की सरकार है और केंद्र में 10 साल से एनडीए की सरकार है। केंद्र सरकार के अनुसार बिहार से तीन करोड़ के लगभग पलायन कर चुके हैं। इलाके को सरकार ने बेरोजगारी का केंद्र बना दिया है। नीतीश सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। राज्य की जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और आपराधिक घटनाओं से त्राहिमाम है। राजद के जिला प्रभारी चंदन कुमार चौधरी ने कहा कि आगामी सरकार नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व बनाने के लिए राज्य की जनता तैयार बैठी है। इस मौके पर कोशी स्नातक क्षेत्र पूर्व प्रत्याशी नितेश कुमार, जिलाध्यक्ष अलख निरंजन पासवान, भागलपुर युवा राजद के जिलाध्यक्ष मो.बसारूल हक, मो.आजाद अंसारी, अभिनव कुमार सहित दर्जनों राजद कार्यकर्ता थे।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा शुरू करेगी सेवा पखवाड़ा : प्रेम रंजन

## सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम, 2 अक्तूबर तक जारी रहेंगे

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार भाजपा 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से सेवा पखवाड़ा शुरू करेगी। इसके तहत नगर, गांव, चौपालों, सार्वजनिक स्थानों पर सेवा कार्य किया जाएगा। सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम होंगे जो 2 अक्तूबर तक जारी रहेंगे। सेवा पखवाड़ा अभियान के प्रदेश संयोजक और पूर्व विधायक प्रेम रंजन पटेल ने आज प्रदेश कार्यालय में एक प्रेस वार्ता में बताया कि कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। इसे लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी का पूरा जीवन अनुकरणीय है। उनके द्वारा गरीबो, शोषितों, दलितों के लिए योजना बनाना और उसे सरजमी पर कार्यान्वित करना एक मिसाल है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने बताया कि पीएम मोदी के जन्मदिन पर पूरे प्रदेश में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 17 सितंबर से 24 सितंबर तक प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व पर आधारित सचित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यह प्रदर्शनी जिला मुख्यालय, कॉलेज, संस्थान और प्रमुख स्थल पर लगाए जाएंगे। इस दौरान 17 से 19 सितंबर तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा तथा 19 से 22 सितंबर तक स्कूलों, अस्पतालों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 22 सितंबर को पेरिस पैरालंपिक 24 के प्रतिभागियों का सम्मान और दिव्यांगजनों के बीच उपकरण वितरण किया जाएगा। 23 सितंबर को आयुष्मान भारत योजना का चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा जबकि 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती मनाई जाएगी। इसके तहत पौधरोपण किया जाएगा। इसके अलावा 26 सितंबर से 28 सितंबर तक जिलास्तर पर कला, ड्राइंग, रंगौली और निबंध प्रतियोगिता तथा 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री के ऊपर डॉ आर बालासुब्रमण्यम द्वारा लिखित पुस्तक की विषय-वस्तु पर आधारित तथा आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत 2047, वोकल फॉर लोकल तथा मोदी सरकार की उपलब्धियों पर गोष्ठी व परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर स्वच्छता और सफाई अभियान, महापुरुषों की प्रतिमा की साफ सफाई , मंदिरों की सफाई और पुष्पांजलि की जाएगी। इस प्रेस वार्ता में सेवा पखवाड़ा टोली के सह संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष शीला प्रजापति,प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता, त्रिविक्रम नारायण सिंह, हरेंद्र सिंह, मीडिया सह प्रभारी अमीत प्रकाश बबलु उपस्थित रहे।

# अपराध पर राजद का राजभवन मार्च हास्यास्पद : जन सुराज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ राजद का राजभवन मार्च विल्कुल हास्यास्पद और विरोधाभासी है। जिस राजद का पन्द्रह वर्षो के राज में अपराध, भ्रष्टाचार, लूट - खसोट, हत्या, बलात्कार, सामूहिक नृशंस हत्याएं हुई हो तथा जिसके सुप्रीमो पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में न्यायालय ने सजा दी हो वह दल भी इस मुद्दे पर आक्रोश मार्च निकालकर विरोध जताये तो हास्यास्पद नहीं तो और क्या है? यह बिहार की जनता को बुड़बक बनाने और लोगों की आंखों में धूल झोंकने की बात है। उक्त बातें सोमवार को जारी एक बयान में जन सुराज के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने कही। श्री ठाकुर ने कहा कि यह भी सच है कि जदयू - भाजपा गठबंधन की सरकार हो अथवा नीतीश - राजद की पूर्व की सरकार रही हो इसे जंगल राज पार्ट टू कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी। श्री ठाकुर ने कहा कि अपराध चरम पर है और रोज ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर राजधानी पटना तक में ताबड़तोड़ गोलियां चलाई जा रही है और हत्याओं का दौर जारी है। कानून व्यवस्था चरमरा गई है तथा शांति प्रिय लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। लेकिन राजद को इस मामले में बोलने विरोधाभासी है। आश्चर्य तो तब और हुआ जब राजद के इस राजभवन मार्च में नेताओं का जो शिष्टमंडल था उसमें कई विधायक और पूर्व विधायक भी शामिल थे जिनपर दर्जनों हत्या, लूट, रंगदारी जैसे संगीन अपराधों के मामले विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज है। लोग जिस तरह पन्द्रह वर्षों के राजद के जंगल राज की चर्चा सुनकर सिहर उठते हैं वैसी ही स्थिति आज भाजपा - जदयू की सरकार में बन गई है।

# पुनौराधाम मंदिर के विकास हेतु 50 एकड़ भूमि का होगा अधिग्रहण

## पर्यटन विभाग के सचिव ने किया स्थल निरीक्षण, दिए निर्देश



पटना। सीतामढ़ी जिलान्तर्गत पुनौराधाम मंदिर के आस-पास बेहतर पर्यटकीय सुविधाओं के विकास एवं आधारभूत संरचना के निर्माण हेतु 50 एकड़ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। राज्य मंत्रिपरिषद से भूमि अधिग्रहण की सैद्धान्ति स्वीकृति मिलने के उपरांत पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन सीतामढ़ी के साथ भूमि अधिग्रहण हेतु कार्यशील है। सोमवार को पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने निदेशक पर्यटन विनय कुमार राय, प्रबंध निदेशक, राज्य पर्यटन विकास निगम नंद किशोर व जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी रिची पांडेय के साथ स्थल निरीक्षण किया और मंदिर के समीप 50 एकड़ भूमि को अधिग्रहण हेतु चिह्नित करते हुए जिला भू अर्जन पदाधिकारी को इस दिशा में कार्रवाई शुरू करने के निदेश दिए। वर्तमान में रामायण परिपथ के अन्तर्गत अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों का निश्चित रूप से जानकी की जन्म भूमि की दर्शन हेतु पुनौराधाम आगमन होता है। अयोध्या से पुनौराधाम जोड़ने हेतु उच्च गुणवत्तापूर्ण राष्ट्रीय राज्यमार्ग का भी निर्माण हो रहा है। रामायण परिपथ के अन्तर्गत उच्च गुणवत्तापूर्ण सड़के एवं आवागमन की सुविधा बेहतर होने के चलते पुनौराधाम में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों का अत्यधिक प्रवाह होगा। इनके सुविधा हेतु कई पर्यटकीय आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराया जाना अतिआवश्यक है। इस कार्य के निमित पुनौराधाम के आस-पास 50 एकड़ भूमि अधिग्रहण हेतु मंत्रिपरिषद् द्वारा मार्च में सैद्धान्ति स्वीकृति प्रदान की गयी थी। इसके पूर्व पुनौराधाम आने वाले श्रद्धालुओं/पर्यटकों को उच्च गुणवत्तापूर्ण सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग द्वारा पुनौराधाम मंदिर के विकास हेतु प्राक्कलित राशि 72.47 करोड़ (बहत्तर करोड़ सैंतालिस लाख) रुपए की योजना स्वीकृत की गयी है। इस योजना के तहत परिकमा पथ, सीता वाटिका, लव-कुश वाटिका, जानकी महोत्सव क्षेत्र का विकास, सुंदर वास्तुशिल्प से सुसज्जित दीवारें, पार्किंग और अन्य पर्यटकीय सुविधाओं का विकास वर्तमान में किया जा रहा है। इससे पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी एवं सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी। साथ ही आस-पास के क्षेत्रों में स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं व्यापार की संभावनाएं भी सृजित होगी।

# मुसहर समुदाय पर लगातार बढ़ती घटनाएं चिंताजनक : माले



## राजकुमार मांझी हत्याकांड की जांच में पहुंची माले की टीम

पटना। गया जिले में हाल के दिनों में मुसहर समुदाय पर हमलों की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर आज माले विधायक रामबलि सिंह यादव और शिवप्रकाश रंजन बाराचट्टी के डेमा टोला पथरा पहुंचे जहां विगत 14 सितंबर को अपराधियों ने महादलित राजकुमार मांझी की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई थी। उनके साथ जिला सचिव का। निरंजन कुमार, इंसाफ मंच के अमीर तुफैल, पुलेन्द्र कुमार व रवि कुमार भी शामिल थे।विधायक रामबलि सिंह यादव ने कहा कि भाजपा-जदयू शासन में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। अपराधियों का मनोबल सर चढ़कर बोल रहा है। मुसहर समुदाय से ही जीतनराम मांझी भारत सरकार में मंत्री हैं लेकिन गया में लगातार मांझी समुदाय पर हमले हो रहे हैं। कुछ दिन पहले टिकारी में मांझी जाति के ही एक व्यक्ति का सामंतों ने तलवार से हाथ काट डाला था। खिजरसराय प्रखंड के मुसेपुर में महज 100 रु बकाया मजदूरी मांगने पर मांझी समुदाय के ही एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई थी।पथरा कांड के अभियुक्तों की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी। प्रशासन मामले को दबाने के प्रयास में है। हमारी मांग है कि हत्यारे की अविलंब गिरफ्तारी हो। मृतक परिजन को सरकारी नौकरी व 10 लाख रु का तत्काल मुआवजा दिया जाए।

# सिनेमाई निर्माताओं को मिलेगा बिहार का आतिथ्य भाव : नीतीश

## इंपा पहुंचे बिहार के पर्यटन मंत्री ने फिल्मकारों को किया आमंत्रित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




बिहार सरकार में पर्यटन विभाग के नवनियुक्त मंत्री नीतीश मिश्रा अपने मुंबई यात्रा के दौरान इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्युसर्स असोसिएशन (इंपा) के आमंत्रण पर फिल्म निमाताओं से मिलने अंधेरी (पश्चिम) स्थित इंपा हाउस पहुंचे। यहां उनका स्वागत इंपा के प्रेसिडेंट अभय सिन्हा और अन्य पदाधिकारियों ने किया। इंपा सदस्यों से बात करते हुए नीतीश मिश्रा ने कहा कि बिहार अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं, विरासतों तथा सभी धर्मों के पवित्र स्थलों के केंद्र रहा है। धार्मिक समन्वय के लिए बिहार भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर में प्रसिद्ध है। हम यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सिनेमाई निमाताओं को भी आमंत्रित कर रहे हैं जहां का आतिथ्य सत्कार बेहद प्रसिद्ध है, हम उस भाव को पर्यटन विभाग के कार्यक्रमों, योजनाओं और नीतियों में लाएंगे। बिहार फाउंडेशन के आमंत्रण पर मुंबई पहुंचे श्री मिश्र ने इंपा के सदस्यों से कहा कि पर्यटन संपदाओं से समृद्ध इस प्रदेश में पर्यटन उद्योग और शूटिंग की असीम संभावनाएं है। पर्यटन को रोजगारोन्मुख बनाने के लिए पर्यटन स्थलों को विकसित कर बुनियादी सुख-सुविधाओं का समुचित प्रबंधन करने का कार्य राज्य सरकार की प्राथमिकता है। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि बिहार में शुटिंग करने वाले हिन्दी फिल्मों के निमाताओं को 25 प्रतिशत तक और क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों को 50 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाएगी। इसके लिए 15 दिनों में हम एक पूर्ण निति की घोषणा करेंगे। इस अवसर पर इंपा के प्रेसिडेंट अभय सिन्हा, सिनीयर वाईस प्रेसिडेंट सुषमा शिरोमणि,वाईस प्रेसिडेंट सुरेन्द्र वर्मा उर्फ टीनू वर्मा,ट्रेजरार बाबू भाई थीबा,जनरल सेक्रेटरी कुक्कू कोहली,जनरल सेक्रेटरी (एफएमसी) निशांत उज्जवल,फिल्म निमार्ता अशोक पंडित, संजीव सिंह (बॉबी),सेक्रेटरी अनिल नागरथ आदि ने बिहार सरकार के पर्यटन विभाग के नवनियुक्त मंत्री नीतीश मिश्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर इंपा के प्रेसिडेंट अभय सिन्हा ने फिल्मकारों को बिहार में सुविधाएं देने पर पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा और बिहार सरकार का आभार जताया।

# श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन हो : ऐक्टू

पटना। ऑल इंडिया सेंट्रल कॉउन्सिल ऑफ ट्रेड यूनियन्स के राज्य सचिव रणविजय कुमार ने पटना स्थित विभिन्न कम्पनियों तथा बिहार व केंद्र सरकार के प्रतिष्ठानों में श्रम कानूनों के उलंघन का मामला उठाते हुए सरकार,श्रमायुक्त व पटना डीएम से श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन कराने व मजदूर अधिकारों की हकमारी करने वाले मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग श्रमायुक्त व पटना डीएम से किया है। उन्होंने बताया कि पाटलिपुत्र इंडस्ट्रियल एरिया स्थित हाइड्रोलिक जैक बनाने वाली वैंकोस कम्पनी ने बकाया व समय पर मजदूरी की मांग करने के कारण वैंकोस कम्पनी मजदूर यूनियन के महासचिव व ऐक्टू पटना जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यादव को सेवा से कम्पनी मालिक ने बर्खास्त कर दिया। इसी तरह केंद्र सरकार के अधीन चलने वाली गांधी मैदान स्थित रेड क्रॉस संस्थान में मजदूरों को जीने लायक मजदूरी भी वर्षों स नही दिया जा रहा जबकि संस्थान के अध्यक्ष,सचिव व अन्य अधिकारी पूरा से भी ज्यादा वेतन व सुविधा प्राप्त कर रहे है । इसी तरह फुलवारीशरीफ स्थित नालन्दा बिस्कुट कम्पनी एवं सुधा डेयरी में पीएफ कटौती, ग्रेच्युटी, छुट्टी,ओवरटाइम मजदूरी सहित अन्य श्रम कानूनों का खुला उलंघन हो रहा है और मालिक व प्रबंधन श्रम कानून का खुलेआम उलंघन कर रहे है । ऐक्टू नेता ने सरकार व श्रम विभाग से इन कम्पनियों के खिलाफ करवाई की नजीर पेश करने की मांग किया है। इस बीच ऐक्टू राज्य सचिव रणविजय कुमार ने वैंकोस कामगार यूनियन के बर्खास्त महासचिव व ऐक्टू पटना जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यादव को तत्काल काम पर वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि अगर वैंकोस प्रबंधन ने अगर श्री यादव को तुरंत काम पर वापस नही लिया तो ऐक्टू कम्पनी प्रबंधन,श्रम विभाग व जिला प्रसाशन के खिलाफ आंदोलन खड़ा करेगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### रसोईयों को 21 हजार रुपये मानदेय की मांग

मुजफ्फरपुर।बिहार विद्यालय रसोईया यूनियन ने रविवार को मोतीझील स्थित यूनियन कार्यालय में अपना पहला जिला सम्मेलन आयोजित किया। जिसमें पूरे जिले के रसोइयों ने भाग लेकर अपनी सहभागिता निभाई। इस सम्मेलन के माध्यम से रसोइयों ने अपने आगामी आंदोलन की रणनीति भी तैयार की. मौके पर रामसेवक पासवान ने कहा कि बिहार विद्यालय रसोइया यूनियन डिटेल दो वर्षों से अपने मांगों को लेकर आंदोलन कर रही है लेकिन बिहार की निकम्मी और गूंगी बेरी सरकार इसे सुनने को तैयार नहीं है. हम लोगों ने आज अपने सम्मेलन के माध्यम से सरकार से मांग की है कि बिहार के रसोईयों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा मिले, न्यूनतम मजदूरी प्रतिमाह 21 हजार रुपए सरकार लागू करे, अवकाश प्राप्ति पर चार लाख रुपया एकमुश्त दे, पेंशन प्रतिमाह 5000 रू0 दे, और बकाया राशि का अविलंब भुगतान करे।

### ग्रामीण चौपाल आयोजित

मुजफ्फरपुर। जिले के बंदरा प्रखंड क्षेत्र के जरंगी गांव में विभिन्न समस्याओं को लेकर गायघाट सामाजिक मंच की चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमे में पंचायत वार चौपाल व मुख्य समस्याओं के निदान हेतु विस्तार से चर्चा की गई। इससे पूर्व सर्वसम्मति से नये पंचायत अध्यक्ष पद के लिए चन्दन कुमार चौधरी को मनोनीत किया गया। चौपाल में ग्रामीणों के द्वारा गांव की प्रमुख सड़कें जो जर्जर है उसे पुनः निर्माण व मरम्मती कराने की मांग किया गया। इसके साथ ही नल जल योजना वृद्धा पेंशन बढ़ाने समेत अन्य मुद्दों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया जाएगा। बताया की इन सभी मुद्दों का निवारण नहीं हुआ तो छठ पूजा के बाद प्रखंड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन व भूख हड़ताल किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज चौधरी ने की। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रुपेश कुमार दीपक सिंह, जिला परिषद सदस्य मुकेश ओझा, मनीष कुमार झा, गोविंद कुमार चौधरी ,हरिश्चंद्र झा, संजय चौधरी ,सुरेंद्र सिंह, सुमन कुमार,विजय कुमार, चंदन कुमार चौधरी आदि उपस्थित थे।

### रेलवे पार्किंग में अवैध वसूली पर रोक लगाने का ज्ञापन सौंपा

दरभंगा।अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने रेलवे स्टेशन पर स्टैंड में दो पहिया और चार पहिया वाहनों से हो रहे अवैध वसूली पर रोक लगाने को लेकर स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। ग्राहक पंचायत के जिला सचिव अजीत कुमार के नेतृत्व में नौ सदस्यों की समिति ने इस मुद्दे पर स्टेशन अधीक्षक से मिलकर स्टैंड इंचार्ज के द्वारा लिए गए पैसे का रसीद नहीं देने, रेलवे के गाइडलाइन के अनुरूप पिक एंड ड्रॉप करने वाले दो पहिया अथवा चार पहिया वाहनों का ठहराव 15 मिनट तक निःशुल्क है, जबकि यहां 5 या 10 मिनट तक रुकने पर भी जबरन पैसा वसूला जाना गलत है , वहीं 12 घंटे तक दो पहिया वाहन लगाने पर रुपए 10 की जगह 20 वसूलने को लेकर शिकायत की है। उन्होंने इसको लेकर अधीक्षक से उचित कार्रवाई का आग्रह किया है। इसकी सूचना आरपीएफ कार्यालय को भी दी गई है। ग्राहक पंचायत के इस शिष्टमंडल में जिला संगठन मंत्री जितेंद्र साह भानु, कोषाध्यक्ष (प्रभारी) विष्णु ठाकुर, गिरीरेंद्र मोहन चौधरी, मनीष कुमार, शुशील कानोडिया,प्रकाशचंद्र प्रभाकर, संजय श्रीवास्तव एवं चंद्रभूषण सिंह शामिल थे।

### ट्रक ने मारी पेड़ में ठोकर

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर चौक स्थित पेट्रोल पंप के समीप रविवार की देर रात दरभंगा से पटना की ओर जा रही ट्रक ने जलेबी के पेर में ठोकर मार दिया। जिसमें ट्रक के चालक नवादा के जगदीश यादव के पुत्र नरेश कुमार एवं दिनेश कुमार जख्मी हो गया।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जख्मी को ईलाज के लिए पीएचसी में भर्ती कराया गया । गंभीर रूप से जख्मी को ईलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने ट्रक को जप्त कर थाना लाया गया।

### 5 लीटर देसी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के खजूरी गांव के समीप से रविवार की देर शाम 5 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है ।गिरफ्तार कारोबारी की पहचान वारिसनगर थाना क्षेत्र के कुसैया गांव निवासी शिवजी सदा के पुत्र सीटू सदा के रूप में हुई है।अपर थाना अध्यक्ष दीपक कुमार झा ने बताया कि गिरफ्तार करबारी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिक दर्ज करते हुए समस्तीपुर कोर्ट भेजने की बात कही है।

# आपराधिक घटनाओं के प्रति अंधे , बहरे और गूंगे बन गई हैं सरकार : तेजस्वी

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। बिहार के मुख्यमंत्री अपराध के मामले पर अंधे बहरे और गूंगे बन चुके हैं । मुजफ्फरपुर पटना सहित पूरे बिहार में अपराध काफी बढ़ गया है। अपराधियो का मनोबल काफी ऊंचा हो गया है।ये बातें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आज अपने दो दिवसीय मुजफ्फरपुर दौरे पर आने के बाद यहां एक पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा ,मुखमंत्री का इकबाल खत्म हो गया है।उनसे बिहार संभल नही रहा है। पुल पुलिया लगातार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा है ।तेजस्वी यादव ने अपने मुजफ्फरपुर आगमन का मकसद बताते हुए कहा कि एनडीए सरकार में मुजफ्फरपुर का विकास क्यू रुका हुआ है ,यही जानने हम आज यहां आए है। जब मैं स्वास्थ्य मन्त्री था तब गलत करनेवाले 700 डॉक्टरों पर करवाई की गई थी । हम खुद रात में छपा मारते थे। अब तो इन्हे दवाई से कोई मतलब है ही नही। इन्हे सिर्फ मंदिर ,मस्जिद, पाकिस्तान, बांग्लादेश और कब्रिस्तान से मतलब है । विशेष भू सर्वेक्षण कार्यक्रम की बाबत पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि सर्वे का काम चल रहा है।उसे और सुगम बनाने की जरूरत है।एनसीआरबी की रिपोर्ट में बिहार में अपराध काफी तेजी से बढ़ रहा है। चारों तरफ माफिया राज हो चुका है और सरकार उनपर कार्रवाई करने के बदले हमारे कार्यक्रम में सीआईडी भेज रही है । दरभंगा में हमारे कार्यक्रम में पत्रकार के वेश में सीआईडी वाले घुसकर बैठे थे । मुजफ्फरपुर में लूट अपहरण हत्या , बलात्कार,,बैंक रॉबरी बढ़ चुका है । अपराधी के मन मे पुलिस का कोई डर या भय नही रह गया । लगातार यहां ऐसी घटनाएं हो रही हैं। उसपर लगाम लगाने की जरूरत है । पुलिस इन अपराधियों को पकड़ने की जगह शराब की वसूली में व्यस्त है । मुख्यमंत्री जी का इकबाल खत्म हो चुका है।

## राष्ट्रवादी दल भाजपा का बनें सदस्य : संजय

● नगर विधायक ने दोनार शक्ति केंद्र सहित शहरी विधानसभा क्षेत्र में लोगों को बनाया भाजपा का सदस्य

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। भाजपा के महा सदस्यता अभियान पर्व में सभी लोगों से जुड़ने का अपील विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह नगर विधायक संजय सरावगी ने किया है। सोमवार को दोनार शक्ति केंद्र सहित शहरी विधानसभा क्षेत्र के कई अन्य भागों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए श्री सरावगी ने भाजपा से जुड़ने का अपील लोगों से किया है। श्री सरावगी ने शक्ति केंद्र पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी दल है और भाजपा का उद्देश्य भारत को एक समुन्नत विकसित तथा विश्व गुरु बनाने का लक्ष्य है। ऐसी पार्टी से जुड़ते हुए आप गौरव महसूस करेंगे तथा देश के विकास के मुख्य धारा में अपने को शामिल मानेंगे। नगर विधायक घर-घर जाकर लोगों को भाजपा का सदस्य भी बनाया तथा श्री सरावगी के पहुंचते ही लोगों में एक उत्साह का संचार हुआ और सैकड़ो की संख्या में लोग जमा होते गए और इस महा सदस्यता अभियान से जुड़ते हुए भाजपा की सदस्यता भी ली। नगर विधायक के आह्वान पर प्रेरित होते हुए लोगों में एक जबरदस्त उत्साह भी दिखा। श्री सरावगी ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना हुई थी और इसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी बने थे। तब से आज तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी अपने उद्देश्य तक पहुंचने में सफल हुई है। लेकिन अभी भी बहुत कार्य बाकी है। श्री सरावगी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनने के लिए दिए गए क्यू आर कोड को स्कैन करें या दिए गए नंबर पर मिस्ड कॉल कर अपनी सदस्यता की उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं।

श्री सरावगी के साथ महा सदस्यता अभियान में पवन दास, मुन्ना मंडल, महादेव शाह, परशुराम शाह, श्याम दास, राजकिशोर दास ,रविंद्र दास, अरुण चौधरी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल रहे।

## मिथिला स्टूडेंट यूनियन का डीबी कॉलेज जयनगर में बैठक आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी मिथिला स्टूडेंट यूनियन का डी बी कॉलेज जयनगर में बैठक किया गया है। इस बैठक की अध्यक्षता अमर कुमार सिंह ने किया आगामी छात्र संघ चुनाव को लेकर सभी साथी को बुलाए और टीम को मजबूत करने के लिए संगठित हुए। एमएसयू शशि कुमार सिंह ने कहा कि संगठन पिछले कई दिनों से गतिविधि को लेकर सक्रिय हुए हैं डीबी कॉलेज बदहाल स्थिति को देखते हुए सुधार करेंगे। जयनगर प्रखंड अध्यक्ष आदर्श कुमार मिश्रा भी उपस्थित है उसने भी कहा कई दिनों से छात्रों के साथ कॉलेज में सुविधा न देने के कारण छात्रों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है इसीलिए मिथिला स्टूडेंट यूनियन लगातार छात्र हित के लिए काम कर रही है। मौके पर एमएसयू के के जिला अध्यक्ष अंकित आजाद ने कहा सभी कॉलेज में संगठन का टीम विस्तार होंगे संगठन को सदस्यता अभियान को लेकर चलने के काम करेंगे संगठन धरातल स्थल पर मजबूती के साथ काम कर रहे है। प्रिंस झा सिद्धांत कुमार मयंक कुमार ठाकुर मनाजीर जी रंजन कुमार ठाकुर सुभाष कुमार अंकित कुमार झा आलोक सिंह मोहम्मद यूसुफ अंसारी सभी मौजूद थे।

## खेलो इंडिया थीम के तहत 48 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने मैच का किया आयोजन




प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खेलो इंडिया थीम के तहत 48वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एसएसबी और क्रिकेट एरा अकैडमी के बीच एक रोमांचक और दोस्ताना क्रिकेट मैच का आयोजन उत्क्रमित +2 हाई स्कूल बेलाही के खेल मैदान में किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य खेलो के प्रति जागरूकता फैलाना और जवानों व स्थानीय समुदाय के बीच खेल भावना को प्रोत्साहित करना था। मैच की शुरूआत एसएसबी द्वारा टॉस जीतकर की गई जहां उन्होने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया एस एसबी की टीम ने अच्छी शुरूआत की और चुनौतीपूर्ण पारी खेलते हुए निर्धारित 25 ओवर में 210 रनो का स्कोर बनाया। जिसमें सर्वाधिक सुमन स्टार ने शानदार 70 रन बनाए जबकि क्रिकेट एरा अकडमी के गेंदबाजों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। क्रिकेट एरा एकेडमी की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए जबरदस्त मुकाबला किया लेकिन एसएसबी की टीम की अनुशासित गेंदबाजी और फील्डिंग ने उन्हे 16.4 ओवर में ही 119 रन पर ऑल आउट कर दिया ।जिसमें एसएसबी की तरफ से देशराज द्वारा सर्वाधिक 04 विकट लिए गए । अंततः एसएसबी ने 91 रन से जीत हासिल की इस मैच में एसएसबी से देशराज मेन ऑफ द मैच रहे ।खेल के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और मैन ऑफ द मैच पुरस्कार दिए गए।48वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के उप कमांडेंट विवेक ओझा ने इस आयोजन की सराहना की करते हुए कहा खेलो इंडिया पहल के तहत इस तरह के कार्यक्रम खेल को बढ़ावा देने और जवानों व समाज के बीच भाईचारे की भावना को मजबूत करने का एक बेहतरीन माध्यम हैं। हम भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनो को समर्थन देते रहेगे।

## संगठन के बदौलत ही विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है भाजपा : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा।किसी भी लोकतांत्रिक दल के लिए संगठन का मजबूत होना आवश्यक है जिसके लिए नए लोगों को संगठन से जोड़कर उनके भीतर समर्पन निष्ठा और कर्तव्यपरायनता की भावना को आत्मसात कराना हर कार्यकर्ताओ का नैतिक जिम्मेदारी है। भाजपा के चल रहे सदस्यता अभियान में जिस तरह से युवाओं महिलाओं बुद्धिजीवियों सहित समाज के सभी वर्गों मे उत्साह दिख रहा है वह आने वाले समय मे एक रिकार्ड कायम करेगा। दरभंगा के सासंद सह लोकसभा में पार्टी के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने लहेरियासराय स्थित अपने आवासीय कार्यालय में क्षेत्र से आए युवाओं के साथ सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर ने पार्टी के सदस्यता अभियान में लगे पार्टी के युवा कार्यकताओं को विभिन्न तरह के सुझावों से अवगत कराते हुए कहा कि वे गांव टोले तथा मुहल्लो में जाकर आमजनों साथ प्रधानमंत्री जी की छवि उनकी सोच तथा केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं की चर्चा करें तथा उन्हे यह बताएं कि जबसे भाजपा की सरकार केंद्र में बनी है तबसे देश में क्या क्या परिवर्तन हुए। सांसद डा ठाकुर ने युवा कार्यकताओं से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा 10 करोड़ सदस्यता के लक्ष्य को हर हाल मे पूरा करने का आह्वान करते हुए कहा हर कार्यकर्ताओ का नैतिक दायित्व बनता है कि वे पार्टी नेतृत्व के निदेर्शों को अमल में लाए।सांसद डा ठाकुर ने भाजपा के सदस्यता अभियान को संगठन का महापर्व बताते हुए कहा कि 2 सितंबर से शुरू हुए इस आभियान में मिसकॉल, ऑनलाईन, रसीद भरकर, क्यूआरकोड, वेबसाइट जेसे अनेक प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा पूरी तरह से डिजिटल बन चुकी है यही कारण है कि आज देश ही नही विश्व स्तर पर भाजपा के संगठन, इसकी सोच तथा इसके नीतियों की चर्चा होती है। इस मौके पर विकास विवेक चौधरी आशुतोष झा सौरभ सुमन प्रदीप सिंह प्रीति कुमारी अर्जुन सिंह प्रभास आनन्द शक्ति महतो आदर्श चौधरी रुद्रानंद चौधरी विवेक पासवान संजय सहनी अनिल सहनी कृपाल यादव आदि मौजूद थे।

## पुल निर्माण स्थल के पास से लापता हुई लड़की का शव दूसरे थाना क्षेत्र के पास से बरामद

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के हकीमाबाद में बूढ़ी गंडक नदी पर हो रहे निमार्णाधीन पुल के बेस कैंप के पास से लापता हुई एक नाबालिग लड़की का शव खानपुर थाना क्षेत्र के शोभन में नदी किनारे मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लड़की पास के ही एक गांव की बतायी गई है। इसकी सूचना मिलने के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने पुल निर्माण एजेंसी के बेस कैंप को घेर लिया और इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। परिजन व ग्रामीण पुल निर्माण एजेंसी के कर्मियों पर लड़की के साथ दुष्कर्म कर हत्या कर देने का आरोप लगा रहे थे। वहीं पुलिस टीम के द्वारा शव को जब्त कर पोस्टमार्टम में भेजे जाने की प्रक्रिया की जा रही थी। परिजन के अनुसार बताया गया कि लड़की दिमागी रूप से हल्की सी मंदबुद्धि थी। वहीं इस घटना के बाद से पुल निर्माण एजेंसी के तीन कर्मी सोमवार की सुबह से ही गायब बताए जा रहे हैं। वहीं पुलिस पुल निर्माण स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगालने में जुटी हुई थी। पुल निर्माण एजेंसी पटना का बताया गया है। निर्माण स्थल पर कई सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। इसके कुछ कैमरे के फुटेज में लड़की 16 सितंबर की रात एक बजे के आसपास से लेकर अहले सुबह 4:13 तक दिखाई दी है। वहीं उसके पीछे कुछ कर्मी भी दिखाई दे रहे थे। हालांकि बताया गया कि कुछ कैमरा बंद पड़ा हुआ था। इस कारण उसका फुटेज संभवत नहीं आया पाया है। वहीं उसके दो कर्मियों से पुलिस घटना के संबंध में जानकारी लेने को लेकर पूछताछ में जुटी हुई थी। एक कर्मी के अनुसार रात में भूत देखे जाने का शोर सुनकर वह उठा था। सुबह में पता चला कि एक लड़की आयी थी, जिसे कुछ कर्मियों ने रात में मछली-भात भी खिलाया था। वहीं घटना की सुबह में ई-रिक्शा से तीन कर्मी बैग लेकर चले गए। हालांकि उन कर्मियों की पहचान के बारे में अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। पुलिस उसके संबंध ने जानकारी लेने के प्रयास में जुटी हुई थी। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन सदर अस्पताल पहुंचकर पीड़ित परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली और घटना की उच्च स्तरीय जांच को लेकर डीएम रोशन कुशवाहा से फोन पर बात की। विधायक शाहीन ने इस घटना की तीव्र निंदा की है। परिजनों के अनुसार लड़की गांव के ही एक सरकारी स्कूल में आठवीं की छात्रा थी। एक बार वह अपने घर की छत से गिर गई थी। जिसमें उसके सिर पर गंभीर चोट लगी थी और इस कारण वह दिमागी रूप से हल्की विक्षिप्त थी। रात में लड़की को घर पर नहीं पाने पर परिजनों ने उसको काफी तलाश किया था और मोक्षधाम के पास लगे सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला था, लेकिन उसमें लड़की नहीं दिखाई दी थी। जब परिजन पुल निर्माण एजेंसी के पास सीसीटीवी फुटेज दिखाने की मांग को लेकर पहुंचे थे, तो कर्मियों के द्वारा बहाना बनाकर उन्हें फुटेज नहीं दिखाया गया। उसके बाद एकजुट होकर आक्रोशित लोगों ने स्थानीय मुखिया से इसकी शिकायत की, तब जाकर उन्हें सीसीटीवी फुटेज दिखाया गया। उसमें वह लड़की दिखाई दी और उसके पीछे कुछ कर्मी भी आधी रात को दिखाई दिए। इससे लोग आक्रोशित हो गए और इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

## बड़ी शान और अदब से निकला गया जुलूस ए मोहम्मदी



प्रात : किरण संवाददाता

बोचहा। सरकार की आमद मरहबा की सदाओं की गुंज के साथ आखरी पैगम्बर जनाब हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाईश के मोकद्दस मौके पर सोमवार को साही जामा मस्जिद एतवारपुर ताज, बहरामपुर, आदिगोपालपुर, शर्फुद्दीनपुर, बल्थी रसुलपुर और हुसैनपुर सहित विभिन्न गांव से जुलूस ए मोहम्मदी बड़े ही अदबो एहतराम के साथ निकाला गया। इस मौके पर एक दर्जन से अधिक नात शरीफ पढ़ने वालों ने शिरकत करते हुए माहौल को इश्के रसूल से रूबरू कर दिया। जुलूस एतवारपुर चौक और विभिन्न मार्गो से होते हुए सरफुद्दीनपुर गुजरी बाजार पहुंच कर एक दूसरे से गले मिलकर, जुलूस ए मोहम्मदी की मुबारकबाद दी। इस दौरान मौलाना अली अकबर अशरफी ने शांति प्रेम का पैगाम देते हुए कहा कि सिर्फ मुसलमान के लिए ही रहमत नहीं, पूरी दुनिया के लिए अल्लाह ताला ने अपने प्यारे महबूब हजरत मोहम्मद सल्लल्लाह अलैहे व सल्लम को रहमत बनाकर भेजा। इस्लाम धर्म में यह हुक्म दिया है कि आपके पड़ोसी, किसी भी धर्म के मानने वाले हों आप से उन लोगों को कोई तकलीफ न हो, इस बात का ख्याल रखें और अपने पड़ोसियों हक अदा करें। इस बात को बताने के लिए अल्लाह ने आखरी पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब को भेजा। मौके पर उपप्रमुख आसिफ नदीम फरीदी, मौलाना इमामुद्दीन अली अहमद, मौलाना अताउल्लाह, नजर हुसैन, जफर आलम, अफरोज आलम, रजब अली सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का आरोपी बोकारो से गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर अवैध ढंग से पैसा वसूली के मामले में छानबीन कर रही पुलिस को बड़ी सफलता मिली है ।इस मामले में पुलिस ने झारखंड के बोकारो से मेडिकल कराने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया बोकारो का एक फर्जी आई कार्ड भी मिला है ।उसकी पहचान अमित कुमार उर्फ लव पिता नवीन कुमार बोकारो के रूप में की गई है। उसके खिलाफ फजीर्वाड़ा के तीन मामले मिले हैं जिसमें एक लाजपत नगर थाना दिल्ली और दो मामले बोकारो के विभिन्न थाना क्षेत्र से जुड़े हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे ट्रांजिट रिमांड पर लिया और छानबीन के पश्चात न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। दूसरी टीम सासाराम में छापेमारी को पहुंची थी जहां नौकरी के नाम पर फर्जी ट्रेनिंग सेंटर बनाए गए थे । वहां भी छापा के दौरान पुलिस टीम को बड़े पैमाने पर अवैध धंधे से जुड़े दस्तावेज मिले हैं । मामले में सीटी एसपी भानुप्रताप सिंह ने बताया कि जैसे-जैसे मामले में छानबीन की जा रही है ,अभियुक्तों की संख्या भी बढ़ती जा रही है । इस मामले में अभियुक्तों के द्वारा शोषण के शिकार कुल 6 लोगों से शिकायतें मिली है । प्रारंभ में इस मामले में छह नामजद बनाए गए थे। एसपी के स्तर पर गठित टीमों के द्वारा मानवीय और तकनीकी स्तर से छानबीन में इस बारे मामले में परतदार परत राज खुलते जा रहे हैं मुख्य आरोपी जो पहले जेल भेजा जा चुका है सचिंद्र शर्मा के द्वारा इस अंतर राज्य स्तर पर चलाया जा रहा था जिसमें रेलवे में नौकरी के नाम पर अवैध रूप से ठगी का धंधा किया जाता था।

## सड़क दुघर्टना में मृत छात्रा के परिजन से मिले पूर्व मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । पूर्व मंत्री अजीत कुमार बीते शनिवार को देर रात्रि एन एच 28 पर हुए सड़क दुर्घटना में मृत अकुराहा ग्रामवासी रागिनी व मांनसी के परिजन से मिलकर संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें ढ़ाढ़स बंधाया। हृदय विदारक इस घटना को दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए श्री कुमार ने मृतक आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को धैर्य धरण करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया । इस मौके पर श्री कुमार ने कहा कि इस दुख की घड़ी में हमारी पूरी संवेदना पीड़ित परिवार के साथ है। हम इस परिवार को हर संभव मदद करेंगे। उन्होंने जिला अधिकारी से दूरभाष पर बात कर प्रभावित परिवार को सरकारी नियम के मुताबिक शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। इस घटना पर शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व मुखिया नंदकिशोर सिंह , त्रिपुरारी पांडे, भैरव पांडे, सुजीत कुमार, राम प्रवेश पंडित ,पप्पू सिंह ,अशोक सिंह, गरीब नाथ सिंह ,अरविंद पांडे , देवकांत पांडे , सुरेंद्र सिंह, बृजभूषण शर्मा , उमाशंकर पांडे, वरुण सिंह , श्री नारायण सिंह, शंभू ठाकुर बुलेट कपिल ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर ,धीरज पांडे, राजेश पांडे आदि प्रमुख थे ।

## धरती को बचाना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए : प्रो प्रेम मोहन मिश्रा

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, दरभंगा में एक पेड़ माँ के नाम नामक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो संस्थान के एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो प्रेम मोहन मिश्रा ने छात्रों, शिक्षकों और संस्थान के स्टाफ को संबोधित किया। अपने प्रेरणादायक भाषण में प्रो मिश्रा ने सभी को इस प्रकार के पर्यावरणीय आयोजनों में भाग लेने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि अपनी धरती को बचाना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इस प्रकार के आयोजन हमारे पर्यावरण को सहेजने और हमारे भविष्य को सुरक्षित रखने में मदद करते हैं। एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रश्मि कुमारी ने इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं और स्टाफ ने मिलकर संस्थान के परिसर में वृक्षारोपण किया और सभी को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रतिज्ञा दिलाई। कार्यक्रम में संजीव, अजय, रूबी, गोविंद, सचिन, रामनारायण, विपिन, दीपक, निधि, अनु, सानिया, रिमझिम, रचना, आयुषी, अपराजिता, आर्या, स्नेहा, गोल्डी, खुशबू, अनामिका, निशा तथा पल्लवी कुमारी आदि उपस्थित थे।

## वैज्ञानिक व शायर डॉ मनोज कुमार मिथिला रत्न सम्मान से सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र दरभंगा के वरिष्ठ वैज्ञानिक व चर्चित शायर डॉ मनोज कुमार को राष्ट्रीय कवि संगम की बिहार इकाई द्वारा मधुबनी में आयोजित प्रांतीय अधिवेशन में मिथिला रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान डॉ. कुमार को मिथिलांचल के शैक्षिक, सामाजिक व साहित्यिक विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल द्वारा प्रदान किया गया। उक्त अधिवेशन में प्रान्त के दो सौ से ज्यादा साहित्यकार भाग ले रहे हैं। विदित हो कि डॉ मनोज कुमार ने विज्ञान, शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में दर्जनों राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित होने के साथ साथ मोटीवेशनल स्पीकर के रूप में भी उत्तर बिहार के युवाओं के बीच खासी लोकप्रियता हासिल की है। राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र में बतौर वरिष्ठ वैज्ञानिक सेवारत डॉ कुमार ने पीएच.डी. स्वर्ण पदक तथा जेआरएफ एवं एआरएस की अखिल भारतीय परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ साथ जवाहर लाल नेहरु पुरस्कार, भारत शिक्षा रत्न सम्मान, इंदिरा गांधी सद्भावना पुरस्कार, युवा वैज्ञानिक पुरस्कार, श्रेष्ठ वैज्ञानिक सम्मान सहित राष्ट्रीय स्तर के अनेकों वैज्ञानिक ० साहित्यिक सम्मान प्राप्त कर चुके हैं।

## हजरत मोहम्मद साहब के जीवनी पर विशेष प्रकाश डाले

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड क्षेत्र के कन्हौली पंचायत स्थित हजरत मोहम्मद साहब के जन्मोत्सव के अवसर पर सोमवार को कन्हौली गौसिया मस्जिद से जुलूस ए मोहम्मदी की कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस जुलूस ए मोहम्मदी जुलूस कार्यक्रम का अध्यक्षता मो. समरुद्दीन एवं सचिव मो. आलम द्वारा की गयी . इस जुलूस ए मोहम्मदी का उद्घाटन वर्तमान मुखिया अर्जुन सिंह पूर्व मुखिया रामाशीष सिंह जुलूस ए मोहम्मदी के अध्यक्ष मो. समरुदीन सचिव मो. आलम शिक्षक मो. अफरोज सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियो द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. यह जुलूस गौसिया मस्जिद कन्हौली से गाजे बाजे के साथ सैकड़ो मुसलमान समुदाय के लोग एक कतार बद्ध जुलूस चलकर हजरत मोहम्मद साहब की नारे लगाते हुए लोहिया चौक खजौली गांव ईनरवा गांव होते हुए खजौली बाजार स्थित जामा मस्जिद के सहन होकर जामा मस्जिद में दो घंटे का प्रोग्राम में सभी जुलूस शामिल हुआ. इस प्रोग्राम में विभिन्न मोकरीरो वक्ताओ ने हजरत मोहम्मद साहब के जीवनी पर विशेष प्रकाश डाले. वही कन्हौली गौसिया मस्जिद जुलूस ए मोहम्मदी के अध्यक्ष मो. समरुद्दीन ने कहा कि यह जुलूस देश में सौहार्दपूर्ण वातावरण एवं भाईचारा का पैगाम देती है.वही सचिव मो.आलम ने कहा कि हजरत मुहम्मद साहब एक धार्मिक सामाजिक एवं इस्लाम के संस्थापक थे.वे अल्लाह की शिक्षाओं को फैलाने के लिए अल्लाह द्वारा भेजे गए एक नबी है.वही पूर्व मुखिया रामाशीष सिंह ने कहा कि हजरत मुहम्मद साहब एक उदार और दयालु हृदय वाले अल्लाह के नेक बंदे थे.वे हीरा की गुफाओ में तपस्या करते थे. वे ईश्वर साधक थे. ईश्वर द्वारा भेजे गए फरीस्तो के रूप में धरती पर सभी बंदों को हमेशा विनम्र और प्यार देते है.इस मौके पर कारबो जवार के उलेमा मो. अकरम मो. ईसा शिक्षक मो.अफरोज मो. मुतुर्जा अली मो. दिलजान, मो. शाकीर मो. जाकिर हुसैन मो. हमीद रजा पूर्व सरपंच प्रभाकर सिंह समाजसेवी सतो पासवान पूर्व पंचायत समिति सदस्य जगदीश दास सहित सैकड़ों मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

संग्रामपुर (मुंगेर)। रविवार की देर शाम थाना क्षेत्र के गोविंदपुर नहर के समीप शराब पीकर शोर शराबा करते हुए देसी कट्टा लहरा रहे एक युवक को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। जिसे सोमवार की सुबह न्यायिक हिरासत में मुंगेर भेज दिया गया। गिरफ्तार युवक थाना क्षेत्र के पृथ्वीचक गांव निवासी गोपाल कुमार पिता बाली यादव बताया गया। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष रुबिकांत कच्छप ने जानकारी देते हुए बताया कि देर शाम गोविंदपुर नहर के समीप कुछ लोगों को शराब पीकर शोर शराबा एवं देसी कट्टा लहराने की सूचना मिली सूचना के आधार पर एस आई सत्यम कुमार दलबल के साथ उक्त स्थल पर पहुंचकर कट्टा लहरा रहे युवक को गिरफ्तार कर थाना लाया गया उन्होंने बताया कि युवक शराब के नशे में था। उसके पास से एक देसी कट्टा व तीन जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। गिरफ्तार युवक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट एवं मध्य निषेध अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में मुंगेर भेज दिया गया साथ ही गिरफ्तार युवक का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है।

# बरनार नदी पर बना बेली ब्रिज का पिलर धंसा

## जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

● 14 पंचायत के दर्जनों गांव के आवागमन प्रभावित





प्रात : किरण संवाददाता

जमुई:- जिले के के बरनार नदी पर बने बेली ब्रिज का पिलर धंस गया है. इसके बाद से मौके पर अफरातफरी की स्थिति बन गयी है. बताया जा रहा है कि बारिश के बाद पानी के तेज बहाव से बरनार नदी पर बने बेली ब्रिज का पिलर धंस गया है. जानकारी के अनुसार बारिश के बाद तेज बहाव से जमुई जिले के सोनो प्रखंड के बरनार नदी पर एक साल पहले बना बेली ब्रिज का पिलर धंस गया है. पिलर धंसने के बाद बेली ब्रिज झुक गया है. कोई बड़ा हादसा न हो इसलिए तत्काल बेली ब्रिज से आवगमन बंद कर दिया गया है। बता दें, काजवे पुल धंसने के बाद जमुई में बेली ब्रिज का निर्माण कराया गया था। पिछले साल अगस्त में बना था बेली ब्रिज जानकारी के अनुसार पिछले साल अगस्त में बेली ब्रिज बनाया गया था. काजवे पुल टूटने के बाद सीएम नीतीश कुमार भी यहां का दौरा किया था. काजवे पुल टूटने के बाद यहां आवागमन को बंद कर दिया गया था. वहीं अब बेली ब्रिज के पिलर धंसने के बाद से एक बार फिर से निर्माण कार्य पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं. बता दें, पुल के दूसरे तरफ 14 पंचायत की हजारों आबादी का आवागमन इसी रास्ते से होता है. बेली ब्रिज के पिलर धंसने के बाद डीएम अभिलाषा शर्मा मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया है। .टूटे हुए पुल के हिस्से पर बना था बेली ब्रिज बता दें, जमुई जिले के सोनो बाजार से सटे गुजरने वाली बरनार नदी पर पहले काजवे पुल था. इसी पुल के सहारे 14 पंचायत के दर्जनों गांव के हजारों लोग का आवागमन होता है. 2023 के सितंबर महीने में बारिश के बाद काजवे पुल का आधा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके बाद लोगों ने पुल का मांग किया और फिर सीएम नीतीश कुमार भी क्षतिग्रस्त पुल पर पहुंचे थे. इसके बाद छठ के पहले टूटे हुए पुल के हिस्से पर बेली ब्रिज भी बनवा दिया गया, उसके बाद आवागमन सुचारू हो गया। 2 पिलर धंसने से झुका बेली ब्रिज लेकिन, बीते दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के बाद सोमवार की सुबह बेली ब्रिज के दो पिलर धंसने के कारण बेली ब्रिज एक तरफ थोड़ा सा झुक गया, जिसकी सूचना जिला प्रशासन को मिली. तब मौके पर पहुंचकर कोई हादसा ना हो इसलिए पुल पर आवागन को रोक दिया गया। मौके पर पहुची डीएम अभिलाषा शर्मा ने बताया कि भागलपुर से विभाग की टेक्निकल टीम पहुंच रही है, जो स्थिति को देखकर आगे की जानकारी देगी, डीएम ने यह भी बताया कि यहां नए पुल के लिए भी प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है, जल्द ही यहां नया पुल भी बनेगा, फिलहाल टेक्निकल टीम जो परेशानी हुई है उसे देख रही है कोई हादसा ना हो इस कारण कुछ देर के लिए पुल पर आवागमन को रोका गया है।

## विश्वकर्मा पूजा एवं अनंत चतुर्दशी के पर्व की सामग्री खरीदारी को लेकर बाजार में उमड़ी भीड़



प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। विश्वकर्मा पूजा एवं अनंत चतुर्दशी को लेकर संग्रामपुर बाजार में पूजा की खरीदारी करने वाले लोगों की वजह से दिन भर भीड़ बनी रही। वही टोटो चालक के द्वारा बाजार में बेतरतीब ढंग से गाड़ी खड़ी कर देने की वजह से दिन भर जाम की समस्या बनी रही। मंगलवार को हिंदू धर्म के दो महत्वपूर्ण पर्व विश्वकर्मा पूजा एवं अनंत चतुर्दशी को लेकर आसपास के गांव के लोग पूजा से संबंधित सामग्री की खरीदारी करने के लिए बाजार पहुंचे थे। बाजार पहुंचने वाले अधिकांश लोग टोटो से ही बाजार पहुंच रहे थे जिस वजह से बाजार में जाम की समस्या भी देखी गई। बारिश के मौसम होने के बावजूद भी पूजा एवं साज सज्जा की दुकानों पर भीड़ देखी गई। बाजार के व्यवसायी कुश केशरी, पवन केसरी, मुकेश लहेरी इत्यादि ने बताया की वैसे तो रविवार को बाजार ठंडा रहता है परंतु सोमवार को पर्व होने की वजह से दुकानों एवं बाजारों में अच्छी खासी भीड़ है। सोमवार को हार्ट का दिन होने की वजह से भी बाजार में भीड़भाड़ एवं जाम की समस्या बनी हुई थी।

## ई रिक्शा को चार्ज करने के दौरान चालक की मौत



प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)।थाना क्षेत्र के झिकुली गाँव में रविवार की संध्या टोटो को चार्ज करने के दौरान विद्युत प्रवाह के संपर्क में आने से 18 वर्षीय टोटो चालक रौशन कुमार की मृत्यु हो गई। मृतक टोटो चालक भागलपुर जिले के नाथनगर के गोसाई दासपुर गांव का रहने वाला था। झिकुली में वह अपनी नानी घर आया हुआ थां। प्राप्त जानकारी के अनुसार रौशन का अपना टोटो था और वह खुद से इसे चला कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता था। रविवार को दिनभर संग्रामपुर बाजार में टोटो चलाने के बाद संध्या वह अपनी नानी घर झुकूली पहुंचा।

घर के सामने उसने टोटो को चार्ज में लगाया हुआ था। कुछ देर के बाद टोटो चार्ज हो रही है या नहीं इसे देखने के लिए वह टोटो के पास आया। टोटो में किसी वजह से करंट आ रही थी।रौशन जैसे ही टोटो के संपर्क में आया करंट उसके शरीर में दौड़ गई और वह अचेत होकर गिर गया। आनन फानन में परिजनों के द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लाया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

इस संबंध में सोमवार को बदहवास मृतक की नानी उमा देवी एवं मामा रंजीत शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि रौशन 2 दिन पहले अपनी नानी घर आया हुआ था। रौशन के गांव गोसाई दासपुर में बाढ़ आई हुई थी जिस वजह से रौशन नानी घर आकर ही टोटो चला रहा था।उसके परिवार की आर्थिक स्थिति काफी बदतर थी। उसके पिताजी पप्पू साह घूम घूम कर आइसक्रीम बेचकर किसी प्रकार अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। इस वजह से तीन भाइयों में सबसे बड़े रौशन ने कम उम्र में ही अपने परिवार को आर्थिक मदद पहुंचाने के उद्देश्य से टोटो निकाल कर खुद से चला रहा था। मामा रंजीत साह ने बताया कि रात्रि में ही उसके माता-पिता को घटना की सूचना दे दी गई। वहां से आए उसके परिजन रात्रि में ही शव को अपने गांव लेकर चले गए।

## संगठन की मजबूती हेतु मुंगेर के वरिष्ठ राजद नेता ने मुजफ्फर हुसैन से कि मुलाकात



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जिला राष्ट्रीय जनता दल मुंगेर के संगठन प्रभारी आदरणीय मुजफ्फर हुसैन राही जी से परिसदन मुंगेर में राजद के अन्य वरिष्ठ साथियों के साथ शिष्टाचार मुलाकात किया। तथा उनसे बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री बिहार का भविष्य माननीय तेजस्वी यादव जी का जनसंवाद कार्यक्रम के तहत मुंगेर आगमन सहित , संगठन की मजबूती एवं 2025 के विधानसभा चुनाव के संदर्भ में विस्तार से चर्चा किया। इस अवसर पर राजद के वरिष्ठ नेता नरेश सिंह यादव, राजद के प्रदेश महासचिव प्रमोद यादव, राजद के पूर्व जिला अध्यक्ष देवकीनंदन सिंह, जिला राजद अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल भूषण, जिला युवा राष्ट्रीय जनता दल मुंगेर के अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ वसीम, सैनिक प्रकोष्ठ राजद के जिला अध्यक्ष नवल किशोर, जमालपुर राजद के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद कौसर फैयाज, जमालपुर नगर राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व अध्यक्ष मंटू यादव, युवा राष्ट्रीय जनता दल के जिला महासचिव राकेश कुशवाहा उर्फ राजा, सामाजिक कार्यकर्ता दिवाकर यादव, प्रवीण कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ई-शिक्षाकोष से उपलब्ध होंगे प्रश्न- पत्र तीसरी से आठवीं की लिखित परीक्षा होगी

### अर्द्धवार्षिक परीक्षा में पहली बार दूसरी कक्षा के छात्रों की केवल मौखिक परीक्षा ही ली जाएगी

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर।जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में 18 सितंबर से दो पालियों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा ली जाएगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 तो दूसरी दोपहर 1 से 3 बजे तक होगी। परीक्षा में गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र में संचालित 67 स्कूलों से लगभग 11797 विद्यार्थी शामिल होंगे। पहली बार दूसरी कक्षा के छात्रों की भी सिर्फ मौखिक परीक्षा ले जाएगी। जबकि,पहले से ही पहली कक्षा के विद्यार्थियों की मौखिक परीक्षा ली जा रही है। इन दोनों कक्षाओं के छात्रों के लिए ई- शिक्षकोष के माध्यम से प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। तीसरी से आठवीं कक्षाओं के विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा ली जाएगी। इस बार 2 फीट की दूरी पर परीक्षार्थियों को बैठाया जाएगा,ताकि एक दूसरे को देखकर नकल नहीं कर सके। परीक्षा शुरू होने के 1 घंटे बाद ही परीक्षार्थियों को वर्ग कक्ष से बाहर जाने की अनुमति दी जाएगी। खास बात यह है

कि इस बार अर्द्धवार्षिक परीक्षा में वीक्षण कार्य के लिए प्रखंड स्तर पर एक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक को दूसरे विद्यालय में प्रतिनियुक्ति किया जाएगा ताकि, परीक्षा स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त संपन्न हो सके। जबकि,एचएम व स्कूल के एक वरीय शिक्षक अपने ही स्कूल में केंद्राधीक्षक के रूप में काम करेंगे। डीईओ ने बीईओ व एचएम को पत्र भेज कर कदाचारमुक्त परीक्षा लेने का आदेश दिया है। मूल्यांकन का कार्य सीआरसी स्तर पर शिक्षकों द्वारा 26 से 30 सितंबर तक किया जाएगा। परीक्षा के परिणाम से चलेगा गुणवत्ता का पता जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि परीक्षा की सफलता और किसी को परेशानी न हो इसके लिए जिला शिक्षा व प्ररवंड कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित होगा।यहां कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।कहा कि यह परीक्षा बच्चों से ज्यादा शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण है।क्योंकि बच्चों की परीक्षा परिणाम बताएंगे कि शिक्षकों द्वारा दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता कैसी है।अर्द्धवार्षिक परीक्षा के आयोजन और शिक्षकों की भूमिका को लेकर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने निर्देश जारी किए हैं।उहोंने निर्देशित किया है कि शिक्षकों के शैक्षाणिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन को सेवा पुस्तिका में अंकित करेंगे।

## हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी मिलाद उद नबी

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। सोमवार को प्रखंड मुख्यालय गिद्धौर में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दिवस मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के जामा मस्जिद गिद्धौर के इमाम साहब नाजिम अंसारी ने लोगों से कहा कि इस्लाम धर्म के अंतिम प्रवर्तक हजरत मोहम्मद साहब का व्यक्तित्व सत्य और सद्भावना से पूर्ण था। उनके कर्म आपसी भाईचारे और अमन चैन का समाज में पैगाम देते हैं। पैगंबर मोहम्मद हजरत साहब धार्मिक सहिष्णुता के पक्षधर थे। लिहाजा किसी भी किस्म की फसाद जो सामाजिक सौहार्द के ताने बाने को बिगाड़ता हो, उसे वो नापसंद करते थे। मोहम्मद साहब अमन और सुकून के हिमायती थे,वो मानते थे कि समाज की खुशहाली की इमारत आपसी भाईचारे व अमन चैन की बुनियाद पर कायम हो सकती है। कुरान के तीसवें पारे के अध्याय की सूरे काफेरून की आयत में अल्लाह ने कहा है कि लकुम दीनोकुम वलेयदन यानी तुम्हें तुम्हारा मजहब मुबारक और मुझे मेरा मजहब मुबारक। हम अपने अपने मजहबी अकीदे पर रहें, यानी अपने अपने धर्म में श्रद्धा बनाए रखें। कुरआन की उक्त आयत को हजरत मोहम्मद ने अपने आचरण और व्यवहार में लाकर धार्मिक सहिष्णुता की मिसाल आम अवाम के समक्ष प्रस्तुत की थी। हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब के 09 मुख्य संदेश में हजरत मोहम्मद ने कहा है कि अल्लाह की लानत नाजिल होती है। उन नौ समूहों के संदेश में पर जो मद है, जो शराब बनाए, जिसके लिए शराब बनाई जाए, जो उसे पिए, जिस तक पहुंचाई जाए, जो उसे परोसे, जो उसे बेचे, जो इससे अर्जित धन खर्चे, वह जो इसे खरीदे और जो किसी दूसरे के लिए खरीदे यदि तुम अल्लाह से प्रेम करते हो तो उसकी बनाई सृष्टि से प्रेम करो। अल्लाह उससे मोहब्बत करता है, जो उसके बंदों के साथ भलाई करता है। जो प्राणियों पर रहम करता है, अल्लाह उस पर रहम करता है।रहमदिली ईमान की निशानी है। जिसमें रहम नहीं उसमें इंसानियत नहीं। किसी का ईमान पूरा नहीं हो सकता जब तक कि वह साथी को अपने बराबर न समझे। अधर्म को सहन किया जा सकता है, मगर जुल्म और अन्याय को नहीं। पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के इन्ही उम्दा सोच से इस्लामिक समाज में उन्होंने अपनी एक उम्दा जगह बनायी थी। जिसे आज भी इस्लामिक समाज के लोग उनकी जयंती पर उन्हें याद करते हैं। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस पर जुलूस में शामिल हो शांति व सौहार्द का पैगाम दिया। इस मौके पर जुलूस में जासीम खाँन,फयाज खान,झुन्नु खाँन,मुमताज दीवाना, सरफराज खान,ताजुद्दीन अंसारी, आफताब अंसारी,असगर खान, मोहम्मद साहिद के अलावे दर्जनों मुस्लिम समुदाय के धर्मावलंबी मौजूद थे।

## खेती बाड़ी- शनिवार की सुबह से शुरू हुई बारिश रविवार को भी रह- रहकर हल्की बूंदाबांदी हुई

### अधिक तापमान फसल को पहुंचा रहा था नुकसान,अब स्थिति ठीक

प्रात : किरण संवाददाता



गिद्धौर। समय पर हुई बारिश धान की फसल को काफी लाभ पहुंचाने वाली है। कृषि विभाग के जानकार प्रवीण सिंह ने बताया कि एक हेक्टेयर धान की फसल में पैदावार तक लगभग 5000 लीटर पानी की आवश्यकता होती है। इसका 75 प्रतिशत यानी करीब चार हजार लीटर पानी पौधे में बाली निकलने तक में उपयोग कर लिया जाता है। शेष धान की वाली निकालने के बाद पौधा प्राप्त करता है। गाभ निकलने को हम पौधे में गर्व की अवस्था से समझ सकते हैं। उस अवधि के दौरान फसल में सबसे अधिक पानी की आवश्यकता होती है। पौधों को अतिरिक्त पोषण की जरूरत होती है। धान की फसल में पानी उस आवश्यकता को पूरी करता है। उन्होंने बताया कि गाभ के बाद बाली निकालनी शुरू होती है। धान की फसल 80 से 100 दिनों में गाभ की स्थिति यानी फल देने की अवस्था में होती है। फसली पौधे उसे अवधि में प्रवेश करने वाले हैं। ऐसे समय में शनिवार की सुबह से ही बारिश शुरू हुई है। सुबह से कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। रविवार को भी रह-रहकर कर हल्की बूंदाबांदी होती रही। ऐसे में इस बारिश को फलदायिनी की संज्ञा दी जा रही है। जबकि इसके पहले अधिकतम तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा था और आभास 42 से 43 डिग्री जैसे गर्मी का हो रहा था। इससे भी कृषि कार्यों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था।कृषि जानकार प्रवीण सिंह ने बताया कि कम अवधि वाले धान की फसल में 80 व लंबी अवधि की फसल में 100 दिनों में पौधे गाभ की अवस्था में आते हैं। यह वही अवधि होती है, जिसमें बालियां निकलती है।उसमें दाने बनने शुरू हो जाते हैं। इस अवधि में सबसे अधिक पानी की जरूरत फसल को होती है। बाली निकालने के बाद पूरी फसल का एक चौथाई पानी ही चाहिए होता है। बढ़ रहा था कीट-व्याधि का प्रकोप किसान रंजीत यादव,दरोगी पासवान,बनी यादव,बास्की मंडल,मनोज यादव,पप्पू चौरसिया,लक्ष्मण यादव आदि ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से गर्मी का काफी बढ़ गई थी।आसमान में बादल छाते थे। लेकिन बारिश होने की जगह उमस भरी बढ़ जाती थी। इससे फसल में कीट-व्याधि का प्रकोप बढ़ रहा था।शनिवार की सुबह से बारिश से मौसम का मिजाज ठंडा हो गया है।इसमें पौधे स्वस्थ होंगे। कीट आदि पर स्वतः नियंत्रण होगा। एक सप्ताह के अंदर फसल गाभ की स्थिति में होगी। ऐसे समय बारिश में बड़ी राहत मिली है। इन किसानों ने बताया कि अब आगले दस-पंद्रह दिनों के लिए पटवन की समस्या हल हो गई है। इस दौरान पौधे में बालियां भी निकल आयेंगी। बालियां निकलने के बाद होगी पानी की कम जरूरत किसानों ने बताया की बालियां निकलने के बाद फसल में पानी व अन्य रखरखाव की जरूरत कम ही पड़ती है।इसके पहले धान की फसल में दूसरे और तीसरे यानी अंतिम चरण की निकोनी और उर्वरक का (टॉप ड्रेसिंग) कर लिया गया। कृषि वैज्ञानिक ने बताया की रोपाई के समय ही पहले ड्रेसिंग की जाती है। उसके बाद 25-30 दिनों फिर 60 से 65 दिनों में यह काम होता है। इस दौरान खरपतवार की निकोनी का काम भी होता है। गाभ की अवस्था में कभी-भी किसी तरह के खाद व दवा आदि का व्यवहार नहीं करना चाहिए। इससे बाली निकलने में परेशानी होती है। बालियां भी कम निकलती है।

## खेलों इंडिया वूमेंस खो- खो लीग के लिए मुंगेर में 19 सितंबर को सेलेक्शन ट्रायल हो



● इस सिलेक्शन ट्रायल में मुंगेर जिले के सभी सरकारी एवं प्राइवेट स्कूल सब जूनियर एवं जूनियर बालिका खिलाड़ी भाग ले सकते हैं

● मुंगेर जिले से चयनित खिलाड़ी बिहार टीम के सेलेक्शन ट्रायल में भाग लेंगे

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर (बिहार)। पश्चिम बंगाल में आयोजित अस्मिता खेलों इंडिया सब जूनियर एवं जूनियर वूमेंस खो- खो प्रतियोगिता-2024-25 में भाग लेने वाली बिहार स्टेट सब जूनियर एवं जूनियर बालिका खो-खो टीम के सेलेक्शन ट्रायल में भाग लेने के लिए मुंगेर जिला के खिलाड़ियों का सिलेक्शन ट्रायल मुंगेर जिला खो- खो संघ के सेक्रेट्री सह जनकल्याण शिव शक्ति हरिमोहन फाउंडेशन के फाउंडर स्पोर्ट्स प्रमोटर अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हरिमोहन सिंह के नेतृत्व में 19 सितंबर 2024 को इंडोर स्टेडियम मुंगेर के प्रांगण में शाम 4 बजे से आयोजित किया जाएगा । इस सिलेक्शन ट्रायल में मुंगेर जिले के सभी प्राइवेट एवं सरकारी स्कूल के सब जूनियर एवं जूनियर बालिका वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। सभी खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड की फोटो कॉपी एवं पासपोर्ट साइज का फोटो अनिवार्य रूप से लेकर आएंगे। चयनित खिलाड़ी को बक्सर में होने वाले पश्चिम बंगाल में आयोजित अस्मिता खेलों इंडिया वूमेंस सब जूनियर नेशनल खो- खो प्रतियोगिता-2024-25 में भाग लेने वाली बिहार स्टेट सब जूनियर एवं जूनियर बालिका खो- खो टीम के सिलेक्शन ट्रायल में भाग लेने का मौका मिलेगा। अधिक जानकारी के लिए मुंगेर जिला खो- खो संघ के गणमान्य पदाधिकारीगण से 9123142461 पर संपर्क किया जा सकता है।

## 2019 बैच के आईपीएस चन्द्र प्रकाश बने जमुई के 33 वें एसपी

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई : 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी चंद्र प्रकाश ने रविवार को जमुई जिले के 33 वें पुलिस अधीक्षक (एसपी) के रूप में पदभार ग्रहण किया। एसपी के पद को संभालते ही उन्होंने जिले में अपराध, नक्सलवाद, और अवैध तस्करी पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने की घोषणा की है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जिले में बालू और शराब तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों पर सख्ती से निपटा जाएगा और इस दिशा में प्रभावी रणनीति तैयार की जा रही है। तस्करों और नक्सलियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई चंद्र प्रकाश ने कहा कि जिले में बालू और शराब तस्करों के खिलाफ एक सुनियोजित और ठोस कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि नक्सली गतिविधियों को रोकने के लिए एक विशेष योजना तैयार की गई है। इस योजना का उद्देश्य जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना और किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना होगा। उन्होंने बताया कि नक्सलियों और अपराधियों के खिलाफ कानून के दायरे में रहकर सख्ती से निपटा जाएगा। जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। हम हरसंभव कोशिश करेंगे कि जिले में कानून का पालन सख्ती से हो और जो भी व्यक्ति कानून तोड़ेगा, उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी,ह्व चंद्र प्रकाश ने कहा। शहरवासियों से सहयोग की अपील अपने पदभार ग्रहण करते ही चंद्र प्रकाश ने जमुई के नागरिकों से अपील की कि यदि किसी को किसी प्रकार की समस्या हो या कोई जानकारी मिले तो वे सीधे उनके सरकारी मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि सूचना देने वाले का नाम और पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी, जिससे लोग निडर होकर प्रशासन का सहयोग कर सकें। उन्होंने कहा, ह्लहम अपराध को जड़ से खत्म करने के लिए जनता के सहयोग की अपेक्षा करते हैं। आपकी दी हुई जानकारी हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हम इस पर त्वरित कार्रवाई करेंगे।पूर्व एसपी के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प नए एसपी चंद्र प्रकाश ने कहा कि वे अपने पूर्ववर्ती अधिकारियों द्वारा जमुई में किए गए कार्यों को और आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले में जो कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में कार्य किए गए हैं, उन्हें और भी बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, ह्लमैं अपने वरिष्ठ अधिकारियों और यहां के पूर्व एसपी द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को आगे ले जाने का प्रयास करूंगा। जमुई को एक सुरक्षित और अपराध मुक्त क्षेत्र बनाने की दिशा में काम करूंगा, ताकि नागरिकों को एक शांतिपूर्ण माहौल मिल सके। जिले में शांति और सुरक्षा के लिए योजनाओं का खाका तैयार चंद्र प्रकाश ने यह भी बताया कि उन्होंने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक विस्तृत योजना तैयार की है।

## धूमधाम से भगवान बलभद्र की पूजा

प्रात : किरण संवाददाता



संग्रामपुर (मुंगेर)। संग्रामपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित आर्या भवन में रविवार को व्याहुत कलवार समाज संग्रामपुर की ओर से बड़े ही धूमधाम से भगवान बलभद्र भगवान का पूजनोत्सव आयोजित किया गया। जहां संग्रामपुर के अलावा बांका जिला के बेलहर, साहेबगंज सहित आस पास के व्याहुत कलवार समाज के लोगों ने सामिल होकर एकता का परिचय दिया। पूजा की शुरूआत सुप्रसिद्ध पुरोहित के द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ हुई। भगवान बलभद्र के मूर्ति का अनावरण संग्रामपुर के पूर्व मुखिया प्रमोद भगत ने किया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पूजा स्थल पर हवन किया गया। इस दौरान महिलाओं बच्चों सहित युवाओं ने जमकर जयकारे लगाए। संग्रामपुर सहित अन्य जगहों से पहुंचे व्याहुत कलवार समाज के लोगों ने भगवान को पुष्प अर्पित किए और सामूहिक भंडारे में शामिल हुए। भगवान बलभद्र की पूजा के दौरान समाज के युवा वर्गों ने अपनी महती भूमिका निभाई। मौके पर व्याहुत समाज के वापी भगत, प्रेमनीति भगत, अभिषेक भगत, नीलाभ भगत, अमर नाथ भगत सहित भगत समाज के अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## रेलवे के कई विभागों में रेलकर्मियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाई विश्वकर्मा पूजा

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] सृष्टि का सूजनकर्ता व शिल्पकारों के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा सोमवार को झाझा रेलवे परिसर के कई विभागों में रेलकमीर्यों के द्वारा धूमधाम के साथ मनाई गई। रेलवे आईओडब्ल्यू, दूर संचार विभाग, टीआरडी, मेमू कारशेड, कैरेज एंड वैगन, क्रूलोबी सहित अन्य विभागों में रेलकर्मियों के द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना विधि विधान के साथ करते हुए अपने जीवन के कष्टो को दूर कर रेलवे कार्य के दौरान अपना आशीर्वाद सदैव बनाए रखने की कामना किया। रेलवे के विभिन्न विभागों में भव्य पंडाल और सजावट के बीच विराजमान शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की पूजा को लेकर रेलकर्मियों में काफी उत्साह देखा जा रहा था और लोग अपने अपने विभाग में स्नान ध्यान कर पूजा अर्चना किया तो वही छोटे छोटे कई रेलवे कार्यालयों में भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर पर रेलकर्मियों के द्वारा पूजा अर्चना किया गया। आईओडब्ल्यू ओमप्रकाश ने बताया कि रेलकर्मियों में विश्वकर्मा पूजा को लेकर उत्साह दुगुना हो जाता है। विश्वकर्मा पूजा को लेकर रेलवे परिसर में जहां जहां विश्वकर्मा पूजा आयोजित हो रहा है उस जगह को काफी आकर्षक रूप से सजाया गया। वही जगह जगह लगने वाला मेला इस बार बारिश के कारण फीका साबित होते दिखाई दिया। वही दूसरी ओर मंगलवार को लौह व्यवसाय से जुड़े लोग, गैरेज सहित अन्य जगहों पर विश्वकर्मा पूजा मनाई जाएगी जिसको लेकर लोग तैयारी में जुटे रहे।




श्रम सभ्यता का मूल है।श्रम से ही सभ्यता का निर्माण हुआ और अब भी हो रहा है। आदि मानव जंगलों और पहाड़ों की गुफाओं में रहता था।ऐसे ही दौर में उसे ज्वालामुखी और दावानल की आग से परिचय हुआ।इस आग का भयानक रूप देख आदि मानव जरूर डर गया होगा।डर या खतरा तो उसे जंगली हिंसक जानवरों से भी थी।फिर भी उसने हार नहीं मानी।जलते हुए लकड़ी के एक टुकड़े से दूसरी जगह रखी सूखी लकड़ियों में आग जला कर उसने आग पर विजय प्राप्त की।कल तक जिस जंगली हिंसक जानवरों को देख उसकी रूह कांप जाती थी ,अब आग की धधकती ज्वाला को देख वे जानवर डर कर दूर भागने लगे। इस तरह नूतन सभ्यता के सृजन में आदि मानव एक कदम आगे बढ़ा। लकड़ियों में जलती आग और अपने दिल के अंदर की जिज्ञासा को उसने कभी थमने नहीं दिया।फिर जंगलों को जलाकर खेत बनाए।कृषि का विकास हुआ।सभ्यता की डगर पर आदि मानव के कदम दर कदम बढ़ते रहे ,बढ़ते रहे।इसमें कोई देव या अदृश्य शक्ति उसका मददगार नहीं था।मददगार थी तो केवल उसकी जीजिविषा।आग का आविष्कार उस समय का पहला क्रांतिकारी परिवर्तन था।फिर पहिए का आविष्कार हुआ।वह पहला वैज्ञानिक था जिसने पहिए का आविष्कार किया।पहिए के आविष्कार ने न केवल आवा- गमन को आसान बनाया बल्कि इसी से कालांतर में मिट्टी के बर्तनों का निर्माण हुआ। ह्यकर तल भिक्षा ,तरुतल वास : ह्ण की स्थिति समाप्त हुई। पाषाण युग से लौह युग , ताम्र युग का सफर तय करते हुए हम यहां तक पहुंचे हैं।इसके मूल में श्रम का ही योगदान है।श्रम के बिना इस भौतिक जगत में कुछ भी सृजन सम्भव नहीं है।श्रम चाहे मनुष्य का हो या यंत्रों का।यंत्र भी तो मानव निर्मित ही है।



ब्रह्मानन्द ठाकुर
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

विश्वकर्मा को श्रम का देवता माना गया है।उन्हें सृजन , निर्माण , वास्तुकला, मूर्तिकला ,शिल्पकला , विभिन्न औजारों , और वाहनों का अधिष्ठाता कहा जाता है।कहा तो यह भी जाता है कि सतयुग में स्वर्गलोक ,त्रेता में सोने की लंका ,द्वापर में द्वारिका और कलियुग के प्रथम चरण में इन्द्रप्रस्थ और हस्तिनापुर का निर्माण इसी विश्वकर्मा ने किया। यह भी कि कृष्ण के आदेश पर विश्वकर्मा ने रातों रात सुदामा के लिए द्वारिका की तरह ही एक भव्य महल तैयार कर दिया था।यह तार्किक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सम्भव नहीं लगता। किसी भी तरह के निर्माण या उत्पादन के लिए श्रम आवश्यक है।यहां तक कि पूंजी भी श्रम का ही उत्पाद है। लेकिन पूंजीवादी अर्थव्यवस्था ने पूंजी को प्राथमिकता देते हुए श्रम को दोयम स्थान पर ला दिया है।कहने के लिए ह्य श्रमेव जयते ह्य भले ही है लेकिन व्यावहारिक रूप में ऐसा नहीं है।श्रम का सामाजिक महत्व होता है।लेकिन आज श्रमिकों को समाज में या उनके नियोजन संस्थानों में वह स्थान नहीं मिल रहा है ,जिसके वे वास्तविक हकदार हैं। उनके श्रम की चोरी लगातार बढ़ती जा रही है।श्रम की इसी चोरी से पूंजीपति दिन प्रतिदिन माला माल और श्रमिक कंगाल होते जा रहे हैं।कारखानों में उनपर छंटनी और तालाबंदी की तलवार हमेशा लटकी ही रहती है। इस पूंजीवादी व्यवस्था के संचालक तथा कथित लोकतांत्रिक सरकारें श्रम और श्रमिक विरोधी कानून बना कर अपने आका पूंजीपतियों के हित में श्रमिकों के हितों पर लगातार कुठाराघात कर रहे हैं। आज के बदलते परिवेश में विश्वकर्मा पूजा का उद्देश्य ह्यभगवान विश्वकर्मा ह्यकी मूर्ति बना कर उनकी पूजा करना नहीं बल्कि हर तरह के सृजन और निर्माण के लिए समर्पित श्रमिकों के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्हें समाज में प्रतिष्ठा और उनका वाजिब हक दिलाने के लिए आवाज बुलन्द करना होना चाहिए।

# श्राद्ध संबंधी कुछ शास्त्रीय जानकारी

श्रीमती प्राची जुवेकर



**प्रश्न : प्रायः संध्या, रात्रि, संधिकाल एवं उनके निकट का समय श्राद्ध के लिए क्यों वर्जित रहता है?**

संध्याकाल, रात्रि, संधिकाल तथा उनके आस-पास के समय में वायुमंडल रज-तम से दूषित रहता है ।अतः, जब लिंगदेह श्राद्धस्थल पर आते हैं, तब उनके मांत्रिकों के चंगुल में फसने की आशंका अधिक रहती है।इसलिए, उपर्युक्त कालों में श्राद्ध करना मना है । संध्याकाल, रात्रि एवं संधिकाल के निकट के समय में लिंगदेहों से संबंधित ऊर्जा-तरंगों का प्रवाह तीव्र रहता है ।इसका लाभ उठाकर अनेक अनिष्ट शक्तियां इस गतिमान ऊर्जास्रोत के साथ पृथ्वी के वायुमंडल में आती हैं ।इसलिए, इस काल को रज-तम तरंगों का आगमनकाल भी कहते हैं ।संध्याकाल वातावरण में तिर्यक तरंगें प्रबल रहती हैं, संधिकाल में विस्फुटित तरंगें प्रबल रहती हैं तथा रात्रि के समय विस्फुटित, तिर्यक और यम तीनों प्रकार की तरंगें प्रबल रहती हैं ।इसलिए, इस समय वातावरण अत्यंत ऊष्ण ऊर्जा से प्रभारित रहता है ।श्राद्ध के समय जब विशिष्ट पितर के लिए संकल्प और आवाहन किया जाता है, तब उनका वासनायुक्त लिंगदेह वायुमंडल में आता है ।ऐसे समय यदि वायुमंडल रज-तम कणों से प्रभारित रहेगा, तब उसमें संचार करनेवाली अनिष्ट शक्तियां, पितरों का मार्ग रोक सकती हैं ।कभी-कभी तो मांत्रिक किसी पितर को अपने नियंत्रण में लेकर उनसे बुरा कर्म करवाते हैं ।इससे उन्हें नरकवास भोगना पडता है ।इसलिए, यथासंभव वर्जित समय में श्राद्धादि कर्म नहीं करने चाहिए ।इससे पता चलता है कि हिन्दू धर्म में बताए गए कर्मों का विधिसहित पालन करना कितना महत्त्वपूर्ण है । विधि-विधान से धर्मकर्म करने पर ही इष्ट फल की प्राप्ति होती है ।

**प्रश्न : सायंकाल श्राद्ध करने पर, पहले से प्रदूषित वायुमंडल अधिक दूषित होना; फलस्वरूप श्राद्ध के पुरोहित और यजमान दोनों को महापाप लगना**

सायंकाल के वातावरण में बडी मात्रा में रज-तम भरा होता है । इस समय ब्रह्मांड में भी पृथ्वी और आप तत्त्वों की सहायता से सक्रिय रज-तमात्मक तरंगें अधिक होती हैं ।ये तरंगें भारी होने के कारण इनका आकर्षण नीचे, अर्थात पाताल की ओर होता है ।इन तरंगों से वातावरण में निर्मित अति दबाववाले क्षेत्र के कारण, धरती से संबंधित तिर्यक एवं विस्फुटित तरंगें सक्रिय होती हैं ।यदि ऐसे रज-तमात्मक वातावरण में व्यक्ति अपने पितरों के लिए श्राद्धादि शांतिकर्म करता है, तब पितर अपने रज-तमात्मक वासनामय कोषसहित वातावरण में प्रवेश कर, पहले से ही प्रदूषित सायंकालीन वायुमंडल को अधिक दूषित करते हैं ।इससे, श्राद्ध के पुरोहित और यजमान दोनों को महापाप लगता है और उन्हें नरकवास भोगना पडता है ।अतः, यथासंभव सायंकाल रज-तमात्मक कर्म नहीं करने चाहिए ।

**संदर्भ : सनातन का ग्रंथ 'श्रा' (भाग-1) महत्त्व एवं अध्यात्मशास्त्रीय विवेचन**

# भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का विस्तृत क्षितिज

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय एक ऐसे जीवंत व सुदृढ़ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है जो न केवल भारत की आर्थिक समृद्धि में योगदान दे, बल्कि देश के लोगों का कल्याण भी सुनिश्चित करे। साथ मिलकर, हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं, जहां विकसित भारत की आकांक्षाओं और एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के सपने को साकार करते हुए भारत खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित होगा।**





श्रीमती अनीता प्रवीण
(सचिव, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय)

भारत दुनिया की सबसे बड़ी एवं सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और इसका खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आर्थिक विकास को गति देने एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत सरकार ने विभिन्न व्यावहारिक पहलों के साथ-साथ सुधारों के एक नए युग की शुरूआत की है, जिसने भारत को तेजी से विकास के पथ पर ला खड़ा किया है। राष्ट्र न केवल अभूतपूर्व प्रगति एवं विकास का साक्षी बना है, बल्कि एक जीवंत एवं विविधतापूर्ण अर्थव्यवस्था द्वारा संचालित एक वैश्विक शक्ति के रूप में भी उभरा है।

भारत सरकार की प्रगतिशील नीतिगत पहलों एवं उपायों के कारण, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है और मैन्यूफैक्चरिंग के सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में 7.66 प्रतिशत और वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कृषि के जीवीए में 8.45 प्रतिशत का योगदान दिया है।

समृद्ध एवं विविधतापूर्ण कृषिगत संसाधनों से लैस भारत वैश्विक स्तर पर खाद्य उत्पादन के मामले में एक महत्वपूर्ण शक्ति है। दूध, पोषक अनाज, खाद्यान्न, फल, सब्जियां, चाय और मछली जैसी कई खाद्य पदार्थों का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते, इसने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत का कृषि-खाद्य निर्यात बढ़कर 46.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो इस क्षेत्र की तीव्र प्रगति और इसके बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दर्शाता है। कुल कृषि-खाद्य निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 2014-15 में 4.90 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 10.88 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई। नवाचार, निवेश और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के सही मिश्रण के साथ, यह क्षेत्र अपनी क्षमता का संपूर्ण दोहन करने और देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है।

भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार एवं विविधतापूर्ण अवसर उपलब्ध हैं और इसका प्रत्येक उप-क्षेत्र विकास की अनूठी संभावनाएं प्रदान करता है। प्रौद्योगिकी के आगमन ने इस उद्योग में क्रांति ला दी है, जिससे खाद्य सुरक्षा, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला के प्रबंधन में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। ई-कॉमर्स में आए उछाल और उपभोग के लिए तैयार (रेडी-टू-ईट) व सुविधाजनक खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग ने इस क्षेत्र के विकास के नए रास्ते खोल दिए हैं, जिससे यह निवेशकों और उद्यमियों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया है।

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास को सहायता प्रदान करने हेतु, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने ऐसी कई योजनाएं और पहल लागू की हैं जो बदलाव लाने और एक मजबूत इकोसिस्टम को बढ़ावा देने में अहम रही हैं। यह इकोसिस्टम सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं बड़े उद्यमों में नवाचार, निवेश और समावेशिता को प्रोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) नाम की प्रमुख योजना ने खेतों से रिटेल आउटलेट तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इन प्रयासों से न केवल फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम किया जा सका है, बल्कि निर्यात क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अलावा, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएस) भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रमुख प्रयास है। मंत्रालय देश में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की स्थापना/उन्नयन के लिए वित्तीय, तकनीकी और व्यावसायिक सहायता प्रदान करने हेतु केन्द्र प्रायोजित पीएम सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की औपचारिकीकरण योजना (पीएमएफएमई) भी लागू कर रहा है।

## वर्ल्ड फूड इंडिया: वैश्विक स्तर पर फूड बास्केट के रूप में भारत

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा परिकल्पित ह्यवर्ल्ड फूड इंडियाह्ण वैश्विक स्तर पर एक खाद्य प्रसंस्करण केंद्र के रूप में उभरने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह वार्षिक उत्सव एक ऐसे वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है, जो खाद्य मूल्य श्रृंखला के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित हितधारकों को एक साथ लाता है, पारस्परिक सहयोग को बढ़ावा देता है, ज्ञान साझा करने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करता है और भारत को एक वैश्विक खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रेरित करता है। यह बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम 19 से 22 सितंबर 2024 के दौरान नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। पिछले संस्करणों की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष के आयोजन का लक्ष्य अपेक्षाकृत अधिक बड़ा और प्रभावशाली कार्यक्रम का संचालन करना है जो नेटवर्किंग और सहयोग के अद्वितीय अवसर प्रदान करे।

मंत्रालय वैश्विक निवेशकों, व्यापारिक जगत की अग्रणी हस्तियों, खाद्य प्रसंस्करण कंपनियों, निर्यातकों, आयातकों, नवोन्मेषकों तथा सरकारी प्रतिनिधियों को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में शामिल होने और भारत के विशाल खाद्य बाजार व आर्थिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया है।

वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में पेट फूड, एचओआरईसीए (होटल, रेस्तरां और कैटरिंग) और फसल की कटाई के बाद (पोस्ट हार्वेस्ट) उपयोग में आने वाली मशीनरी सहित कई नए क्षेत्रों को समर्पित विशेष खंड शामिल होंगे। ये नए समावेश खाद्य उद्योग के उभरते परिदृश्य को दशार्येंगे और इनका उद्देश्य विविध किस्म के निवेश व नवाचारों को आकर्षित करना है। यह आयोजन उद्योग जगत के हितधारकों के बीच ज्ञान साझा करने और सहयोग की सुविधा की दृष्टि से डिजाइन किए गए विभिन्न विषयगत सत्रों की एक श्रृंखला का आयोजन करेगा। इसके मुख्य विषयों में टिकाऊ पैकेजिंग प्रौद्योगिकियां; अपशिष्ट को न्यूनतम करना, मूल्य को अधिकतम करना; खाद्य-पदार्थ एवं व्यापार के मामले में क्रांतिकारी बदलाव लाना शामिल होंगे। ये सत्र विशेषज्ञों को चुनौतियों का समाधान करने, सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करने और सतत विकास के लिए उपयुक्त रणनीतियों का पता लगाने के लिए एक मंच प्रदान करेंगे। इसी के समानांतर, ह्यरिवर्स बायर सेलर मीटह्ण अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों एवं भारतीय विक्रेताओं के बीच सीधे बातचीत को संभव बनाएगी, बाजार तक पहुंच सुलभ करेगी और नई साझेदारियों को बढ़ावा देगी।

उपरोक्त बातों के अलावा, भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा आयोजित वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन का आयोजन वर्ल्ड फूड इंडिया के साथ किया जायेगा । इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता और नवाचार से संबंधित महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान हेतु वैश्विक खाद्य नियामकों के बीच निरंतर बातचीत एवं सहयोग को प्रोत्साहित करना है।

# कौन करवाता है योजनाबद्ध धर्मांतरण

**अगर हम इतिहास के पन्नों को खंगाले तो देखते हैं कि भारत के संविधान निर्माताओं ने सभी धार्मिक समुदायों को अपने धर्म के प्रचार की छूट दी थी। क्या इसकी कोई आवश्यकता थी? बेशक, भारत में ईसाई धर्म की तरफ से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ठोस और ईमानदारी से काम किया गया है। पर कहने वाले कहते है कि उस सेवा की आड़ में धर्मांतरण का ही मुख्य लक्ष्य रहा है। उधर, इस्लाम का प्रचार करने वाले बिना कुछ किए ही धर्मांतरण करवाने के मौके खोजते है।**





-आर.के. सिन्हा-
(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

भारत के प्रत्येक नागरिक को किसी धर्म को मानने या ना मानने या फिर किसी भी धर्म से जुड़ने का अधिकार संविधान देता है, पर किसी प्रलोभन या गलतफहमी में योजनाबद्ध रूप से किसी तरह के धर्मांतरण को अपराध माना गया है।

इस आलोक में उत्तर प्रदेश की एक विशेष अदालत द्वारा हाल ही में अवैध धर्म परिवर्तन के मामले में दोषी करार दिये गये 12 लोगों को उम्रकैद और चार अन्य दोषियों को 10-10 वर्ष कैद की सजा सुनाना महत्वपूर्ण है। अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार दिया। अदालत की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, धर्मांतरण करवाने के धंधे से जुड़े शातिर लोगों को भारतीय दंड संहिता की धारा 121 ए (राष्ट्रद्रोह) के तहत सजा सुनायी गई। विशेष लोक अभियोजक एमके सिंह के मुताबिक, उमर गौतम और मामले के अन्य अभियुक्त एक साजिश के तहत धार्मिक उन्माद, वैमनस्य और नफरत फैलाकर देशभर में अवैध धर्मांतरण का गिरोह चला रहे थे। उनके तार कई दूसरे देशों से भी जुड़े थे। इसके लिए आरोपी हवाला के जरिए विदेशों से धन भेजे जाने के मामले में भी लिप्त थे। वे आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं और दिव्यांगों को लालच देकर और उन पर अनुचित दबाव बनाकर बड़े पैमाने पर उनका धर्म परिवर्तन करा रहे थे।

उमर गौतम को मुफ्ती काजी जहांगीर आलम कासमी के साथ 20 जून 2021 को दिल्ली के जामिया नगर से गिरफ्तार किया गया था। वह एक ऐसे अवैध संगठन का संचालन कर रहा था जो उत्तर प्रदेश में मूक- बधिर छात्रों और गरीब लोगों को इस्लाम में धर्मांतरित कराने में शामिल था। इस बात की पुरजोर आशंका जताई जा रही है कि इसके लिए उसे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से धन मिलता था। उमर गौतम पहले हिंदू था। लेकिन, उसने मुस्लिम धर्म स्वीकार कर लिया और धर्मांतरण कराने के अवैध धंधे में सक्रिय हो गया। उसने करीब एक हजार गैर मुस्लिम लोगों को इस्लाम में धर्मांतरित कराया और उनकी मुस्लिमों से दूसरी या तीसरी शादी कराई है।

देखिए, भारत में धर्म परिवर्तन को लेकर बहस तो होती रही है, होनी भी चाहिये। भारतीय संविधान धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जिसमें स्वेक्षा या स्वविवेक से धर्म बदलने का अधिकार भी शामिल है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 में धार्मिक स्वतंत्रता और धर्म बदलने के अधिकार की बात तो कही गई है। पर उमर गौतम और उनके साथी तो गरीब-गुरुबा लोगों को लालच और जोर-जबरदस्ती से धर्मांतरण करवा रहे थे। गौतम और उनका गिरोह भूल गया था कि धर्म परिवर्तन सामाजिक एकता को कमजोर कर सकता है और समाज में भयंकर नफरत पैदा कर सकता है। भारत में धर्म परिवर्तन एक संवेदनशील मुद्दा है, जिसमें कानूनी, धार्मिक और सामाजिक सभी पहलू शामिल हैं। कुछ साल पहले केरल के प्रतिष्ठित फिल्म निमार्ता निर्देशक अली अकबर और उनकी ईसाई पत्नी लूसीअम्मा ने आर्य समाज में हवन के जरिए हिन्दू धर्म अंगीकार कर लिया था। आर्य समाज के स्वामी जी द्वारा उनका नया नामकरण भी कर दिया गया है। अली अकबर को नया नाम मिला था राम सिम्हन। हिन्दू धर्म ही क्यों? यह प्रश्न पूछे जाने पर अली अकबर ने कहा था, ह्यक्योंकि हिंदू धर्म कोई धर्म नहीं बल्कि एक संस्कृति है। यहां नर्क में जाने का डर नहीं है। आप एक इंसान की तरह जी सकते हैं क्योंकि भगवान आपके अंदर हैं। अपने भीतर ईश्वर को देखना एक महान विचार है। कहते हैं कि राम सिम्हन केरल में हिंदू धर्म अपनाने वाले पहले मुसलमान थे। लेकिन, यह राम सिम्हन के स्वविवेकपूर्ण निर्णय को दशार्ता है। इसपर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिये!

एक बात बहुत साफ है कि किसी को लालच देकर या जोर जबरदस्ती धर्मांतरण करवाना तो कतई सही नहीं माना जा सकता है। समझ नहीं आता कि कुछ धर्मों से जुड़े लोग क्यों इसी फिराक में रहते हैं कि उनके धर्म से अन्य धर्मों को मानने वाले जुड़े जाएं। गुस्ताखी माफ, कई इस्लामिक और ईसाई संगठन इसी कोशिश में रहते हैं कि दूसरे धर्म को माननेवाले उनके मजहब का हिस्सा बन जाएं? यह कोई बात हुई क्या? फिर यदि बाकी धर्मों को मानने वाले लोग भी यही करने लगें, तो समाज में भाईचारा कहाँ और कैसे बचा रहेगा। अगर कोई अपने मन से उस धर्म को त्याग देता है, , जिसमें उसका जन्म हुआ है तब तो कोई बात नहीं है। उदाहरण के रूप में म्युजिक डायरेक्टर रहमान को ही लेते हैं। उन्होंने खुद ही हिन्दू धर्म को छोड़कर इस्लाम को स्वीकार कर लिया। उनके परिवार के बाकी सदस्यों ने भी इस्लाम अपना लिया। यहां तक तो सब ठीक है। पर कुछ तत्व सुदूर इलाकों में रहने वालों को अपना पाले में लाने की जुगाड़ में रहते हैं। इस सबकी तो हमारा संविधान अनुमति नहीं देता। जब गौतम जैसों पर एक्शन होता है तो कुछ कथित बुद्धजीवी अलाप करने लगते हैं। पिछले कई सालों से पंजाब से खबरें आ रही हैं कि राज्य में दलित सिखों को लालच देकर ईसाई धर्म से जोड़ा जा रहा है। मेरे संज्ञान में एक एक सच्ची घटना है जो मैं शेयर कर रहा हूँ।।

# भगवान विष्णु की अनन्त शक्ति और उनकी निरंतरता का प्रतीक है अनन्त पूजा

भगवान विष्णु की अनन्त शक्ति और उनकी निरंतरता का प्रतीक माना जाता है अनन्त चतुर्दशी। अनन्त शब्द का अर्थ होता है जिसका कोई अंत न हो। अनन्त चतुर्दशी के दिन भगवान विष्णु को अनन्त स्वरूप में पूजा जाता है। अनन्त का यह भी अर्थ है कि जो कभी भी अस्त ना हो, जो कभी भी समाप्त न हो और चतुर्दशी का अर्थ है चैतन्य रूपी शक्ति। इस व्रत को करने से जीवन में आने वाली कठिनाइयों और दुखों का निवारण होता है।

अनन्त चतुर्दशी का व्रत भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को हर वर्ष अनन्त चतुर्दशी मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार, इस वर्ष 16 सितंबर को 3 बजकर 10 मिनट पर चतुर्दशी तिथि की शुरूआत होगी और अगले दिन 17 सितंबर को 11 बजकर 44 मिनट पर यह समाप्त हो जाएगा। उदया तिथि के अनुसार, 17 सितंबर को अनन्त चतुर्दशी की पूजा की जाएगी।

अनन्त चतुर्दशी के संबंध में मान्यता है कि महाभारत काल से अनन्त चतुर्दशी व्रत की शुरूआत हुई है। अनन्त भगवान ने सृष्टि के आरंभ में चौदह लोकों तल, अतल, वितल, सुतल, तलातल, रसातल, पाताल, भू, भुवः, स्वः, जन, तप, सत्य और मह की रचना की थी। इन लोकों का पालन और रक्षा करने के लिए वह स्वयं भी चौदह रूपों में प्रकट हुए थे, जिससे वे अनन्त प्रतीत होने लगे।

अनन्त की पूजा में 14 गांठ होते हैं। अनन्त पीले, लाल रेशमी धागे या लाल + पीला मिलाकर बनाया जाता है और इसकी पूजा की जाती है। पूजा के पश्चात पुरुष दाएं तथा स्त्रियां बाएं हाथ में बाँधती है। चतुर्दशी पूर्णिमा युक्त होने पर विशेष लाभदायक होती है। इस व्रत की शुरूआत यदि कोई व्यक्ति बताता है तब किया जाता है या फिर अनन्त का धागा आसानी से मिलने पर किया जाता है और फिर यह व्रत उस कुल (खानदान) में चालू रहता है।

मान्यता है कि अनन्त व्रत के धागे के 14 गांठों का महत्त्व है मनुष्य शरीर में 14 प्रमुख ग्रंथियां। इस ग्रंथि के प्रतीक स्वरूप धागे में 14 गांठें रहती हैं। प्रत्येक ग्रंथि के विशिष्ट देवता रहते हैं। इन देवताओं का इन गांठों पर आवाहन किया जाता है। धागों का बल (मरोड़) शरीर से एक ग्रंथि से दूसरे ग्रंथि तक प्रवाहित होने वाली क्रिया शक्ति रुपी चैतन्यता के प्रवाह का प्रतीक है। 14 गांठों वाले धागे को मंत्र की सहायता से प्रतीकात्मक रूप से पूजा करके ब्रह्मांड के श्री विष्णु रूपी क्रिया शक्ति के तत्व की धागे में स्थापना करके ऐसी क्रिया शक्ति से और उसको भारित कर वह धागा बाजू में बांधने से देह पूर्णता शक्ति से भारित हो जाता है। इस कारण चेतना के प्रवाह को गति मिल कर देह का कार्य बल बढ़ने में सहायता मिलती है। अनन्त चतुर्दशी का व्रत भगवान विष्णु को प्रसन्न करने और अनन्त फल देने वाला माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने के साथ-साथ यदि कोई व्यक्ति श्री विष्णु सहस्त्रनाम स्तोत्र का पाठ करता है, तो उसकी समस्त मनोकामना पूर्ण होती है। इसलिए लोग धन-धान्य, सुख-संपदा और संतान आदि की कामना से यह व्रत करते है।



जितेन्द्र कुमार सिन्हा

पुराणों मे इस व्रत को करने का विधान नदी या सरोवर पर उत्तम माना गया है। परंतु आज के आधुनिक युग में यह सम्भव नहीं होता है, इसलिए घर में ही पूजा स्थान पर शुद्धिकरण करके अनन्त भगवान की पूजा तथा कथा किया और सुना जाता है। कहा जाता है कि एक दिन कौण्डिन्य मुनि की दृष्टि अपनी पत्नी शीला के बाएं हाथ में बंधे अनन्त सूत्र पर पडी, जिसे देखकर वह भ्रमित हो गए और उन्होंने पूछा-क्या तुमने मुझे वश में करने के लिए यह सूत्र बांधा है ? शीला ने विनम्रतापूर्वक उत्तर दिया-जी नहीं, यह अनन्त भगवान का पवित्र सूत्र है। परंतु ऐश्वर्य के मद में अंधे हो चुके कौण्डिन्य मुनि ने अपनी पत्नी की सही बात को भी गलत समझा और अनन्त सूत्र को जादू- मंतर वाला वशीकरण करने उसे डोरा समझकर तोड दिया तथा उसे आग में डालकर जला दिया। इस जघन्य कर्म का परिणाम भी शीघ्र ही सामने आ गया। उनकी सारी संपत्ति नष्ट हो गई। दीन-हीन स्थिति में जीवन-यापन करने में विवश हो जाने पर कौण्डिन्य मुनि ने अपने अपराध का प्रायश्चित करने का निर्णय लिया। वे अनन्त भगवान से क्षमा मांगने के लिए वन में चले गए। उन्हें रास्ते में जो मिलता वे उससे अनन्त देव का पता पूछते जाते थे। बहुत खोजने पर भी कौण्डिन्य मुनि को जब अनन्त भगवान का साक्षात्कार नहीं हुआ, तब वे निराश होकर प्राण त्यागने को उद्यत हुए। तभी एक वृद्ध ब्राह्मण ने आकर उन्हें आत्म हत्या करने से रोक दिया और एक गुफा में ले जाकर चतुर्भुज अनन्त देव का दर्शन कराया।

भगवान ने कौण्डिन्य मुनि से कहा- तुमने जो अनन्त सूत्र का तिरस्कार किया है, यह सब उसी का फल है। इसके प्रायश्चित के लिए तुम चौदह वर्ष तक निरंतर अनन्त-व्रत का पालन करो। इस व्रत का अनुष्ठान पूरा हो जाने पर तुम्हारी नष्ट हुई सम्पत्ति तुम्हें पुनः प्राप्त हो जाएगी और तुम पूर्ववत् सुखी-समृद्ध हो जाओगे। कौण्डिन्य मुनि ने इस आज्ञा को सहर्ष स्वीकार कर लिया। भगवान ने आगे कहा- जीव अपने पूर्ववत् दुष्कर्मो का फल ही दुर्गति के रूप में भोगता है। मनुष्य जन्म- जन्मांतर के पातकों के कारण अनेक कष्ट पाता है। अनन्त व्रत के सविधि पालन करने से पाप नष्ट होते हैं तथा सुख-शांति प्राप्त होती है। कौण्डिन्य मुनि ने चौदह वर्ष तक अनन्त व्रत के नियमपूर्वक पालन कर के खोई हुई समृद्धि को पुनःप्राप्त कर लिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### षड्यंत्र कर नाबालिग को गायब करने का मामला दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

बनियापुर। सहाजितपुर थाना क्षेत्र के शेखपुरा गाव मे षड्यंत्र कर नाबालिग को गायब करने के मामले मे नाबालिग की माता ने प्राथमिकी दर्ज कराई है,जिस मे एक युवक सहित परिवार के सदस्यों को नामजद करते षड्यंत्र कर पुत्री को गायब करने का आरोप लगाई है ।

दर्ज प्राथमिकी मे पीड़िता ने बताई है कि शौच के लिए अपनी 13 वर्षीय पुत्री के साथ गयी थी,जहा शौच के बाद पुत्री को आवाज दी तो नही बोली उसके बाद आस पास तथा अगल बगल काफी खोजबीन किया गया,कही पता नही चला,एक दिन पूर्व मौजे गोवा गाव का बुलेट नमक युवक मेरे घर के पास चक्कर लगा रहा था जिसे मना करने पर उलझ गया,धमकी दिया था तुम्हारी बेटी को उठा ले जाएगे,उसके घर पूछने पर उसके गार्जियन बोले की एक दो दिन मे वापस आ जाएगी,पीड़िता ने षड्यंत्र कर पुत्री को गायब करने का मामला दर्ज कराते कुशल बरामदगी की गोहर लगाई है।मामले मे पुलिस करवाई मे जुट गयी है।

### कार और बाइक की टक्कर में तीन घायल,एक रेफर

प्रातः किरण संवाददाता

इसुआपुर ।इसुआपुर बाजार के एसएच 90 पर आज सोमवार को कार और बाइक के बीच आमने-सामने टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार कार छपरा से मसरख की तरफ जा रही थी। वहीं बाइक चालक जुलूस से लौटकर अपने घर दरवां पूरब टोला प्यारेपुर जा रहे थे। स्थानीय लोगों के सहयोग से सीएचसी इसुआपुर ले जाया गया। घायलों में दरवां पूरब टोला प्यारेपुर गांव के सदरे आलम का 17 वर्षीय पुत्र जावेद अली वहीं दूसरा रहमतुल्ला अंसारी का 18 वर्षीय पुत्र डब्लू अंसारी तथा तीसरा अलाउद्दीन अंसारी का 18 वर्षीय पुत्र अशफ-ाक आलम बताए जाते हैं। प्राथमिक उपचार के बाद असफाक आलम को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। वहीं दोनों घायलों का इलाज सीएचसी में चल रहा है।

### विधायक ने दर्जनों योजनाओं का किया उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता

इसुआपुर । इसुआपुर में विकास की गंगा बह चली है। दो दिनों में दर्जनों सडकों तथा छठ घाटों का उदघाटन किया गया है। आने वाले दिनों में भी कई सड़कों तथा छठ घाटों का शिलान्यास तथा उद्घाटन किया जाएगा। ये बातें तरैया के बीजेपी विधायक सह बिहार विधानसभा में सत्तारुढ़ दल के उप मुख्य सचेतक जनक सिंह ने केरवा में छठ घाट के उद्घाटन के दौरान कह-ीं।. उन्होंने कहा कि प्रखंड के मुड़-वां ,संढ़वारा,जयथर, छपिया ,केरवां ,रामचौरा सहित कई गांवों में सड़क तथा छठ घाटों का उदघाटन किया गया है। हमारी एनडीए गठबंधन की सरकार विकास के लिए संकल्पित है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी तथा सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के विकास के लिए खजाने का मुंह खोल दिया है। साथ ही कहा कि क्षेत्र में जो भी कठिनाइयां हैं , उन सभी को ठीक कर लिया जाएगा। मौके पर मनोज सिंह, ,रजनीश सिंह, रूपेश सिंह, अनिल सिंह ,हरेंद्र प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र सिंह ,अर्जुन सिंह, लगन राय ,अशोक कु-शवाहा, शंकर कुशवाहा, रणंजय सिंह ,विकेश कुमार आदि थे।

# ईद मिलादुन्नबी: रात भर होती रही रहमत-व-नूर की बारिश

# जुलूस-ए-मुहम्मदी में झूम कर निकले नबी के दीवाने

■ आपसी सौहार्द व देशभक्ति का जबरदस्त जज्बा देखने को मिला

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा । इस्लाम के पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सअ की जयंती के मौके पर सोमवार को जिले भर में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया. इस दौरान मुसलमानों में एक अलग ही उत्साह देखने को मिला. जुलूस में शामिल होने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी. सिर पर साफा पहने, लक-दक कपड़े पहने लोग एक हाथ में धार्मिक झंडा और दूसरे हाथ में तिरंगा लहराते हुए जुलूस में शामिल हुए. जुलूस में शामिल घोड़े, ऊंट और विभिन्न प्रकार की झांकियां आकर्षण का केंद्र थीं. जबकि नबी की आमद मरहबा, सरकार की आमद मरहबा आका की आमद मरहबा से माहौल गूंज रहा था. ओलेमा जहां दरूद व सलाम पेश कर रहे थे वहीं शायर व नातख्वां हम्द, मनकेबत और नात पेश कर माहौल को खुशनुमा बना रहे थे.

रास्ते में मुस्लिम और हिंदू भाइयों ने चाय, पानी आदि के स्टॉल लगाए तो कई जगह आशिकाने रसूल पर फूल भी बरसाए गए.

#### पूरी दुनिया के लिए रहमते आलम हैं मुहम्मद

इस अवसर पर दारुल उलूम नईमिया, जामिया मस्जिद में आयोजित जिला स्तरीय जलसा सारी रात चलता र-हा. जिसमें देश भर से आए प्रख्यात विद्वानों ने कहा कि हजरत मुहम्मद सिर्फ मुसलमानों के लिए पैगंबर नहीं. बल्कि उन्हें पूरी दुनिया के लिए रहमत बना कर भेजा गया. ओलेमा ने उनकी सीरत (व्यक्तित्व) और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला. शायरों ने भी महफिल में खूब समां बांधा. फज्र की नमाज के बाद मुहम्मदी जुलूस निकाला गया जो साहेबगंज, हथुआ मार्केट, थाना चौक, मजहरुल हक पथ, डाक बंगला रोड, मालखाना चौक, सदर अस्पताल, दारोगा राय चौक होते हुए जुमनी मस्जिद पहुंच समाप्त हुआ. दूसरी तरफ जामा मस्जिद बड़ा तेलपा से मौलाना रज्जबुल कादरी की सरपरस्ती में जुलूस निकला और बड़ा तलपा, चांदनी चौक, बिचला तेलपा, कोरार, न्यू कॉलोनी, छोटा तेलपा, कटहरी बाग, करीम चक, सरकारी बाजार, खनुआ होते हुए वापस लौटा. ब्रह्मपुर से हाजी आफताब आलम के नेतृत्व में जुलूस शहर के पूर्वी छोर से पश्चिमी छोर तक गया. इसके अलावा मिर्चइया टोला, गडही तीर, दहियावां आदि ग्रामीण इलाकों के अलावा बनियापुर, कोपा, मशरख, दिघवारा, एकमा, दाउदपुर, लहलादपुर, तरैयां, नगरा, मकेर, अमनौर, सोनपुर, दरियापुर, मिर्जापुर, तेजपुरवा, ओलहनपुर आदि जगहों पर भी बड़े जज्बे, आपसी सौहार्द और देशभक्ति के साथ जुलूस निकाला गया.

#### सदर अस्पताल में मरीजों को बांटा फल

जामा मस्जिद से निकला जुलूस जब सदर अस्पताल पहुंचा तो वहां फैयाज आलम के नेतृत्व में मरीजों के बीच फल वितरित किया गया. श्री आलम ने कहा कि जरुरतमंदों की मदद और दुखियों की सेवा पैगम्बर मुहम्मद ने की ।

### बनियापुर मे धूमधाम से मनाया गया जश्ने ईद ए मिलादुन्नबी , निकला भव्य जुलुस मोहम्मदिया

प्रातः किरण संवाददाता



बनियापुर । बनियापुर मे पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद (स) की यौमे पैदाइश पर धूमधाम के साथ जश्ने ईद ए मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया।जहा बीते रात्रि मे सभी इस्लामिक संस्थानों को तरह तरह के लाइट से सुसज्जित कर जलसे का आयोजन किया गया,वही सुबह मे सभी मुस्लिम समुदाय के मुहल्लो मे जश्ने ईद ए मुलादुन्नबी के मौके पर भव्य जुलुसे मोहम्मदिया का आयोजन किया गया, मौके पर जलसे मे मौलाना सुहैल पैगम्बरपुरी मौलाना शमसुल होदा मौलाना कारी शिब्ली ओरुज अहमद मौलाना शकील अहमद मिस्बाही हाफिज हसनैन हाफिज इस्तेयाक अहमद सहित कई मौलाना ने हजरत मोहम्मद (स) की अजमत बयान किया ,वही बनियापुर मे जुलुसे मोहम्मदिया का भव्य आयोजन किया गया।मौके पर पैगम्बरपुर गाव के मदरसों ,दरगाही टोला नेमत टोला अहरा पर बनियापुर डूंगुर पट्टी सतुआ पिपरपाती धनगरहा पिठौरी मिस्कारी टोला हरपुर पूछरी हंसराजपुर सहित सभी गांवो मे हर्षोउल्लास के साथ जश्ने ईद ए मिलादुन्नबी का आयोजन कर एक दूसरे को मुबारकबाद दिया वही मौके पर पुलिस प्रशासन अपनी ड्यूटी मे मुश्तैद दिखी।

### पोखर में नहाने के दौरान डूबने से बच्चे की हुई सन्देहास्पद मौत ,परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा।(नसीम खान क्या)। दोस्तों के साथ गांव के बगल में पोखर में नहाने गए 9 वर्षीय बच्चे की डूबने से मौत हो गई है। बतादें,बगहा पुलिस जिला के बथवरिया थाना के नवगांवा में एक 9 वर्षीय बच्चे की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई है। बाथवारिया थाना द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया है। परिजनों के अनुसार बच्चा शनिवार की शाम अपने दोस्तों के साथ घूमने गया हुआ था। देर रात उसके शव को गांव के एक पोखरा के समीप से काफी खोज बिन के बाद पाया गया। परिजनों ने बताया कि मेरे बेटे की हत्या की गई है। जब कि पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए रिपोर्ट में पानी मे डूबने से हुई मौत बताया जा रहा है।

बथवरीया थाना पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### यात्री बस के धक्के से बाइक सवार तीन युवकों में से दो की मौत,एक घायल

प्रातः किरण संवाददाता

तरैया । थाना क्षेत्र के एसएच 73 मुख्य सड़क के छपिया बिनटोली में यात्री बस के धक्के से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।घायल युवकों को पुलिस ने रेफरल अस्पताल तरैया पहुंचाया।।जहा चिकित्सको ने तीनों युवकों को प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।जहा दो युवकों की मौत हो गई।मृत युवक तरैया थाना क्षेत्र के गुणराजपुर गांव निवासी स्व.विशुनदेव राय के 16 वर्षीय पुत्र राजन कुमार व इसुआपुर थाना क्षेत्र के केरवा गांव निवासी धर्मनाथ महतो के 20 वर्षीय पुत्र अनु कुमार यादव था।वही गंभीर रूप से घायल युवक इसुआपुर थाना क्षेत्र के सिसवा गांव निवासी अंकित कुमार है।जिसका उपचार पटना में चल रहा है।घटना रविवार के रात्रि की है।परिजनों ने बताया कि तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर किसी जन्मदिन के पार्टी से वापस आ रहे थे कि छपिया बिनटोली के पास यात्री बस के धक्के से सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर घायल युवकों को रेफरल अस्पताल तरैया ले गई।जहा चिकित्सको ने तीनों युवकों को प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।छपरा जाने के क्रम में राजन की मौत हो गई।वही सदर अस्पताल में इलाज के दौरान अनु की मौत हो गई।तीसरा युवक को सदर अस्पताल के चिकित्सको ने पीएमसीएच रेफर कर दिया।इस संबंध में थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गए थे।जिसमें दो युवकों की मौत हो गई है वहीं तीसरे का उपचार चल रहा है यात्री बस को जप्त कर लिया गया है।

### कंप्यूटर अकादमी ने सौरभ सुमन को किया सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा ' सोमवार को कंप्यूटर साइंस एकेडमी के तत्वाधान में बजरंग नगर काशी बाजार में एक सम्मान समारोह एआई रोबोटिक विषय पर आयोजन किया गया ' इस अवसर पर राष्ट्रपति शिक्षक सौरभ सुमन को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया ' बता दें कि सौरभ सुमन सलेमपुर के निवासी हैं, वर्तमान समय में सुपौल जिले में कंप्यूटर शिक्षक के रूप में पदस्थापित हैं ' सम्मान समारोह में आईएएस अकादमी के शिवेंद्र कुमार, विजडम फाउंडेशन के सौरभ नागवंशी, जितेंद्र कुमार गिल, शिक्षिका राधा कुमारी, शिक्षा जगत से जुड़े विजय कुमार, मनीषा कुमारी, प्रतीक उज्जैन, हर्षवर्धन परवीन,आकांक्षा,मिट्ठी, विजय कुमार यादव एवं रवि सिंह सहित गणमान्य को उपस्थित थे '

### विवादित सुस्ता के असमाजिक तत्वों और वीटीआर गश्ती दल के बीच झड़प पुलिस जांच में जुटी

प्रातः किरण संवाददाता



बगहा।( नसीम खान क्या )। बगहा पुलिस जिला स्थित विवादित सुस्ता गांव के असमाजिक तत्वों के साथ वनकर्मियों के साथ झड़प की खबर है। वन प्रमंडल 2 के रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि रविवार के दोपहर को वन कर्मियों की एक टीम कक्ष संख्या 26 में गश्ती कर रही थी।तभी सुस्ता गांव के कुछ लोगों ने जंगल मे गश्ती करने से मना किया।जब वनकर्मियों ने इसका विरोध किया तो लगभग 20 की संख्या आए विवादित सुस्ता के असामाजिक लोगों ने वनकर्मियों पर हमला कर दिया।संख्या में वनकर्मियों से ज्यादा होने के कारण वनकर्मी वहां से जान बचाकर भाग निकले। इस घटना की सूचना लिखित रूप में वाल्मीकिनगर थाने को दे दी गई है।बतादें की नेपाल के सुस्ता गांव के नागरिकों के द्वारा जबरन भारतीय भूमि को कब्जा कर लिया गया है।जो करीब सैकड़ों एकड़ों में है जिसका रसीद आज भी भारतीय किसानों के द्वारा कटाई जा रही है। यही नहीं नेपाल द्वारा वन विभाग की सैकड़ों एकड़ की वन भूमि को भी विवादित सुस्ता के लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। इसके कारण दोनों तरफ के किसानों के बीच तनाव बना रहता है।साथ ही वीटीआर जंगल की वन संपदा के साथ वनों की भूमि पर भी सुस्ता में बसे असमाजिक तत्वों के द्वारा कब्जे की कोशिशें की जाती रही हैं।वहीं वन संपदा बेंत, बेशकीमती लकड़ियां व जंगली जानवरों के शिकार तस्करों के द्वारा की जाती है। जिस वजह से इस क्षेत्र में विवाद बना रहता है। इसी क्रम में वनकर्मियों के साथ सुस्ता के असमाजिक तत्वों के द्वारा धक्कामुक्की व मारपीट की की गई है। थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।जांच के परिप्रेक्ष्य में अग्रतर कार्यवाई की जाएगी।

### एसएसबी जवानों ने जनप्रतिनिधियों के साथ की पर्यटक स्थलों की सफाई



प्रातः किरण संवाददाता

बगहा।(नसीम का क्या)। वाल्मीकिनगर स्थित पर्यटन स्थलों की एसएसबी और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर एक साथ सफाई की है। बतादें की इन पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों द्वारा खाने पीने के अवशेष व पात्र छोड़े जाने से गन्दगी फैली हुई थी जिसे समाजिक जनप्रतिनिधियों और एसएसबी के जवानों ने सोमवार की सुबह फैले कचरों को इकट्ठा कर सफाई की। बतादें की इंडो नेपाल सीमा पर तैनात गंडक बराज बी समवाय के जवानों ने गंडक बराज एसएसबी कैम्प के इंस्पेक्टर अमित कुमार मंडल के नेतृत्व में सामुहिक सफाई अभियान चलाया।इस दौरान एसएसबी कैम्प के सामने,गंडक बराज कंट्रोल रूम और नारायणी गंडक नदी के किनारे बांध व पर्यटकों के बैठने वाले बेंच के आसपास फैले कचरों की सफाई की गई। बतातें चलें कि इन स्थलों पर डस्टबिन की सुविधा है इसके बावजूद लोगों के द्वारा कचरा डस्टबिन में न डालकर खुले में फैला दिया जा रहा है।जिससे वीटीआर कि खूबसूरत वादियों की सूरत बदसूरत नजर आने लगती है। समाजसेवी अमित कुमार सिंह ने कहा कि यह हम सबकी जिम्मेवारी है कि हम वीटीआर के रमणीक स्थलों के साथ साथ अपने आसपास के जगहों को साफ व स्वच्छ रखें।

### मुस्लिम समाज ने मनाया ईद मिला दुन्नवी का त्योहार

प्रातः किरण संवाददाता

लहलादपुरः प्रखंड क्षेत्र के हरपुर कोठी, दंदासपुर, लहलादपुर, सारण, ताजपुर, बसहीं, पंडितपुर सहित दर्जनों गाँवों से पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर बारावफात का जुलूस निकाला गया.

इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के मौके पर सोमवार को जनता बाजार में प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समीप लगभग सभी गाँवों से निकले बारावफात का जुलूस आपस में मिलकर फिर ताजपुर-बसहीं की ओर कूच कर गये.

जुलूस में शामिल लोगों ने अपने-अपने घर पहुंचकर ईद मिलादुन्नवी का त्योहार मनाया. क्षेत्र में निकाले गए जुलूस के दौरान जगह-जगह लंगर लगाए गए. जुलूस के दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी.

पैक्स अध्यक्ष शेरमहम्मद खां ने बताया कि ईद-ए-मिलाद के रूप में जाना जाने वाला मिलाद-उन-नबी पैगम्बर मोहम्मद के जन्मदिन के मौके पर मनाया जाता है.

### एसएसबी ने स्वच्छता संदेश लिखे बैनर और पोस्टर के साथ निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली



प्रातः किरण संवाददाता

बगहा।( नसीम खान क्या) ।रविवार को एसएसबी 21 वीं बटालियन के वाल्मीकिनगर स्थित इंडो नेपाल सीमा पर तैनात बी समवाय गंडक बैराज कैम्प के जवानों के द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत निरीक्षक प्रदीप कुमार मंडल के नेतृत्व में एक रैली निकाली गई ।जो एसएसबी कैंप गंडक बैराज से चेक पोस्ट के रास्ते थ्री आरडी होते हुए गोल चौक व वाल्मीकिनगर के कई प्रमुख रास्ते व चौक चौराहे से गुजरी ।इस स्वच्छता अभियान रैली के माध्यम से लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया ।हालांकि एसएसबी के जवानों के द्वारा समय समय पर रैली के माध्यम से इस तरह के संदेश दिए जाते रहे हैं। इस रैली में स्वच्छता से जुड़े सन्देश की बैनर और पट्टियां लिए हुए एसएसबी जवान और रैली में शामिल लोग थामे हुए थे । बतादें की इस रैली का आयोजन लोगो को स्वच्छता के लिए आस पास के इलाके को साफ और सुंदर बनाने हेतु जागरूक करना है। इसमें एसएसबी के जवान और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामील हुए।

### बिहार के पूर्व कैबिनेट मंत्री पूर्णमासी राम की तबियत बिगड़ी ,बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया



बगहा।( नसीम खान क्या) । बिहार के पूर्व कैबिनेट मंत्री पूर्णमासी राम की तबियत बिगड़ गई है जिसके बाद उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए बड़े संस्थान में रेफर कर दिया है। डॉक्टर एस के अग्रवाल ने बताया की उनको हर्ट की समस्या है लिहाजा जांच के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया। बतादें की पूर्णमासी राम राजद सरकार में दो बार मंत्री रह चुके हैं इसके अलावा गोपालगंज से जेडीयू के सांसद भी रहे थे। फिलहाल उनके परिजन चिंतित हैं और उनका इलाज करा रहे हैं।

### बगहा अनुमंडलीय अस्पताल के इमरजेंसी में दो महिलाओं का सिजेरियन ऑपरेशन सफल रहा

■ अस्पताल में गूंजी किलकारियां , परिजनों में खुशी का माहौल



बगहा।( नसीम खान क्या )। पश्चिम चंपारण जिला के बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में सर्जन डॉक्टर विजय कुमार के द्वारा इमरजेंसी में दो महिलाओं का सिजेरियन सफल ऑपरेशन किया गया। अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर एके तिवारी ने बताया कि इमरजेंसी में दो महिलाओं को डॉक्टर विजय कुमार व डॉ एसपी अग्रवाल के द्वारा सफल सिजेरियन ऑपरेशन किया गया। बतादे की अनुमंडलीय अस्पताल में नॉर्मल प्रेशव करने के लिए लाया गया था। जांच पड़ताल के बाद नॉर्मल डिलीवरी नहीं होने की संभावना थी और दोनों महिलाओं की हालत नाजुक थी। यदि इनका तुरंत सिजेरियन ऑपरेशन नहीं किया जाता तो जच्चा बच्चा दोनों का जान बचाना मुश्किल था। लेकिन अस्पताल में उपस्थित सर्जन डॉक्टर विजय कुमार के द्वारा दोनों महिलाओ का सिजेरियन किया गया जिसके बाद अस्पताल में किलकारी गूंज उठी। फिलहाल जच्चा बच्चा दोनों खतरे से बाहर हैं। बतादे की इस माह में 9 महिलाओं का सिजेरियन सफल ऑपरेशन किया गया। साथ ही ऑपरेशन में जांच एवं दवाईया सभी निशुल्क दी गई। लिहाजा पीड़ितों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी।

### भारत विकास परिषद ने राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का किया आयोजन




प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। । भारत विकास परिषद की छपरा इकाई ने स्थानीय भगवान बाजार छपरा स्थित स्नेही भवन में परिषद के संस्कार प्रकल्प के तहत राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया । इस प्रतियोगिता में भागवत विद्यापीठ भगवान बाजा-र छपरा, अरविंद पब्लिक स्कूल मुकरेरा,सारण तथा राजकीय कन्या उच्च विद्यालय छपरा के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । प्रतिभागियों द्वा-रा दी जाने वाली प्रस्तुति पर निर्णायक मंडल में तीन जजों ने भाग लिया । इस कार्यक्रम के आब्जर्वर के तौर पर परिषद के प्रांतीय स्तर के दायित्व धारी श्री विनोद कुमार नंदे ने भाग लिया ।

तीनों स्कूल में भागवत विद्यापीठ भगवान बाजार छपरा ने प्रथम स्थान राजकीय बालिका उच्च विद्यालय में द्वितीय स्थान तथा अरविंद पब्लिक स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त किया । सभी प्रतिभागियों को मेडल प्रशस्ति पत्र तथा विद्यालय को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया ।

समारोह कीअध्यक्षता प्रो. के के द्विवेदी ने किया जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रो डॉ. एच के वर्मा ने मंच को सुशोभित किया ।

गायन कार्यक्रम की शुरूआत के पूर्व परिषद के सचिव कृष्ण मोहन प्रसाद ने गायकी हेतु परिषद द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी दी । छपरा शाखा के अध्यक्ष शंकर नाथ पाठक ने वर्तमान समय में इस कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे ।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन तथा वंदे मातरम से किया गया जबकि समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया ।

इस कार्यक्रम के संचालन में ईश्वर प्रसाद संगठन सचिव तथा लकी पटेल का सराहनीय योगदान रहा ।

### मांझी प्रखंड के विभिन्न गाँवों से निकाला गया मोहम्मदी जुलूस

प्रातः किरण संवाददाता

मांझी। हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैह वसल्लम की यौमे पैदाइश को लेकर मांझी प्रखंड के विभिन्न गाँवों से मोहम्मदी जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस व प्रशासन से जुड़े पदाधिकारी लगातार गश्त लगाते रहे। सोमवार 12 रवि अव्वल यानि आज के ही दिन 570 ईस्वी में इस्लाम के संस्थापक पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की पैदाइश हुई थी। यौमे पैदाइश को लेकर लोगों में गजब का उत्साह देखा गया। सर पर टोपी,पगड़ी तथा नए लिवास में झंडा लेकर गौस का दामन नहीं छोड़ेंगे एवम नारे तकबीर आदि नारा लगाते हुए झंडा लहराते सलीके से चल रहे थे। उन झंडों के बीच तिरंगा भी शान से लहरा रहा था। इस मौके पर मस्जिद से लेकर घर तक को सजाया सँवारा गया था। यौमे पैदाइश को लेकर नमाज,तिलावत,खैरात तथा जकात आदि लोग कर रहे थे। यह मोहम्मदी जुलूस प्रखंड के हसन अली बाजार,माली टोला,गुदाहाँ,गढ़ बाजार, मियांपट्टी,डुमरी,ताजपुर,कटोखर,कोहड़ा बाजार तथा दाउदपुर आदि दर्जनों गाँवों से निकाली गई। जिसमें बच्चे बूढ़े,युवक आदि शामिल हुए। आगे आगे नात शरीफ का दौर चल रहा था उसके पीछे-पीछे लोग नारा लगाते चल रहे थे।

### जीविका दीदियों की नर्सरी से सारण में बढ़ेगी हरियाली: राजीव प्रताप रुड़ी

#### सांसद रुड़ी ने नर्सरी में देशी और विदेशी फलों के मदर प्लांट को उपलब्ध कराया

■ नर्सरी में ड्रैगन फ्रूट, साइट्रस, अमरूद, नारंगी, मौसमी, पोमेलो, चीकू, आम, अनार आदि फलों के पौधे कर्नाटक, पंजाब, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान के कृषि अनुसंधान केंद्रों से मिले हैं

■ अपने परिभ्रमण के दौरान नर्सरी देख कर अभिभूत थे मुख्यमंत्री

■ मुख्यमंत्री ने कहा, सांसद रुड़ी प्रयास और जीविका दीदियों का परिश्रम उत्प्रेरक और अनुकरणीय

■ आने वाले दशक में सारण बनेगा बागवानी का केंद्र

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। जीविका समूह की दीदियां अपनी जीविका चलाने के साथ मानवता व पर्यावरण की रक्षा में माडल बन रहीं हैं। विभिन्न क्षेत्रों में महारथ हासिल करने के बाद जीविका दीदी अब नर्सरी चला रहीं हैं। दीदी की नर्सरी के पौधे से जिले की धरा में हरियाली आएगी। साथ ही उनके समृद्धि का द्वार खुलेगा। स्वरोजगार के अवसर तो बढ़ेंगे ही हरियाली को बढ़ावा मिलेगा पर्यावरण को लाभ होगा। अमनौर अमृत सरोवर पोखरा और अपहर में जीविका दीदी की नर्सरी में स्थानीय सांसद श्री राजीव प्रताप रुडी ने देश के विभिन्न राज्यों के कृषि अनुसंधान केंद्रो से करीब 2000 से अधिक विविध फलों की उन्नत किस्म के मदर प्लांट (मातृ पौधा) मंगवाये है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने अमनौर भ्रमण के दौरान जीविका दीदी की नर्सरी का भी परिभ्रमण किया था। अलग-अलग किस्म के इतने मदर प्लांट को देखकर मुख्यमंत्री प्रसन्न हुए थे और सांसद की सराहना की थी।

जीविका दीदी की नर्सरी में सांसद रुडी ने ड्रैगन फ्रूट, साइट्रस, अमरूद, नारंगी, मौसमी, पोमेलो, कटहल, चीकू, आम, आंवला, बेल, अनार, जामुन, किन्नू आदि देशी और विदेशी फलों के मदर प्लांट मंगवाये है। ये मदर प्लांट कर्नाटक के बैंगलोर, पंजाब के लुधियाना, उत्तर प्रदेश के काकोरी, लखनऊ और अयोध्या, महाराष्ट्र के नागपुर, राजस्थान के बिकानेर जैसे शहरो के कृषि अनुसंधान केंद्रों से मंगवाया है। बता दें कि मदर प्लांट नर्सरी में सबसे महत्वपूर्ण पौधा होता है। यह पौधा कटिंग प्रदान करता है जो अगली पीढ़ी के पौधों का उत्पादन करता है।

अपने सारण भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री सांसद रुडी के अमनौर स्थित आवास पर भी पहुंचे जहां जलपान किया। इसके पूर्व अमृत सरोवर उद्यान का सौन्दर्य एवं सजावट देखकर मुख्यमंत्री अभीभूत हो गये और इसे ग्राम व शहरी सौन्दर्य का संगम बताया था। बागवानी मिशन के तहत परिसर में लगे पेड़ -पौधों को देखा और फलदार पौधरोपण किया। इस दौरान नर्सरी का परिभ्रमण में उन्नत किस्म के फलों के मातृ पौधों को देखकर मुख्यमंत्री ने प्रसन्न होते हुए कहा था कि सरकार की योजना जल, जीवन, हरियाली में नर्सरी का प्रमुख योगदान है। सांसद रुडी का यह प्रयास और जीविका दीदियों का यह परिश्रम और भी उत्प्रेरक और अनूकरणीय है।

### भोजन वितरण व पौधा लगाकर ई.विजय राज ने मनाया अभियंता दिवस



छपरा। अभियन्ता दिवस के अवसर पर युवा क्रांति रोटी बैंक संस्थापक ई. विजय राज ने छपरा शहर को हरा भरा बनाने के संकल्प और सोच लेकर लगातार छपरा शहर में पौधा लगाया जा रहा है।संस्थापक ई. विजय राज ने कहा एक इंजीनियर होना अपने आप में गर्व की बात है, देश की सेवा में समर्पित सभी इंजीनियर्स को आज सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैयाजी की जयंती के अवसर पर इंजीनियर्स डे मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर ई.विजय राज, ई.राशीद रिजवी, ई.रिजवान फातमी द्वारा जंक्शन परिसर में वृक्षारोपण कर छपरा शहर को वेर्टिकल अर्बन जंगल का निर्माण करके पर्यवारण को शुद्ध किया जा सकता है। इससे प्रकृति की रौनक बनी रहेगी। राशिद रिजवी ने कहा कि पौधा लगाने का लक्ष्य अब शहरी इलाकों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में टीम की अहम भूमिका निभा रही है। इस मौके पर प्रतिदिन की तरफ जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन वितरण किया गया।विवेक सिंह ने कहा कि युवाओं को इसके लिए आगे आना होगा। देश व समाज को बदलने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मौके पर मुख्य रूप से संतोष श्रीवास्तव और विवेक गोलु , नाजिश छपरावी, सुधीर राज आदि सदस्यो की भूमिका सराहनीय रही।

### नगरा में ईद-ए-मिलाद-उल-नबी का पर्व धूमधाम से मनाया गया

नगरा।प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सोमवार को पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के उपलक्ष्य में ईद-ए-मिलाद-उल-नबी का पर्व धूमधाम से मनाया गया.नगरा, खैरा, कादीपुर, हरदी छपरा, मानपुर,धूपनगर, बलडीहा, पटेढ़ा,खोदाईबाग, तकिया, बनपुरा और नबीगंज ,अरवा कोठी सहित दर्जनों से अधिक गांवों और मस्जिदों से भव्य जुलूस निकाली गई,जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और मस्जिद-मदरसे के बच्चे शामिल हुए.जुलूस के दौरान धार्मिक नारों और मोहम्मद साहब की शिक्ष-ाओं को प्रसारित करते हुए लोगों ने भाईचारे, एकता और अमन-चैन की दुआ मांगी. सभी गांवों में जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई.वहीं कुछ जुलूस नगरा चौक होते हुए निकली जहां पहले से पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही.इस जुलूस में मौलाना रुस्तम अली,कौशर अली, अनवारूल हक, इरशाद अहमद, मो.रेयाजुद्दीन मंसूरी ,वार्ड सदस्य फिरोज, तफाजुल, शाबीर अहमद, सोनू आलम सहित जुलूस कमिटी के कई अध्यक्ष और सदस्य शामिल हुए.वहीं तकिया पंचायत के मुखिया शैलेश कुमार यादव ने जुलूस में शामिल लोगो से मिलकर बधाई दी और आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की.

## संक्षिप्त खबरें

### नगर से बाइक की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) : काराकाट नगर पंचायत के गोडारी से एक बाइक चोरी का मामला प्रकाश में आया है। चोरी कि घटना शनिवार रात्रि की बताई जा रही है । बताया गया कि गोडारी गांव के जाने माने सब्जी व्यपारी कामेश्वर प्रसाद अपने घर के पास सुरक्षित बाइक खड़ा किये थे । जब वो वापिस सुबह पांच बजे देखा कि बाइक नही है, काफी खोज बिन करने पर भी बाइक का कही पता नही चला तो एक लिखित आवेदन लेकर थाना पहुंचे और दिया । वही कामेश्वर प्रसाद से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया उसी रात से मेरे घर के बगल वाली गली में एक लावारिस बाइक खड़ी की गई थी उसे सूचना पाकर काराकाट पुलिस ने जप्त कर लिया और थाने ले गए, मुझे लगता है कि वह गाड़ी इस अज्ञात चोर की हो सकती है जिसने अपनी गाड़ी एक जगह गली में खड़ा कर दी और उसके बदले मेरी नई गाड़ी चोरी कर फरार हो गया । थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी से पूछे जाने पर बताया कि बाइक चोरी की सूचना मिली है । मामले की छानबीन की जा रही है।

### अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

नसरीगंज(रोहतास) : कछवां थाना क्षेत्र के कछवां गांव से पुलिस ने अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब हो कि पुलिस अधीक्षक रोहतास विनीत कुमार के निर्देश पर शराब निर्माण, बिक्री और सेवन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कछवां पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कछवां गांव में छापेमारी कर अजीत कुमार उर्फ शगुनी पिता राजेश्वर सिंह को एक बोतल और दो टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक को मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दिया गया।

### शराब कारोबारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रातः किरण संवाददाता

मढ़ौरा। स्थानीय माधोपुर नहर के पास से एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अपर अध्यक्ष चंदेश्वरी यादव को गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर 15 लीटर देसी शराब के साथ सोनू सोनू नट पिता इतवारु नट को माधोपुर नहर के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके अलावे वहां पर दो शराबी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### सर्व हिंदुस्तानी युवा परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष बने चंद्रभूषण कुमार

प्रातः किरण संवाददाता

गड़खा।सर्व हिंदुस्तानी युवा परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष चंद्रभूषण कुमार बनाए गए हैं।समाज सेवा में इनकी अलग पहचान है।इस आशय पत्र जारी करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर सिंह ने कहा कि इनका संगठन में जुड़ने से संगठन और तेजी से देश के उत्थान और विकास में कार्य करेगी। राजीव रंजन, रंजीत कुमार सिंह, नंदकिशोर सिंह, धीरज कुमार, सोनू कुमार मनोज श्रीवास्तव, सत्येंद्र झा ,अजीत कुमार सिंह, सुचन्द्र सिंह , आलोक कुमार सिंह आदि ने शुभकामनाएं दी।

## जिला पदाधिकारी की त्वरित कार्रवाई से बची युवकों की जान

# वाटर फॉल में फंसे 11 लोगों का एनडीआरएफ व एसडीआरएफ ने किया रेस्क्यू

प्रातः किरण संवाददाता

चैनपुर (कैमूर) चैनपुर प्रखंड में करकटगढ़ वाटर फॉल में फंसे 11 लोगों को एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की संयुक्त आपरेशन में बचा लिया गया है। बचाए गए सभी लोगों की पहचान कर ली गई है। बचाए गए सभी लोग रोहतास जिले के कोचस थाना के कोचस गांव के रहने वाले हैं। खबर के अनुसार सभी 11 लोग पिकनिक के लिए करकटगढ वाटर फॉल गए थे। इस बीच सूचना मिली कि वाटर फॉल का जल स्तर बढ़ सकता है।उन्हें समय रहते अवगत भी कराया गया लेकिन जबतक वे अपना सामान समेटते जल का स्तर अप्रत्याशित रूप से बढ़ गया और वे पानी के तेज धार के बीच फंस गए। जैसे ही इसकी सूचना कैमूर जिला प्रशासन को मिली, जिला



पदाधिकारी सावन कुमार के निर्देश पर तुरंत त्वरित कार्रवाई की गई और पटना से एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में अस्थाई कंट्रोल रूम का निर्माण किया गया तथा सभी रेस्क्यू ऑपरेशन को संचालित किया गया।जिला प्रशासन, स्थानीय पुलिस, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के बीच बेहतर समन्वय तथा सामंजस्य के कारण कोई भी हताहत नहीं हुआ। देर रात करीब तीन बजे रेस्क्यू आपरेशन शुरू हुआ और सुबह सात बजे तक चला। इस बीच सभी ग्यारह फंसे लोगों को पानी से बाहर निकाल लिया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन में बचाए गए सभी 11 लोग रोहतास जिले के कोचस के रहने वाले हैं। सभी की पहचान कर ली गई है।

वाटर फाल में फंसे लोगों में सरोज कुमार,अजीत कुमार, मो. फिरोज,अरमान अली निर्भय पांडे,पिन्टू चौहान,रोहित कुमार, लाल बाबू सिंह,अरविंद कुमार,वसीम साही।सहित सरोज कुमार शामिल थें। जिनके जान बचते ही सभी परजनों में खुशी का माहौल छा गया। वही जिला पदाधिकारी सावन कुमार ने करकटगढ वाटर फॉल में फंसे 11 लोगों को सफलता पूर्वक बाहर निकाल लेने पर एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीम को बधाई दी है।

साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन के तमाम पदाधिकारियों की सराहना की है। जिला आपदा प्रबंधन प्रभारी मनोज कुमार पवन ने बताया कि सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने बिना देर किए त्वरित कार्रवाई की जिसके कारण एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीम पटना से समय पर घटना स्थल पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन को सफलता पूर्वक अंजाम दी। इसके लिए जिला प्रशासन के लोग एवं बचाव दल के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों से अपील की है कि मौसम को देखते हुए इस समय खतरनाक जगहों पर नहीं जाएं।

## जन सुराज को दल बनाने के लिए संविधान सभा की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

डेहरी (रोहतास) । प्रखंड क्षेत्र के बडीहां गांव में जन सुराज को आगामी दो अक्टूबर को दल बनाने की प्रक्रिया के लिए संविधान सभा की बैठक डेहरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी समीर कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया ।

जिसकी अध्यक्षता वार्ड सदस्य गणेश पांडेय एवं संचालन बिजय शंकर तिवारी ने किया । कार्यक्रम की शुरूआत ईश्वर की प्रार्थना कर किया गया । तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप जन सुराज संविधान कमिटी के सदस्य अधिवक्ता रवि सिंह ने उपस्थित लोगों को पार्टी की विचारधारा से अवगत करवाते हुए प्रश्न कर उनसे दल में उनकी भूमिका हेतु विचार लिए । बैठक को संबोधित करते हुए समीर कुमार ने बताया कि जन सुराज ऐसी पहली पार्टी बनने जा रही है । जिसने अपनी संविधान में स्थानीय लोगो के विचार को स्थान दिया है । ताकि जन सुराज किसी व्यक्ति व जाति विशेष की पार्टी न बन सके ।

समीर ने बताया कि जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर पिछले दो वर्ष से बिहार के गांवों में पदयात्रा कर स्थानीय लोगो की वस्तुस्थिति से अवगत हो रहे हैं जिसके फलस्वरूप दल बनने से पहले ही अस्सी लाख लोग अबतक इसके सदस्य हो चुके हैं । जन सुराज के संविधान सभा की इस बैठक में मुख्य रूप से चुनचुन सिंह, हीरालाल सिंह, डॉक्टर अजय कुमार, दीपक सिन्हा, मो० नियाज, कुंदन खान, उमेश कुमार, काशी प्रजापति, इं० सूर्यकांत पांडेय, श्रीकांत तिवारी, उमाशंकर प्रसाद, प्रवीण सिन्हा, बीरेंद्र दुबे, जयशंकर कुमार, रौशन कुमार, धीरेंद्र रविदास, धनु श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

## उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट प्रीपेड मीटर पुराने मीटर से है बेहतर : एईई

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) राज्य सरकार के निर्णय आलोक में विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अधिष्ठापन का कार्य मिशन मोड में कराया जा रहा है तथा यह माननीय मुख्यमंत्री जी की एक महत्वाकांक्षी योजना है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की स्मार्ट प्रीपेड मीटर पुराने मीटर की तुलना में अधिक सुविधाजनक और उपयोगी है। बिजली बिल जमा करने के लिए बिजली ऑफिस का चक्कर लगाना अब जरूरी नहीं है। उपभोक्ता घर बैठे ही अपने मोबाइल फोन के जरिए आसानी से स्मार्ट प्रीपेड मीटर को रिचार्ज कर सकते हैं। इतना ही नहीं स्मार्ट प्रीपेड मीटर में आप प्रतिदिन के हिसाब से बिजली खपत को भी देख सकते हैं और इसके अनुसार आप बिजली खपत को नियंत्रित करने की योजना बना सकते हैं। स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर आम उपभोक्ताओं के मन में कई तरह की भ्रांतियां भी रहती है, लेकिन अधिकारियों के द्वारा प्रायः आगाह किया जाता है की आप किसी भी तरह से भ्रान्ति का शिकार न हों। बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर के विषय में तफसील से पूरी जानकारी अखबार, माइकिंग, शिविर आदि के माध्यमो से दी जा रही है, जिससे की उपभोक्ताओं के मन में किसी तरह की शंका न रहे। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज के द्वारा सम्बंधित चयनित एजेंसी के कर्मियों को निदेशित की गयी है की स्मार्ट प्रीपेड मीटर को उपभोक्ताओं के घर के बाहर लगाएं तथा उपभोक्ताओं से आग्रह की गयी है की कोशिश करें कि बैलेंस खत्म होने के पहले ही रिचार्ज करवा लें। स्मार्ट प्रीपेड मीटर में रीडिंग की गड़बड़ी बिल्कुल नहीं है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर को कहीं से भी रिचार्ज कर सकते हैं।

## हिन्दी दिवस व दिनकर पखवारा को लेकर हुआ कविताई आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। काव्य की गोदी संस्था के बैनर तले हिंदी दिवस एवं राष्ट्रकवि रामधारी सिंह ह्यदिनकरह्न की जयंती पखवारा पर कविताई आयोजन व साहित्यिक परिचर्चा हुई। यह कार्यक्रम समाजसेवी, पूर्व निगम पार्षद एवं काव्य की गोदी के उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र शुक्ल के आवास पर हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्रो नंदजी दूबे, आलोचक जितेंद्र कुमार, प्रो बलिराज ठाकुर, प्रो दिवाकर पांडे, प्रो बलराम सिंह, डॉ मदन मोहन द्विवेदी, सत्यनारायण उपाध्याय, प्रो अमरेश कुमार, वरिष्ठ पत्रकार सुधीर मिश्र, डॉ ब्रजेश कुमार पाण्डे, हरेंद्र प्रसाद सिंह, मधुलिका सिन्हा, राकेश ओझा ने दीप प्रज्वलित कर एवं माँ सरस्वती की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया।

कविताई आयोजन में 11 स्थापित कवियों एवं 14 नवोदित कवियों ने काव्य पाठ किया। आयोजन में प्रो नंदजी दूबे में रामधारी सिंह दिनकर की रचनाओं से जुड़ी यादें साझा की। प्रो



बलिराज ठाकुर ने वर्तमान समय में हिंदी के कमजोर होने पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि वर्तमान पीढ़ी अशुद्धियों पर ध्यान नहीं देती। आलोचक जितेंद्र कुमार ने कहा कि काव्य की गोदी नवोदित कवियों को मंच दे रही, ये सराहनीय पहल है। प्रो बलराम सिंह ने कहा कि चरित्र निर्माण में हिंदी साहित्य की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रो दिवाकर पाण्डे में पिता के प्रेम पर कविता प्रस्तुत की। प्रो अमरेश कुमार ने दिनकर जी की कविता का पाठ किया। सत्यनारायण उपाध्याय, डॉ जनार्दन मिश्र, डॉ मदन मोहन द्विवेदी, संतोष श्रेयांश, राकेश ओझा, आशीष उपाध्याय, कवि प्रेमसागर पांडेय, दुर्गामांगे जी, विकास पांडे, पूणानंद मिश्र, जीवन प्रकाश, राहुल कुमार, अभय कुमार ने काव्य पाठ किया।

आगत अतिथियों ने हिंदी दिवस पर भाषा की वर्तमान स्थिति और साहित्य जगत में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के अमूल्य योगदान पर चर्चा की। संस्था की अध्यक्षा मधुलिका सिन्हा ने कहा कि कवियों और साहित्यकारों ने हिंदी को वैश्विक बनाया। उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र शुक्ल ने कहा कि हिन्दी ने हमारे व्यक्तित्व को निखारा है और पहचान दी है। सचिव कवि राकेश गुड्डू ओझा ने कहा कि काव्य की गोदी हमेशा सम भाव से नवोदित कवियों को मंच देती है। संरक्षक हरेन्द्र प्रसाद सिंह में सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर आभार प्रकट किया।

## भाजपा द्वारा 17 सितम्बर को पीएम मोदी के जन्मदिन से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन17 सितम्वर से 02 अक्टुबर गाँधी जयंती तक लगातार सेवा पखवाड़ा के रूप मे मनाया जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने बताया कि पार्टी द्वारा 02 सितम्बर से राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 11 सितम्बर से 17 सितम्बर तक विशेष सप्ताह सदस्यता अभियान चलाया गया। इसके तहत प्रदेश,जिला और मंडल के नेताओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रो मे प्रवास कर सदस्यता अभियान को तेजी दी गई। प्रदेश उपाध्यक्ष सह शाहाबाद क्लस्टर प्रभारी सिदार्थ शंभु और शाहाबाद क्षेत्रीय सह प्रभारी अशोक भट्ट ने संदेश और अगिआँव विधानसभा क्षेत्रो मे प्रवास कर सदस्यता अभियान को बल दिया गया। बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह बड़हरा मे,आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह आरा मे,पूर्व सांसद मीना सिंह जिले के विभिन्न क्षेत्रो मे,पूर्व विधायक सुनील पांडेय तरारी क्षेत्र मे,मुनी देवी,भुवर ओझा, गंगाधर पांडेय शाहपुर क्षेत्र मे प्रवास कर सदस्यता बनाने पर बल दे रहे है। पूर्व विधायक संजय टाईगर द्वारा आरा सहित विभिन्न क्षेत्रो मे प्रवास किया जा रहा है।इसी प्रकार भाजपा नेता सुर्यभान सिह,कौशल विद्यार्थी, मिथिलेश कुशवाहा, हरेन्द्र पांडेय,उदय प्रताप सिंह,वंदना राजवंशी, संतोष चंद्रवंशी, राजकुमार कुशवाहा, जिला पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी और मंडल पदाधिकारी सहित जिले भर के नेताओ और कार्यकताओ द्वारा लगातार क्षेत्र मे प्रवास कर बूथ स्तर तक भाजपा का सदस्यता ऑनलाइन और ऑफलाईन दिलवा रहे है।जिलाध्यक्ष ने बताया कि 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री के जन्मदिन को पूरे जीले मे हर्षोल्लास और सेवा भावना से मनाया जाएगा।इस दौरान सभी मंडलो और बूथो पर विभिन्न कार्यक्रम किए जाएँगे।

## जमीन पर वर्षों से बसे भूमिहीनों को सरकार दे पर्चा, गरीबों को उजाड़ने से पहले हो वैकल्पिक व्यवस्था , नही तो सड़क से लेकर सदन तक जबरदस्त संघर्षः सुदामा प्रसाद

■ आरा सासंद ने जनसंवाद में सुनी जनता की समस्याएं ,अधिकारियों से बात कर तत्काल हल किया गया कई समस्या




प्रातः किरण संवाददाता

आरा, भाकपा - माले जिला कार्यालय श्रीटोला में आरा सासंद सुदामा प्रसाद ने आज जनसंवाद कर आम जनता की समस्याओं को सुना। जनसंवाद में भूमि, बिजली , स्वास्थ्य, आदि सवाल को लेकर लोग पहुंचे थे। जिसमें कुछ सवाल तत्काल अधिकारियों से बात कर हल किया गया और पर आगे की करवाई के लिए लिखा गया। बेलाउर बाजार से जुड़े 61 गरीब परिवार के लोग जनसंवाद में पहुंचे थे। जिनको नोटिस मिला है कि वर्षों से बसे जमीन को उजाड़ दिया जएगा। जिस जमीन पर लोगों को सरकारी पक्का मकान, बिजली कनेक्शन आदि मिला है। बिजली की समस्य में जिस उपभोक्ता ने पिछले एक वर्ष से उपयोग नही किया उसका बिल 35 लाख रुपया बिल आया है रोज 9527 रुपया बिल आ रहा है। जिलाधिकारी और सम्बंधित अधिकारियों को आवेदन देने के बाद भी सुधार नही हुआ। इस मौके पर सासंद सुदामा प्रसाद ने कहा कि जिले में वर्षों से बसे गरीबों को उस जमीन का पर्चा दे और कहीं भी जमीन से लोगों को उजड़ने के पहले उनका वैकल्पिक व्यवस्था किया जाए नही तो आने वाले दिन में सड़क से सदन तक जबरदस्त संघर्ष किया जएगा। उन्होंने कहा कि रोज दिन खबर आ रही है कि लोग स्मार्ट मीटर के खिलाफ कर रहें हैं लेकिन अधिकारी जबर्दस्ती लोगों के यहां स्मार्ट मीटर लगया जा रहा है। जिसे तत्काल बंद किया जाए। जनसंवाद में सांसद के निजी सचिव चन्दन कुमार, सूरज कुमार, माले जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रितम, माले नेता मिल्टन कुशवाहा, कृष्ण रंजन गुप्ता शामिल थे।

## कायमनगर फोरलेन पर सब्जी मंडी सजने से यातायात होती है बाधित, आरा बक्सर पटना फोरलेन कायमनगर में आए दिन लगी रहती है जाम



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। बक्सर-पटना फोरलेन के कायमनगर बाजार पर सजती सब्जी मंडी के कारण यातायात बाधित हो रही है। सड़क पर सब्जी मंडी लगने से कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। पुलिस इसे गंभीरता से नहीं ले रही है। वहीं लगने वाले बाजार से थोक व्यापारियों से सैरात के नाम पर अवैध वसूली भी होती है। जिसके लिए अंचल स्तर से कोई निविदा भी नहीं निकाली गई है।

आपको बता दे कि कायमनगर बाजार पर दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे अतिक्रमण से इस फोरलेन पर गुजरने वाले यात्री काफी परेशानी झेलने को विवश हैं। कायमनगर बाजार होकर गुजरने वाली फोरलेन के उत्तरी लेन पर अतिक्रमण कर बाजार लगाए जाने से गाड़ियों की रफ्तार रुक गई है। दूसरे शहरों व राज्यों तक की हरी सब्जियों के खरीदार यहां बड़ी संख्या में उतरते हैं और छोटी-बड़ी गाड़ियों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे मौके पर भारी गाड़ियों की जरा-सी चूक पर कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

अपने खेतों से सब्जी लेकर बाजार आए स्थानीय किसानों की भीड़ लोगों का गुजरना मुश्किल कर देती है। मुख्य बाजार पर भी मुर्गा, मांस, मछली, अंडा, फल व सब्जी की दुकानें फोरलेन के किनारे ही लगाई जाती हैं, जिससे खरीदारों की भीड़ के कारण आधे फोरलेन पर जाम का नजारा रहता है। इस बाबत एनएचएआई ने गीधा थाने में बाजार खाली कराए जाने को लेकर कई बार गीधा थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसे पुलिस ने ठंडे बस्ते में डाल दिया और कोई कार्रवाई जरूरी नहीं समझा।

## जुलूस ए मोहम्मदी के साथ शांतिपूर्ण संपन्न हुई उलनबी पर्व

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास) काराकाट प्रखंड क्षेत्र में जुलूस ए मोहम्मदी देखने को मिली। साथ ही शांतिपूर्ण संपन्न हुई ईद ए मिलाद उल नबी पर्व। थाना क्षेत्र में इस पर्व को लेकर अलग ही उत्साह देखने को मिला है। जहां गोडारी, मोथा,जहनपुरा, बेलावई ,मुंजी, सकला,सलेमपुर,बाराडीह,चौगाई, शहरी ,इत्यादि गांव में पहले दरगाह पर जलसे का आयोजन बनी । इसमें मौलाना जैनुल आब्दीन खिताब किये और जुलूस-ए-मदहे सहाबा व जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया । वही पुलिस प्रसाशन के साथ मजिस्ट्रेट की तैनाती से विधि व्यवस्था अच्छी देखी गयी। जिसमे अंचलाधिकारी डॉ. रितेश कुमार,थानाध्यक्ष पीडी चौधरी, एस आई संजय कुमार ठाकुर, निशांत कुमार तैनात थे। जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल वकील मियां, राजा अली, हैदर अली, फैसल,जावेद, इमरोज, महमुद, मोहम्मद मुजबुला खान, साहिद राजा, वजीर खान, मोहम्मद मोग्गल खान सहित अन्य सैकड़ों हर्षोल्लास के साथ जलसे में शामिल हुए।

## पूर्व आईपीएस वैभव ने निःशुल्क पाठशाला के संचालक को किया सम्मानित




तिलौथू (रोहतास) लेट्स इंस्पायर बिहार के प्रणेता आईपीएस विकास वैभव आईजी एवम बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन सासाराम रोहतास के द्वारा उन्हें यह पुरस्कार दिया गया। ज्ञात हो की सत्यानंद के द्वारा तिलौथू के स्लम एरिया के सैकड़ों बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के साथ सभी प्रकार के पाठ्य सामग्री दी जाती है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के दर्जनों संगठनों से जुड़े हुए सत्यानंद कुमार विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा का कार्य करते रहते हैं। पत्रकारिता क्षेत्र में सच व सत्य लिखने वाले एवं समाज को सही दिशा में युवाओं को प्रेरित करने में भी इनका विशेष योगदान है। उनके उत्कृष्ट कार्य, समाज सेवा, पत्रकारिता, स्वक्ष राजनीतिक के प्रभाव से सोशल मीडिया पर इनके मिलियन फॉलोअर है।

## नाद गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट, कई घायल



काराकाट (रोहतास) : काराकाट थाना क्षेत्र के नाद गांव से मारपीट का मामला प्रकाश में आया है बता दे कि मनोज कुमार चौधरी के पुत्र एवं पुत्री सामुदायिक भवन नाद गांव में स्थित जहां आपस में खेल रहे थे तभी गांव के कुछ मनचले बदमाशों ने लाठी डंडो से पीट दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि इस पूरी घटना का विवाद बीते दो दिन पहले के करमा पर्व से उत्पन्न हुआ । जब इस पर्व में लड़कियां अपने भाइयों के लिए उपवास करते हुए सुबह नदी-नहर के किनारे पूजा करने जाती हैं । उसे दौरान गांव के कुछ मनचले लड़कों ने कुछ बच्चियों के साथ बदतमीजी करते हुए बोल कसने लगे । तभी गांव की सभी लड़कियों अपने-अपने परिवारों से इस बात की शिकायत की उसके बाद परिजनों द्वारा विरोध किए जाने पर मौका पाकर उन लोगों ने बच्चीयों सहित उनके भाईयों अथवा परिजनों को लहू लोहान कर दिया । हालांकि इस के पूरे मामले में काराकाट थाने में आवेदन दे कर प्राथमिक दर्ज कराई है । प्राथमिक में छः नामजद और दस अज्ञात को अभियुक्त बनाया गया है ।

## गड़हनी हाई स्कूल में सजा निरंकारी सत्संग का दरबार, दिल्ली से पहुँचे महात्मा



■ एक को जानो,एक को मानो,एक हो जाओः निरंकारी मिशन

प्रातः किरण संवाददाता

गड़हनी। नगर पंचायत गड़हनी के राम दहिन मिश्र उच्च विद्यालय के प्रांगण में संत निरंकारी मिशन के आयोजित साप्ताहिक सत्संग दिल्ली से आएं महात्मा कुणाल जी के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जबकि संचालन शत्रुधन चौधरी ने की।निरंकारी मिशन के प्रमुख सतगुरू माता सुदीक्षा सविंदर हरदेव जी महाराज के जयघोष के साथ सत्संग की शुरूआत की गई।सत्संग में उपस्थित सभी भगतों ने निरंकारी सतगुरु माता सुदिक्षा जी के द्वारा दिए गए ब्रम्हज्ञान का अशोगान करते हुए सभी ने ये कहा कि हम सब का सतुगुरु के कृपा से ब्रह्मज्ञान के दात को पाकर इस आत्मा को भी आजादी मिली हैं। सत्संग से जीवन सफल होता हैं।जीवन सतगुरु के ज्ञान के बाद सत्संग से ही बदला है,इस लिए सभी को सत्संग में समय रहते ही आ जाना चाहिए।वहीं अंत में सतगुरु आशन पर विराजमान स्थायी अमहरा (बिहटा) निवासी दिल्ली से आकर भक्त कुनाल ने अपने विचारों में फरमाते हुए कहा कि निरंकारी सत्संग तभी कोई शामिल हो पाता है जब स्वयं सतगुरु कि कृपा प्राप्त होती है वरना यहां पहुंच पाना मुश्किल है । तथा साध संगत से नाता जुड़ना बहुत भागों कि बात होती है उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार से अगर हम अपने घर कि सफाई निरंतर करते रहते हैं तो साफ सुथरा रहता है लेकिन अपने घर से बाहर जाते हैं तो घर को अच्छे से साफ करके घर को बंद करके जाते हैं पर कुछ दिन बाद आते हैं तो फिर से घर में आते ही इतना धुल-गदंगी रहता है कि तुरंत सफाई करना पड़ता है ठिक उसी प्रकार से अगर हम निरंतर सत्संग में आते रहते हैं तो हमारा मन पवित्र रहता है लेकिन अगर कुछ दिन सत्संग में आना छोड़ दें और फिर जब आते हैं तो हमारे मन में भी माया रूपी गंदगी जमीं हुई होती है।इस लिए जीवन में संतों का संग यानी सत्संग करना बहुत जरूरी हैं।मौके पर इंचार्ज बलराम केशरी,मनोज केशरी,रामजी सिंह,नागेन्द्र जी,सुरेश साह,अशोक सोनी समेत सैकड़ों उपस्थित थे।

# ईद-ए-मिलादुन-नबी 12 रवि अव्वल पर गड़हनी में निकाला गया मोहम्मदी जुलूस



■ सादगी के साथ मनाई गई ईद-ए-मिलादुन-नबी की त्योहार, अमन चैन की मांगी गई दुआएं

प्रातः किरण संवाददाता

गडहनी। इस्लाम धर्म के आखिरी संदेशवाहक पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के पाक अवसर पर सोमवार को ईद-ए-मिलादुन-नबी का त्योहार गड़हनी प्रखंड क्षेत्र में पूरी सादगी के साथ मनायी गई।इस अवसर पर बडी शाही जमा मस्जिद के पास लोगो की जुटान हुई, जिसके बाद इमाम मो. महमूद साहब द्वारा नात पढ़ जुलूस को रवाना किया गया, वहीं सभी को पगडी बांधी गई तत्पश्चात वहां से सैंकडो की संख्या मे पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर मोहम्मदी जुलूस निकालकर मानव जाति में आपसी प्रेम भाईचारे का संदेश दिया गया।जुलूस ब्लॉक रोड होते हुए आरा सासाराम मुख्य मार्ग बनास नदी पुल पहुंची वहां से नीम महल्ला बिजली पट्टी होते हुए उतरपट्टी पहुंची जहां मदरसा पर जुलूस का समापन्न किया गया।इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगो ने नमाज अदा कर एवं नात पढ़ अमन चैन की मांगी दुआएं। हिन्दुस्तान में अमन शांति की दुआ की। इसके साथ ही पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के संदेश को पढ़ा गया और उस पर अमल करने की सलाह दी गई। हजरत मोहम्मद ने जो सामाजिक कार्य किए उन्हें भी याद किया गया।

वहीं जदयू जिला सोशल मीडिया समन्वयक मो.इमरान अहमद उर्फ सोनु ने बताया कि इस्लामी कैलेंडर के अनुसार साल में तीन तरह से ईद मनायी जाती है। पहली ईद रमजान के समाप्ति पर आती है।इसके बाद बकरीद और फिर ईद-ए-मिलादुन-न्नबी आती है। इसी दिन इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। इस्लाम में बेहद महत्वपूर्ण यह दिन हैं इस्लामी कैलेंडर के तीसरे महीने रबी-उल-अव्वल के 12वें दिन मनाया जाता है।उन्होंने बताया कि ईद-ए-मिलादुन-नबी के दिन नगर पंचायत गडहनी सहित बडौरा, बेरथ, बलिगांव, सहँगी समेत पूरे प्रखंड के कई मस्जिदो मे दुआ मांगी गई।

### पुलिस प्रशासन रही मुस्तैद

ईद-उल मिलादन-नबी मोहम्मदी जुलूस पर क्षेत्र मे शान्ति ब्यवस्था कायम रखने को लेकर अगिआँव सर्किल इंस्पेक्टर अनिल कुमार एवं पीरो सर्किल इंस्पेक्टर मुकेश कुमार के साथ गडहनी थाना एवं चरपोखरी थाना की पुलिस प्रशासन सहित गडहनी बीडीओ अर्चना कुमारी मार्च करते दिखे।इस तरह प्रशासन की मौजूदगी मे ईद-ए-मिलादुन-नबी का त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण मे सम्पन्न किया गया।

### त्योहार पर सभी समुदाय के लोगों ने दिखाया अपनत्व की भावना

हजरत मोहम्मद की जन्मदिन पर गडहनी मे सभी समुदाय के लोगो ने आपसी प्रेम भाईचारे के बीच मिलकर जन्मदिन को मनाया।एक दुसरे को बधाई शुभकामनायें दी।इस मौके पर मोहम्मद इम्तियाज अली उर्फ कल्लु, मोहम्मद काशीफ अहमद, मुख्तार अहमद, बडी शाही मस्जिद के पेश इमाम मोहम्मद महमूद आलम, फकरू जामा, सकील अहमद, तस्लीम आरिफ, राजु वारसी, मोहम्मद असलम, शाहिद राजा, अजमल हुसैन उर्फ राजा भोजपुरिया, रमीज राजा, तनवीर आलम, उपमुख्य पार्षद सुनय कुमार परमार उर्फ बबलु सिंह, प्रखण्ड प्रमुख बिनोद सिंह, उपप्रमुख प्रतिनिधि संजीत चन्द्रवंशी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दीपक बाबा, अविनाश राव, मुना राम, चंदन सोनी, भिखारी राम, प्रकाश पासवान, टुनटुन, पिन्टु गुप्ता, श्रीनिवास यादव सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की यौमे पैदाइश पर निकाली गई जुलूस

परसा।इस्लाम के आखिरी पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की यौमे पैदाइश का जश्न पूरे नगर व प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया.जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के साथ ही चेतन परसा जामा मस्जिद समेत विभिन्न गांव में इस्लामी झंडे व देश के आन बान शान तिरंगे झंडे के साथ पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की यौमे पैदाइश हर्षउल्लास के साथ मनाया गया.जहां चेतन परसा जामा मस्जिद पोखरपुर जामा मस्जिद गौशिया जामा मस्जिद समेत प्रखंड व नगर के अलग अलग जामा मस्जिदों से हजारों की संख्या में जुलूस निकाल कर परसा हाईस्कूल चौक दरोगा राय चौक परसा बाजार खलीफा चौक से पुनः चेतन परसा जामा मस्जिद आकार समाप्त हो गया.साथ ही चेतन परसा जमा मस्जिद माड़र बहमाड़र कोहरा मठिया अन्याय सराय साहो महम्मदपुर बिशुनपुर चादपुरा आदि गावो में पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के यौमे में पैदाइश के मौके पर जश्न-ए ईद मिलादुन्नबी का भी इनेकात किया गया।जिसमे पैगम्बर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ओर से दी गई दीनी व दुनियाबी बातों का जिक्र व अजकार किया गया.और उनकी ओर से दिए गए इंसानियत के पैगाम को लोगों को अमल करने के साथ ही उनके बताये हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया.तथा पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम इस्लाम धर्म के संस्थापक थे जिन्होंने पूरे दुनिया में शांति सच्चाई एवं अमन को पैगाम को फैलाया. पैगंबर हजरत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम इस्लाम का पैगाम है एक इंसान दूसरे इंसान का मदद करें.पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम सादगी के प्रचारक थे और यतीमो के साथ उनका खास लगाव था पैगम्बर हरजत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की यौमे पैदाइश के मौके पर जुलूस निकालकर सादगी के साथ जुलूस के माध्यम से आम लोगों तक पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की व्यक्तित्व और संदेश को लोगों तक पहुंचाया गया.

उनके यौमे पैदाइश के मौके पर धूमधाम से मनाने के साथ देश में अमन चैन और आपसी भाईचारे बनी रहे इसके लिए दुआ मांगी गई.जुलूस में मौलाना मो अख्तर राजा हाफिज मो शाहिद राज हाफिज जाहिद हाफिज मो दिलकश मौलाना मो बसीर आसिफ असलम प्रो बिमल प्रसाद मो नौशाद मो सलीम अंसारी आलम लालबाबू राय मो इबरान अंसारी मो अजीज शमुद आलम अल्तमश अब्वास जलालुद्दीन सैदर अली आजाद आलम मो आलम अफजल हुसैन मो मोबिन आफताब आलम हैदर अली शुधांशू कुमार समेत हजारो की संख्या लोग शामिल थे.थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की यौमे पैदाइश के मौके पर थाना क्षेत्र के विभिन्न गावो से जुलूस निकाली गई.जिसको लेकर सभी जुलूस के साथ पदाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती की गई थी.साथ ही पूरे दिन पुलिस टीम गाड़ी गस्ती करती रही.

## संक्षिप्त खबरें

### पुनपुन नदी का जलस्तर में हो रही वृद्धि

किंजर अरवल : किंजर बाजार स्थित केंद्रीय जल आयोग के किंजर शाखा कार्यालय प्रभारी राम उदय शर्मा के अनुसार किंजर में पुनपुन नदी का जलस्तर में वृद्धि हो रही है उन्होंने बताया कि सोमवार की दोपहर तक दस सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से वृद्धि हो रही थी लेकिन संध्या चार बजे के रिपोर्ट के अनुसार आठ सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से वृद्धि हो रही है कार्यालय कर्मी ने बताया कि पुनपुन नदी की दक्षिण दिशा में अच्छी बारिश होगी तो जलस्तर में और तेजी से वृद्धि हो सकती है

### किसनों की बैठक कर 30 सितंबर को दी जाएगी प्रशिक्षण

करपी । सरकार के द्वारा प्रायोजित करपी अरवल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड करपी की वार्षिक बैठक आगामी 30 दिसंबर को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बाला बिगहा गांव में आयोजित की जाएगी । कंपनी के निर्देश कपिलदेव सिंह ने बताया कि कंपनी से जुड़े प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी किसान बैठक में हिस्सा लेंगे। कृषि विशेषज्ञ द्वारा उत्पादकता बढ़ाने एवं जैविक खेती के बढ़ाने की जानकारी किसानों को दी जाएगी। ताकि किसानों को कम लागत से अधिक मुनाफा हो सके

### पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा हाजीपुर एवं पटना में अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तीन आयु वर्ग के बच्चों को प्रतियोगिता में शामिल किया गया । पहले आयुवर्ग में 6 से 9 वर्ष, दूसरे आयुवर्ग में 9 से 12 वर्ष तथा तीसरे आयुवर्ग में 12 से 15 वर्ष के बच्चे प्रतियोगिता में शामिल हुए । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्षा रंजना द्वारा बच्चों को उपहार एवं अल्पाहार वितरित किया गया । इस अवसर पर संगठन की सचिव मीनाक्षी कुमार, कोषाध्यक्षा अर्चना चौधरी, प्रियंका सिंह एवं विनीता प्रसाद भी उपस्थित थीं ।

### 61वीं पुण्य तिथि पर याद किए गए स्वतंत्रता सेनानी जगलाल महतो



शेरघाटी।महान स्वतंत्रता सेनानी, शेरघाटी के प्रथम विधायक और गया के प्रथम महापौर स्वर्गीय जगलाल महतो की 61 वीं पुण्य तिथि पर सोमवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित आदम कद प्रतिमा पर स्वजनों और अनुयायियों ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। बिहार सरकार के पूर्व राज्य मंत्री व विधायक डॉ विनोद प्रसाद यादव ने कहा कि जिस प्रकार उन्होंने देश की आजादी में अपना योगदान दिया है। उसे भुलाया नहीं जा सकता। यही कारण है कि उस समय उन्हें मगध का गांधी कहा गया। कांग्रेस नेता संतोष कुमार ने कहा कि हमें अपनी विरासत बचाने की जरूरत है। पुत्र अशोक कुमार सिंह ने कहा कि बाबूजी ने अपना सर्वस्व जीवन देश हित में लगाया। आज हमें उनके रास्ते पर चल कर समाज सेवा में सहयोग करना चाहिए। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में प्रो अरविंद कुमार, जितेंद्र प्रसाद दांगी, दिलीप यादव, उपेंद्र नाथ वर्मा, नरेश कुमार, विनोद प्रसाद दांगी आदि मौजूद रहे।

# ठठेरा को अति पिछड़ा जाति के श्रेणी में लाने की उठी मांग

## बैठक में बड़ी रैली व धरना करने का लिया संकल्प

प्रात: किरण संवाददाता



बिहार राज्य ठठेरा संघ के तत्वावधान में संघ के प्रतिनिधियों की बैठक अध्यक्ष अनिल कुमार सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। वृक्षारोपण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। बैठक में मौजूद सभी लोगों ने जोरदार शब्दों में ठठेरा जाति को अति पिछड़ा जाति के श्रेणी में लाने तथा ठठेरा को बनिया कैटेगरी से हटाकर सिंगल कोड देने के लिए मांग किया।

पटना सिटी कोर्ट स्थित अनुपमा उत्सव हॉल में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए अनिल सोनी ने कहा कि ठठेरा समाज की हालत बद से बद्तर है। राजनैतिक, सामाजिक व आर्थिक रूप से हमारा समाज काफी पिछडे हुए हैं। हमारे समाज में अभी भी 40% लोग निरक्षर है। वहीं 80% लोगों के पास रहने के लिए अपना मकान नहीं है। देखा जाए तो पूरे भारतवर्ष में हमारे जाति का ना तो कोई विधायक है और ना कोई सांसद। उन्होंने कहा कि जहां हमारे बच्चों के हाथों में कलम और किताब होना चाहिए, परंतु गरीबी के कारण ठेला चलाकर, लोहा-टीना खरीद कर परिवार का गुजर बसर करने में सहयोग कर रहे हैं। अधिकतर ठठेरा भाई बर्तन का फेरी कर अपने परिवार कर भरण पोषण कर रहे हैं। ऐसा लगता है अभी भी हम आदिवासी की जिंदगी जी रहे हैं।

बैठक में प्रतिनिधियों में सरकार के प्रति काफी आक्रोश दिखा और जल्द ही सरकार को चेतावनी देने के लिए राजधानी में एक बड़ी रैली और धरना आयोजन करने का संकल्प भी लिया। बैठक में पटना के जिलाध्यक्ष संजय कुमार, कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष शिवकुमार और पप्पू भाई, संयुक्त मंत्री अनिल राज, संगठन मंत्री भोलू कुमार, सुंदर ठठेरा समेत काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। मंच का संचालन महामंत्री सत्यनारायण प्रसाद ने किया।

# पिंडदानियों का ख्याल रखेगी जिला प्रशासन

प्रात: किरण संवाददाता

गया। विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला महासंगम 2024 जो सतरह सितंबर से दो अक्टूबर तक चलने वाली का मंगलवार को भव्य शुभारंभ बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री एवं बिहार सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल, डॉ प्रेम कुमार, डॉ संतोष सुमन के द्वारा किया जाएगा जिसकी जानकारी सोमवार को मिडिया से बताते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष पितृपक्ष मेला में सभी सालों से अधिक यात्री आने की पुरी संभावना है। पितृपक्ष की अवधि के दौरान प्रत्येक तिथि का अपना धार्मिक आस्था एवं दृष्टिकोण से अलग अलग महत्व है। पितृपक्ष मेला से संबंधित कुल 55 पिण्ड वेदी है जिसमें 45 पिण्डवेदी एवं नौ सरोवर है। इसके लिए पण्डा समिति से सभी बैठक में तैयारी संबंधित पुरी तरह से कर लिया गया है। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को 43 जोन में बांटा गया है। जिसमें 339 सेक्टर बांटते हुए प्रयाप्त संख्या में दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी को लगाकर पर्यवेक्षण की व्यवस्था किया गया है।इस पितृपक्ष मेला में टेंट सिटी का भी दुसरे साल निर्माण कराया जा रहा है जिला प्रशासन की ओर से सरकारी 60, आवासन स्थल पर 18 हजार 060 आवासान क्षमता चिन्हित की गई है। इस साल पहली बार इन स्थलों पर दस सुपर मार्केट के साथ टैंगिग किया गया है जिससे लोगों को आवश्यक समान को आसानी से खरीदारी हो,इस वर्ष पहली बार मुख्यमंत्री के निर्देश के आलोक मे पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन गया द्वारा पितृपक्ष मेला के अवसर पर गया जी आए पिण्डदानियो को गंगाजल पैकेंजीग करकार उन्हें उपहार के रुप में दिया जा रहा है हर दिन दस हजार से अधिक पिण्डदानियो को गंगाजल का पैकेट उपलब्ध कराई जाएगी, पितृपक्ष मेला में सफाई व्यवस्था की व्यवस्था किया गया है लेकिन गया शहर के डालमिया हाउस के बगल में महिलाओं के मार्केट में पुरुष टायलट बंद आज तक नहीं कराया गया है इसपर पूर्व नगर निगम आयुक्त अभिलाषा शर्मा ने ध्यान दिया था पिछले साल लेकिन इस साल फिर से चालू हो गया लेकिन मेयर डिप्टी मेयर किसी का बंद हो जिससे पितृपक्ष पिण्डदानियो के महिलाओं को कोई पेरशानी नही हो इसका ध्यान नहीं। स्वास्थ्य शिविर में प्रमंडल से स्पेशलिटी डॉ को भी लगाया गया है।हर जगह से पानी की व्यवस्था कराई जाएगी,ई रिक्शा दिव्याग एवं वृद्ध जन के लिए नि शुल्क सेवा दिजाएगी,डुबने के कोई घटना नही हो इसके लिए गोताखोर का पुरी व्यवस्था किया गया है। संबंधित अधिकारियों से डायरेक्ट कम्पलेन के लिए ट्रोल फ्री नं जारी किया गया है। गंगा जल जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो चालु किए थे उन्हें हर पिंडदानी को गंगाजल सुलभ से दिया जाएगा आवसन स्थल पर दिया जाएगा। पिंडदान को जो शोषण के लिए सुचना मिलती थी उसके लिए धावा दल बनाया गया है जो कल से काम शुरू करेगी। होटल की मनमानी नहीं चलेगी।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पाच हजार से भी ज्यादा लोग शामिल रहेंगे,17 सुपर जोन बनाए गये है।वेरिक्टीग लगाए गये जिससे भिड़ को कम किया जाएगा,किन किन तिथियां मे ज्यादा भिड़ रहेगी है वहा पुलिस की व्यवस्था की गयी है दस मोटर साइकिल पुलिस गस्त करेगे, ड्रोन का उपयोग किया जाएगा, छः सो भोलेनेटीयर को लगाया जा रहा है अस्थाई थाना को कल से स्थापित कर दिया गया है। होटल और रुकने वाला जगहों पर जांच कराया जा रहा है।ड्रोन,पैनाकूलर,वाच टावर आदि के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी।फिडबेक लेने के लिए यू आर कोड को दिया गया है जिसमें सुधार के लिए और शिकायत के लिए एप तैयार किया गया है। पार्किंग स्थल की संख्या बढाया गया है।हर लोगों के साथ अच्छा व्यवहार रखेगे।इस मौके पर सुचना जनसम्पर्क पदाधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला का शुभारंभ मंगलवार को उप मुख्यमंत्री करेगें

गया। विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला महासंगम 2024 जो सतरह सितंबर से दो अक्टूबर तक चलने वाली का मंगलवार को भव्य शुभारंभ बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री एवं बिहार सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल, डॉ प्रेम कुमार, डॉ संतोष सुमन के द्वारा किया जाएगा जिसकी जानकारी सोमवार को मिडिया से बताते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष पितृपक्ष मेला में सभी सालों से अधिक यात्री आने की पुरी संभावना है। पितृपक्ष की अवधि के दौरान प्रत्येक तिथि का अपना धार्मिक आस्था एवं दृष्टिकोण से अलग अलग महत्व है। पितृपक्ष मेला से संबंधित कुल 55 पिण्ड वेदी है जिसमें 45 पिण्डवेदी एवं नौ सरोवर है। इसके लिए पण्डा समिति से सभी बैठक में तैयारी संबंधित पुरी तरह से कर लिया गया है। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को 43 जोन में बांटा गया है। जिसमें 339 सेक्टर बांटते हुए प्रयाप्त संख्या में दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी को लगाकर पर्यवेक्षण की व्यवस्था किया गया है।इस पितृपक्ष मेला में टेंट सिटी का भी दुसरे साल निर्माण कराया जा रहा है जिला प्रशासन की ओर से सरकारी 60, आवासन स्थल पर 18 हजार 060 आवासान क्षमता चिन्हित की गई है। इस साल पहली बार इन स्थलों पर दस सुपर मार्केट के साथ टैंगिग किया गया है जिससे लोगों को आवश्यक समान को आसानी से खरीदारी हो,इस वर्ष पहली बार मुख्यमंत्री के निर्देश के आलोक मे पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन गया द्वारा पितृपक्ष मेला के अवसर पर गया जी आए पिण्डदानियो को गंगाजल पैकेंजीग करकार उन्हें उपहार के रुप में दिया जा रहा है हर दिन दस हजार से अधिक पिण्डदानियो को गंगाजल का पैकेट उपलब्ध कराई जाएगी, पितृपक्ष मेला में सफाई व्यवस्था की व्यवस्था किया गया है लेकिन गया शहर के डालमिया हाउस के बगल में महिलाओं के मार्केट में पुरुष टायलट बंद आज तक नहीं कराया गया है इसपर पूर्व नगर निगम आयुक्त अभिलाषा शर्मा ने ध्यान दिया था पिछले साल लेकिन इस साल फिर से चालू हो गया लेकिन मेयर डिप्टी मेयर किसी का बंद हो जिससे पितृपक्ष पिण्डदानियो के महिलाओं को कोई पेरशानी नही हो इसका ध्यान नहीं। स्वास्थ्य शिविर में प्रमंडल से स्पेशलिटी डॉ को भी लगाया गया है।हर जगह से पानी की व्यवस्था कराई जाएगी,ई रिक्शा दिव्याग एवं वृद्ध जन के लिए नि शुल्क सेवा दिजाएगी,डुबने के कोई घटना नही हो इसके लिए गोताखोर का पुरी व्यवस्था किया गया है। संबंधित अधिकारियों से डायरेक्ट कम्पलेन के लिए ट्रोल फ्री नं जारी किया गया है। गंगा जल जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो चालु किए थे उन्हें हर पिंडदानी को गंगाजल सुलभ से दिया जाएगा आवसन स्थल पर दिया जाएगा। पिंडदान को जो शोषण के लिए सुचना मिलती थी उसके लिए धावा दल बनाया गया है जो कल से काम शुरू करेगी। होटल की मनमानी नहीं चलेगी।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पाच हजार से भी ज्यादा लोग शामिल रहेंगे,17 सुपर जोन बनाए गये है।वेरिक्टीग लगाए गये जिससे भिड़ को कम किया जाएगा,किन किन तिथियां मे ज्यादा भिड़ रहेगी है वहा पुलिस की व्यवस्था की गयी है दस मोटर साइकिल पुलिस गस्त करेगे, ड्रोन का उपयोग किया जाएगा, छः सो भोलेनेटीयर को लगाया जा रहा है अस्थाई थाना को कल से स्थापित कर दिया गया है। होटल और रुकने वाला जगहों पर जांच कराया जा रहा है।ड्रोन,पैनाकूलर,वाच टावर आदि के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी।फिडबेक लेने के लिए यू आर कोड को दिया गया है जिसमें सुधार के लिए और शिकायत के लिए एप तैयार किया गया है। पार्किंग स्थल की संख्या बढाया गया है।हर लोगों के साथ अच्छा व्यवहार रखेगे।इस मौके पर सुचना जनसम्पर्क पदाधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई का हुआ गठन

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिले के वलीदाद नगर इकाई का गठन किया गया, नगर अध्यक्ष गुड्डू कुमार उर्फ मिस्टर किंग सर और नगर मंत्री सिंटू कुमार बने, इस कार्यक्रम में अभाविप के जिला संयोजक अमर कीर्ति, कलेर नगर मंत्री सुजीत कुमार, फतेहपुर संडा कॉलेज अध्यक्ष अमर कांत यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया, जिला संयोजक अमर कीर्ति ने अपना संबोधन में बताया की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देश की युवा छात्र शक्ति का प्रतिनिधि संगठन है। इसकी स्थापना 9 जुलाई 1949 को हुई। तब से अब तक परिषद निरन्तर ऊर्जा सम्पन्न युवाओं को संगठित करने का कार्य किया है। आज यह विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन हैं।विद्यार्थी परिषद युवा शक्ति के राष्ट्रवादी स्वर का प्रतिनिधि संगठन है। राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए छात्रों में राष्ट्रवादी चिंतन को जगाना ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का मूल उद्देश्य है। नगर मंत्री सुजीत कुमार ने बताया कि विद्यार्थी परिषद् छात्र-छात्राओं में सकारात्मक देश भक्ति को बढ़ावा देने और राष्ट्रप्रेम का भाव जागृत करने के लिए सतत प्रयत्नशील रहता है।

दलगत राजनीति से परे यह संगठन देश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्र-समुदाय को राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रहित के लिए विभिन्न मुद्दों पर झकझोरती रही है, कॉलेज अध्यक्ष अमर कांत यादव ने विगत एक वर्षों में संगठन के द्वारा सामाजिक शैक्षणिक मुद्दों को लेकर किए गए संघर्ष का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किए,तो वही प्रदेश कार्यकारणी सदस्य पूजा कुमारी ने बताया कि विद्यार्थी परिषद् द्वारा विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में वन्देमातरम के गान जैसे विषयों पर प्रभावी आंदोलन चलाए गए। विद्यार्थी परिषद अपने हर कार्यक्रम में वन्दे मातरम का गान अवश्य करता है। तिरंगे का मान या राष्ट्रगीत का सम्मान आज हमारे परिसर संस्कृति का अंग बन चूका है। जिला संयोजक अमर कीर्ति ने नए कार्यकारणी की घोषणा की ,जिसमे नगर मंत्री सिंटू कुमार को मनोनीत किया गया, नगर अध्यक्ष गुड्डू कुमार उर्फ मिस्टर किंग सर,नगर सह मंत्री मनी दुबे,सोनू दुबे,राहुल कुमार, सूरज कुमार बने,नगर कोषाध्यक्ष अजय कुमार,और नगर कार्यकारणी सदस्य, सुदीप कुमार,गौतम कुमार,सुभम कुमार,रितेश कुमार, अमन कुमार को बनाया गया

# शेरघाटी में चर्चित आइपीएस विकास वैभव का हुआ शानदार स्वागत



शेरघाटी। बिहार से चर्चित आइपीएस विकास वैभव का सोमवार को शेरघाटी बस पड़ाव के समीप शानदार स्वागत किया। मुस्कान फाउंडेशन के संस्थापक व लेट्स इंस्पायर बिहार गया चैप्टर के अनुमंडलीय सदस्य इमरोज अली की अगुवाई में यहां भव्य स्वागत किया गया। शहर के दर्जन भर युवाओं ने विकास वैभव को बुके व फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इमरोज अली ने बताया कि श्री वैभव बीते कई वर्षों से लेट्स इंस्पायर बिहार का एक मुहिम चला रहे हैं। जिसमें सूबे के विभिन्न जिलों के एक लाख से अधिक युवा जुड़ चुके हैं। आइपीएस इस मुहिम के माध्यम से उद्यमिता, शिक्षा, स्वास्थ्य और कला में रुचि रखने वाले युवाओं को अपने क्षेत्र में बहते करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। साथ ही उन्हें बेहतर व समृद्ध बिहार कैसे बने इस पर जोर दिया। इसी कड़ी में वह औरंगाबाद जिले से होकर गया एक कार्यक्रम में जा रहे थे। जाने के क्रम में के.के कंपीटिटिव क्लासेज के डायरेक्टर कुंदन कुमार, इंजीनियर सद्दाम हुसैन, बेलाल अहमद, शहबाज आलम, मोहेब अकरम, टिंकू, मो. अतिब, पिंटु कुमार, विकास कुमार, अंश, विकेश, नीतीश, रंधीर आदि ने जोरदार स्वागत किया।

# हिंदी दिवस पाक्षिकोत्तर कार्यक्रम के प्रथम दिन डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह के साहित्य पर संवाद



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान हिंदी दिवस पाक्षिकोत्तर कार्यक्रम के निमित्त प्रथम दिवस जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह के साहित्य पर आधारित संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सम्मेलन के उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, महामंत्री धनंजय जयपुरी, संयुक्त सचिव नागेंद्र कुमार केसरी के आह्वान पर संवाद करते हुए संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने कहा कि सिद्धेश्वर बाबू औरंगाबाद के प्रतिष्ठित कॉलेज सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर हैं। वर्तमान में वे सत्येंद्र नगर के निज आवास कला कुंज में रहते हैं और साहित्य सेवा में हमेशा संलग्न रहते हैं। उनकी संस्मरण साहित्य ह्यकहां गए वे दिनह्न चर्चित पुस्तक के रूप में जानी जाती है। यह संस्मरण साहित्य की बेजोड़ कृति है। साथ ही औरंगाबाद जिले के वर्तमान परिवेश में पिछले एक दशक में जितने भी लेखकों,कवियों की कृतियों में संस्तुति करने का कार्य भी उन्हीं के द्वारा किया जाता रहा है।दर्जनों पुस्तकों में उनकी रचनाएं प्रकाशित हो चुकी हैं।आज वे औरंगाबाद जिले के साहित्यिक स्तंभ हैं जिनके बगैर साहित्य की कल्पना नहीं की जा सकती। वे साहित्य के पुरोधा हैं। उनके कारण हिंदी साहित्य को बढ़ावा मिला। उनके कारण हिंदी साहित्य को सीखने के लिए लोगों ने हिंदी भाषा पर भरोसा जताया और प्रेरणा लेकर हिंदी भाषा सीखने का प्रयास भी किया उनके कारण हिंदी साहित्य का बहुत विकास हुआ है।

# बरगंडी ने पटना समेत 15 नए शहरों में बढ़ाई उपस्थिति

## संपत्ति प्रबंधन सेवाएं करेगा प्रदान

पटना। एक्सिस बैंक के निजी बैंकिंग व्यवसाय बरगंडी प्राइवेट ने पटना समेत 15 नए शहरों में अपनी संपत्ति प्रबंधन सेवाओं के विस्तार की घोषणा की है, जिससे अब यह सेवा देश भर के 42 शहरों में उपलब्ध होगी। इस रणनीतिक कदम के साथ भारत के तेजी से विकसित हो रहे टियर-2 बाजारों के ग्राहकों की अनूठी जरूरतों के अनुरूप खास संपत्ति प्रबंधन सेवाएं प्रदान करेगा। उक्त बाजारों में निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई, जिसमें बचत और सावधि जमा ने 1 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर लिया है। बरगंडी प्राइवेट का लक्ष्य अपनी विशेषज्ञता, प्रौद्योगिकी और डेटा एनालिटिक्स का लाभ उठाकर ऐसे व्यक्तिगत समाधान प्रदान करना है, जो इन उभरते हुए भौगोलिक क्षेत्रों में समृद्ध ग्राहकों की नई अपेक्षाओं को पूरा करें। बैंक के ग्रुप एग्जीक्यूटिव- एफ्लुएंट बैंकिंग, एनआरआई, अर्जुन चौधरी ने कहा कि प्रमुख रूप से टियर-2 शहरों के उभरते बाजारों पर ध्यान दिया जा रहा है, जहां बचत और निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि दिख रही है। इन उभरते बाजारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए उत्सुक हैं। इन बाजारों और उनकी वित्तीय, सांस्कृतिक और सामाजिक बारीकियों की हमारी गहरी समझ, हमें ऐसी विशिष्ट धन सृजन और संरक्षण रणनीतियां तैयार करने में मदद करती है, जो हमारे ग्राहकों को उनके लक्ष्यों और वित्तीय आकांक्षाओं को प्राप्त करने में सशक्त मदद करती हैं।

# नए एएसपी शैलेन्द्र कुमार ने किया पदभार ग्रहण

## डॉ के रामदास का हुआ विदाई समारोह



शेरघाटी। अनुमंडल पुलिस कार्यालय में विदाई समारोह व स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। उक्त दौरान विभिन्न थाना के आये थानाध्यक्ष व पुलिस पदाधिकारीयो ने निवर्तमान एएसपी डॉ. के रामदास को विदाई दिया गया। जबकि नए आईपीएस अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने शेरघाटी एएसपी के के पद भार ग्रहण किया है, उक्त दौरान शेरघाटी थानाध्यक्ष अजित कुमार में नए अधिकारी को फूल माला व बुके देकर सम्मानित किया।

विदाई समारोह के दौरान शेरघाटी एसडीओ समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी समेत कई लोग उपस्थित रहे।

### एनसीसी कैडेटों को दिया फायरिंग व सड़क सुरक्षा का दिया प्रशिक्षण

गया। 13 बिहार बटालियन एनसीसी के द्वारा आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में बॉयज एंड गर्ल्स एनसीसी कैडेटों फायरिंग का प्रशिक्षण दिया गया। फायरिंग के पूर्व कैंप कमांडेंट राजकुमार सिंह के निदेर्शानुसार पीआई स्टाफ ने हथियार के बारे में कैडेटों को विस्तार से जानकारी दी गई।वहीं जिला परिवहन कार्यालय से आए आरक्षी ने एनसीसी कैडेटों को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी गई। युवाओं को मोटर वाहन एक्ट के नियमों और समय-समय पर होने वाले संशोधनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सीट बेल्ट लगाने की विधि और इससे होने वाले लाभ की जानकारी दी गई। सड़क सुरक्षा के लिए सावधानियां और नियम हैं, जिनका पालन करने से हर व्यक्ति खुद और दूसरों की सुरक्षा कर सकता है। सड़क सुरक्षा संकेत तीन तरह के होते हैं - अनिवार्य, सूचनात्मक, और चेतावनी संकेत। सड़क सुरक्षा के लिए, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।इस मौके पर एडम अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप कुमार तक्षक,लेफ्टिनेंट कर्नल अनुप कुमार सुबेदार मेजर बिराज टोप्पो,सुबेदार राजेश सिंह,बीएचएम संजय कुमार, सीएचएम विरेन्द्र यादव, हवलदार सतीश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# दो दिवसीय किसानों का कार्यशाला पटना में आयोजित

पटना । सर्वे की विसतृत जानकारी के लिए 16-17 अक्टूबर 2024 को दो दिवसीय किसानों का कार्यशाला पटना में आयोजित किया जाएगा। जिसमें 500 किसान प्रतिनिधि भाग लेंगे। उसके बाद संपूर्ण बिहार में सर्वे के सवाल पर किसानों का जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित किया जाएगा। पटना में संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के संचालन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से आज यह फैसला लिया गया। सर्वे के बहाने किसानों से जमीन छीनने एवं सर्वे कर्मियों द्वारा किसानों की हो रहे बड़े पैमाने पर लूट के लिए आनन-फानन में बगैर तैयारी का सर्वे का काम शुरू करने से सभी किसान परेशान है।इससे आम किसानों में भारी आक्रोष है। इसलिए बड़े पैमाने पर किसानों की लूट को रोकने हेतु तत्काल सर्वे को रोकर पहले जमीन के कागज की त्रुटियों का परिमार्जन और रजिस्टर-2 को अद्तन कर ऑनलाइन किया जाए। परिमार्जन में विलंब करने के दोषी कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई किया जाए। सभी किसानों को खतियान के साथ सारे रिकॉर्ड उपलब्ध करवाया जाए। फिर पूरी तैयारी के साथ त्रुटि रहित सर्वे का काम शुरू किया जाए। सर्वे की त्रुटि और किसानो की बड़े पैमाने पर लूट के गोरख धंधा पर सभी किसान नेताओं ने रोष व्यक्त करते हुए बिहार सरकार से अविलंब कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में एक पत्र बिहार सरकार के राजस्व सचिव को देकर अविलंब सर्वे रोकने की मांग किया जाएगा। संचालन समिति की बैठक को भारतीय किसान यूनियन के बिहार प्रभारी दिनेश कुमार, बिहार राज्य किसान सभा के महासचिव अशोक प्रसाद सिंह, मेगा औद्योगिक पार्क प्रभावित किसान मोर्चा के गोपाल शर्मा, स्वामी सहजानंद सरस्वती आश्रम समिति के महासचिव अशोक कुमार सिंह, चौसा के पीड़ित किसानों के नेता ए के चौबे, किसान मंच के अमरीश नंदन, ऑल इंडिया स्वामी सहजानंद सरस्वती विचार मंच के बैजनाथ शर्मा,बृजभूषण शर्मा, जागो किसान मंच के नरेश कुमार यादव, ए.आई.के.एफ के महासचिव भूप नारायण सिंह, फतुहा के किसान नेता डॉ विनय कुमार सिंह आदि ने अपना विचार व्यक्त किया। बैठक की अध्यक्षता ऑल इंडिया अग्रगामी किसान सभा के महासचिव अमेरिका महतो ने की।

# आर्म्ड डी सूजा साहित्यिक यायावर सम्मान से नवाजे गए प्रदीप कुमार

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



पटना। हिन्दी दिवस के अवसर पर पूर्वोत्तर हिन्दी अकादमी, शिलांग द्वारा लेखक मिलन शिविर का 18वां संस्करण गोवा में किया गया। उक्त अवसर पर देश भर के 43 साहित्यकारों को हिन्दी भाषा में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में अहमदाबाद से आए श्री प्रदीप कुमार को आर्म्ड डी सूजा साहित्यिक यायावर सम्मान दिया गया। पूर्वोत्तर हिन्दी अकादमी एवं डॉ. अकेलाभाई प्रोग्रेसिव फाउंडेशन के संचालक डॉ. अकेलाभाई ने कहा कि आज हिन्दी अखिल भारतीय काम काजी भाषा के साथझसाथ वैश्विक भाषा बन गई है। समारोह के अध्यक्ष शांति कुमार स्याल, पूर्ण संपादक, राज भाषा शांति गृह मंत्रालय ने कहा कि पिछले कुछ वर्षो में जिस तरह से हिन्दी भाषा को रोजगार के साथ जोड़ा गया है वो उम्मीद जगाने वाला है। ऑस्ट्रेलिया से आई मुख्य अतिथि डॉ. रेखा द्विवेदी, वरिष्ट साहित्यकार एवं प्रवासी भारतीय ने विश्व स्तर पर हिन्दी के बढ़ते दायरे पर हर्ष जताया। समारोह में साहित्यकारों और कवियों के बीच संवाद और विचार विमर्श किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन 15 सितंबर 2024 के अपराहन में संध्या 6 बजे से साहित्यकारों के लिए सम्मान समारोह हुआ, जिसमे 43 साहित्यकारों को इनके साहित्यिक योगदान के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान साहित्यिक, सांस्कृतिक और काव्य गतिध्वियों का संगम हुआ तथा साहित्यकारों और कवियों के बीच एक उत्तम आपसी विचार विनमय भी हुआ। तीन दिवसीय शिविर का आयोजन हिन्दी भाषा की समृद्धि और साहित्यिक योगदान को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से किया गया। समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए जिसमे नृत्य और संगीत तथा एक लघु नाट्य का मंचन किया गया। अंत में डॉ. अकेलाभाई ने सभी साहित्यकारों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# जिले के सभी राजनीतिक दल के नेता व समाजसेवी धर्मेंद्र कुमार की माता के निधन पर दी सांत्वना

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। जिले के सबसे जाने माने चर्चित शिक्षण संस्थान दिल्ली पब्लिक स्कूल के निर्देश पूर्व नेवी के ऑफिसर धर्मेंद्र कुमार के माता जी का निधन होने पर जिले में शोक की लहर दौड़ उठी। जिले के सभी राजनीतिक दल के नेता समाजसेवी बुद्धिजीवी शिक्षक गण पत्रकारिता से जुड़े मीडिया बंधु नौजवान युवा साथी धर्मेंद्र कुमार से मिलकर इस दुख के घड़ी में ढांढस से बंधाया । भाकपा माले के अरवल विधायक महानंद सिंह अरवल विधानसभा के भाजपा के पूर्व प्रत्याशी दीपक शर्मा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज सिंह यादव हम पार्टी के जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का जिला अध्यक्ष सत्येंद्र रंजन जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर शर्मा मुखिया संघ का जिला अध्यक्ष अभिषेक रंजन वरिष्ठ समाजसेवी विक्रम सिंह एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के निदेर्शानुसार सैनिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार सुमन के नेतृत्व में चार सदस्य कमेटी समेत अन्य लोग दिल्ली पब्लिक स्कूल के निर्देशक धर्मेंद कुमार के माता जी का निधन पर उनके निवास स्थान करपी प्रखंड क्षेत्र के करवा हँकार पहुंचकर मृत आत्मा को सांति दे भगवान अपने श्री चरणों में स्थान दे परिवार को इस दुख की घड़ी में दुःख सहने की शक्ति दे

# विकास मार्ट में लाखो का नुकसान

गया। गरीब,असहाय,अनाथ एवं लाचार बेटियों की सामूहिक शादी कराने वाली बिहार झारखंड की एक मात्र संस्था कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी द्वारा उन बेटियों को विदाई में देने वाली सामग्री आज पानी में डूब गई,आपको बताएं की शहर मुख्यालय में संस्था के सचिव विकास माली द्वारा विकास मार्ट की शुरूआत की गई है जहां आपको जरूरत की कई सामानों की खरीदी करने पर विशेष छूट देने के साथ साथ उपहार भी दी जाती है,ऐसा इसलिए किया गया है ताकि इससे भी कुछ उपार्जन हो जिससे बेटियों की सामूहिक शादी में किसी तरह की परेशानी ना हो,इसी उद्देश्य से मार्ट में छोटे से सामान से ले कर बड़े पलंग,सोफा,कूलर,फ्रीज सहित कई अन्य बड़ी सामग्री भी रखी हुई है,जो आज उस वक्त पानी में डूब गई जब देर शाम से लगातार बारिश होते रहने के कारण पास में स्थित पशुपालन विभाग के अहाते से पानी मार्ट में घुस गया,अभी लोग कुछ समझ या बचाव कर पाते तब तक पानी ने पूरे मार्ट को अपने आगोश में ले लिया,बाद में पंप के जरिए किसी तरह पानी को बाहर निकाला गया,लेकिन तब तक काफी देर हुआ जिससे लाखों रुपए का सभी जरूरी सामान बर्बाद हो गया,नुकसान तो भारी हुआ पर जीवट,जिद्द और अपने अभियान को मुकाम पर के लिए अनवरत संकल्पित रहने वाले विकास माली ने कहा की जरूरी सामान की बबार्दी से नुकसान तो बहुत हुआ है लेकिन यह मेरे शादी वाले अभियान पर कोई असर नहीं डाल पाएगा,क्योंकि हमारे हर आयोजन से पहले कुछ ना कुछ एक बड़ा अड़चन मेरे सामने आता ही है लेकिन उन सभी तेरह हजार बेटियों का आशीर्वाद इस भाई के ऊपर हमेशा रहता है जिनकी शादियां मैं अब तक करा चुका हूं,इसलिए मैं तनिक भी विचलित नहीं हूं,कहा की ऐसी बड़ी बाधा मेरे सामने इसीलिए आई है क्योंकि नवंबर में मुंबई में और दिसंबर माह में अपने इसी गढ़वा में 251 बेटियों की सामूहिक शादी करानी है,जिसमें उनके आशीर्वाद से ही पूर्व के अन्य आयोजनों की तरह सफलता हासिल करूंगा।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला वार्ड सदस्य से मांगी गई रंगदारी, प्राथमिकी दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

जमुई । झाझा नप क्षेत्र के एक महिला वार्ड सदस्य से कुछ लोगों के पांच लाख रूपए रंगदारी मांगे जाने का मामला थाना में दर्ज कि गई है। इस संदर्भ में वार्ड संख्या 22 के वार्ड पार्षद मंगीता देवी ने दर्ज आवेदन में बताया कि बसस्टैंड में जमीन खरीदकर अपना घर बनाया हूं। कुछ दिन से बसस्टैंड के रहने वाले कृष्णा यादव, उसका दो बेटा रोहित कुमार, सोहित कुमार, पृथ्वी राज, सागर यादव एवं 10 अज्ञात व्यक्ति घर का ताला तोड़कर अपना ताला लगा दिया है। ताला खोलने के एवज में वे लोग मुझसे पांच लाख रूपए रंगदारी मांगते हुए कहा कि वार्ड सदस्य हो बहुत रूपए कमाई कि हो इसलिए मुहल्ले में घर बनाया है और उसमें रहना चाहती हो तो दो दिन के अंदर पांच लाख रूपए रंगदारी के तौर पर देना होगा। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद इस मामलें में पुलिस के द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### हत्या मामलें में एक अभियुक्त की हुई गिरफ्तारी

प्रातः किरण संवाददाता

जमुई । झाझा थानाक्षेत्र के औरैया गांव में बीते शनिवार को सोए अवस्था में 72 वर्षीय काशी यादव पर कुल्हाड़ी से वार करने के बाद इलाज के दौरान उसकी हुई मामले में एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के संदर्भ में थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि मृतक के बेटी के दिए गए आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कि गई थी जिसमें नामजद मनोज यादव जो मृतक का सौतेला भाई है उसे करहरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। वही अन्य बचे अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी में जुटी हुई है।

### महिला के साथ भैंसुर ने की मारपीट, हुई घायल

प्रातः किरण संवाददाता

जमुई । झाझा थानाक्षेत्र के छापा गांव में कुंआ पर स्नान करने जा रही एक महिला के साथ उसके भैंसुर के द्वारा मारपीट कि गई जिसके बाद महिला को लोगों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां घायल महिला का इलाज किया गया। घायल महिला ललीता देवी ने बताया कि मै कुंआ पर स्नान करने जा रही थी कि तभी भैंसुर दिनेश यादव ने कुंआ पर चढ़ने से मना करने लगा जिसका विरोध किया तो भैंसुर ने मेरे साथ बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए हमारे पूर्वज भी पेड़ों की करते थे पूजा : नंदकिशोर यादव

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी, प्रातःकिरण संवाददाता रोटरी क्लब पटना सिटी सम्राट द्वारा बिहार विधानसभा के सभागार में पर्यावरण संरक्षण पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने पौधा में जलार्पण कर किया। उन्होंने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण दुनिया के लिए एक गंभीर बिषय है। आधुनिकता के इस दौर में हमलोगों ने पर्यावरण का दोहन किया है। श्री यादव ने कहा कि देश में काफी पहले से पेड़ों की पूजा हमारे पूर्वज करते आ रहे हैं हमारे पूर्वज तुलसी, बरगद, पीपल नीम के पेड़ों की पूजा करते थे। भूमि हमारी माता है। इसका जिक्र अथर्ववेद में मिलता है। आज दुनिया पर्यावरण को लेकर चिंतित है।

# पटना के ज्ञान भवन में लगा सरस मेला

## बिहार समेत 22 राज्यों के लगे 130 स्टॉल

■ खरीदारी के साथ लें लजीज पकवानों का आनंद

प्रातः किरण संवाददाता





पटना। महिला सशक्तीकरण, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता से परिपूर्ण सरस मेला में देश भर की स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिला शिल्पकारों एवं उद्यमियों के स्वावलंबन की झलक प्रदर्शित की जाती है। सरस मेला का आयोजन ग्रामीण उद्यमिता, शिल्प एवं हुनर को बढ़ावा देने की दिशा में एक सार्थक पहल है।

वर्ष 2014 से बिहार सरस मेला का आयोजन जीविका, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार द्वारा किया जा रहा है।

सरस मेला हस्त शिल्प, लोक कलाकृति एवं संस्कृति का अनूठा संगम है, जहाँ हम अपने देश के बिभिन्न राज्यों के विभिन्न लोक रंग एवं संस्कृति को एक ही कैनवास पर देखने को मिलता है। अपने उद्देश्यों को लेकर बिहार सरस मेला प्रति वर्ष पटना में आयोजित किया जाता रहा है।

वर्ष 2018 से बिहार सरस मेला का आयोजन साल में दो बार किया जाता है। प्रथम संस्करण का आयोजन लघु सरस के रूप में सितम्बर माह में होता है। इसमें बिहार समेत देश के कई राज्यों की स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिला उद्यमियों के उत्पादों की बिक्री होती है। द्वितीय संस्करण का आयोजन गाँधी मैदान, पटना में होता है। यह आयोजन 15 दिनों का होता है जिसमें लगभग सभी राज्यों के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिला उद्यमियों एवं स्वरोजगारियों के उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री होती है।

बिहार के सभी जिलों से जीविका से सम्बद्ध स्वयं सहायता समूह की महिला उद्यमियाँ, शिल्प, कलाकृति, पौष्टिक एवं स्वादिष्ट देशी व्यंजन लेकर उपस्थित होती है। बिहार सरस मेला में देश की कई राज्यों से आई स्वयं सहायता समूह एवं स्वरोजगारियों द्वारा उत्पादित हस्त शिल्प, देशी एवं पारंपरिक परिधानों तथा देशी व्यंजनों के प्रति लोगों का आकर्षण देखते ही बनता है। सरस मेला के सफलता के बढ़ते क्रम में व्यवसाय प्रबंधन और फैशन टेक्नॉलोजी की पढाई कर रहे छात्र-छात्राएँ भी यहाँ आकर महिला

उद्यमियों से कुशल व्यवसाय प्रबंधन का ज्ञान प्राप्त कर अपने कैरियर निर्माण कर रहे है।

### वर्ष 2023 में बिहार सरस मेला का स्वरुप :-

पिछले वर्ष 2023 का प्रथम संस्करण बिहार सरस मेला ज्ञान भवन, पटना में 20 सितम्बर से 27 सितम्बर तक आयोजित हुआ था। इस मेला में बिहार समेत 22 राज्यों की स्वयं सहायता समूह से जुड़ी ग्रामीण महिला शिल्पकार अपने- अपने क्षेत्र के शिल्प, संस्कृति, स्वाद और परंपरा को लेकर उपस्थित हुए थे। 131 स्टॉलों के माध्यम से देश का हुनर, शिल्प, स्वाद, संस्कृति और परंपरा को परिलक्षित किया गया था। महज 8 दिनों के आयोजन में 2 करोड़ 92 लाख रुपए से अधिक के उत्पादों एवं व्यंजनों की खरीद-विक्री हुई थी। मेले के दौरान लगभग 2 लाख 92 हजार से अधिक लोग आये। मनपसंद उत्पादों की खरीददारी की और लजीज व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया ।

पिछले वर्ष आयोजित सरस मेला (प्रथान संस्करण) में प्रतिभागी राज्य जम्मू-कश्मीर, सिक्किम, झारखण्ड, उत्तर प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ़, मेघालय, उत्तराखंड, पंजाब, असम, कर्नाटक, केरल, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिसा, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, तमिलनाडु एवं बिहार।

### प्रथम संस्करण 2024

इस वित्तीय वर्ष का सरस मेला (प्रथम संस्करण) 18 से 27 सितंबर 2024 तक ज्ञान भवन, पटना में आयोजित किया जा रहा है। मेला की अवधि प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे निर्धारित है। प्रवेश निःशुल्क है।

### स्वाद, संस्कृति, संवाद, शिल्प और हुनर के समागम के इस बहुरंगी मेला के खास आकर्षण इस प्रकार हैं

1. बिहार समेत 22 से अधिक राज्यों की सहभागिता
2. 130 से ज्यादा स्टॉल पर उत्पादों एवं व्यंजनों की खरीद–बिक्री
3. बिहार के सभी जिलों से स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिला उद्यमियों के स्टॉल
4. महिला उद्योग संघ, महिला विकास निगम, शहरी आजीविका मिशन से जुडी महिला उद्यमियों के स्टॉल,
5. कैशलेश (डिजिटल ट्रानर्जेक्शन) खरीददारी के लिए ग्राहक सेवा केंद्र और स्टॉल पर भी कैशलेश खरीददारी की व्यवस्था,
6. अपने हुनर को व्यवसाय में तब्दील करती और उसे बड़ा आकार देती हुई ग्रामीण महिलाओं के प्रेरक स्टॉल,
7. सतत जीविकोपार्जन योजना समेत बिहार सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं की सफलता को प्रदर्शित करते हुए स्टॉल और लाभान्वितों की झलक,
8. जीविका दीदियों द्वारा संचालित शिल्प ग्राम एवं मधुग्राम के उत्पादों की प्रदर्शनी सह विक्री,
9. कृत्रिम फूल, कालीन समेत सज–ावट के विभिन्न प्रकार के उत्पाद,
10. खादी के परिधान, गर्म कपड़े, सिल्क, कॉटन, कोशा आदि से बनी साड़ियों, सलवार, सूट, ना–इटी, फुलकारी, चिकेन कारी जैसे परिधानों से मुसज्जित स्टॉल,
11. आचार, पापड़, सत्तू, बेसन, मखाना, कतरनी चावल, चूड़ा और गुड़ जैसे देशी व्यंजनों के स्टॉल
12. दीदी की रसोई समेत बिहार समेत कई राज्यों के मशहूर मिठाईयों एवं व्यंजनों के स्टॉल हैं।

## हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर तिलौथू में निकला जुलूस



प्रातः किरण संवाददाता

तिलौथू (रोहतास) । रोहतास जिला स्थित तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में हजरत मोहम्मद (स०) के जन्मदिन के अवसर पर जुलूसे मोहम्मदी का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की तादाद में मुस्लिम धर्म गुरुओं के साथ लोग शरीक हुए और उल्लास के साथ जन्मदिन मनाया। प्रखंड के तिलौथू ,सरैया,केरपा,चूरेसर, कोडर समेत कई गांव में जुलूसे मोहम्मदी का आयोजन किया गया। जिसमें बूढ़े,जवान और बच्चे झंडा लेकर जन्मदिन को मनाया। जिसमें तिलौथू बाजार में भी जुलूसे मोहम्मदी में सैकड़ो लोग शरीक हुए तथा उलेमा द्वारा लोगों को संबोधित किया गया। जुलूसे मोहम्मदी तिलौथू जामा मस्जिद से होकर जगदेव चौक,मुख्य बाजार,फल मंडी होते हुए हाई स्कूल के रास्ते से तिलौथू मजार के पास पहुंचा। जहां प्रसाद वितरण के बाद समापन हुआ। वहीं सरैया गांव में बड़े पैमाने पर जुलूस का आयोजन हुआ जिसमें विशेष कर मौलाना इफ्तिखार अहमद नूरी और गुलाम ताहा समेत अन्य उलेमा ने हजरत मोहम्मद साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मोहम्मद साहब के बताए हुए रास्ते पर चलकर ही दुनिया और आखिरत में इंसान कामयाबी हासिल कर सकता है। कहा कि हजरत मोहम्मद साहब दुनिया में सिर्फ मुसलमान के लिए नहीं बल्कि तमाम इंसानियत को एकेश्वरवाद की तालीम देने आए थे। इस दौरान शोरा कराम ने नात व मनकबत का गुलदस्ता भी पेश किया। जुलूस कई मार्गो से होता हुआ मदरसा दारुल इस्लाम पहुंचकर संपन्न हो गया। इस मौके पर सीओ हर्ष हरि , तिलौथू थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार,प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी अरविंद कुमार,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रजनीश कुमार,एसआई रवि प्रियदर्शी, सतीश कुमार, शिव मूरत सिंह,पुलिस प्रशासन व मजिस्ट्रेट तैनात थे। जो सुबह से ही प्रशासन मुस्तैद नजर आ रहे थे। साथ ही मौके पर तिलौथू पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र द्विवेदी,उप मुखिया अजित कुमार,खलीफा सज्जाद खान, कल्लन खान,मुर्शीद आलम,डॉ अमानुल्लाह कादरी,डॉ मोफिज आलम, सचिव जयाउल रहमान,रफीक इदरीसी, तस्लीम अंसारी,पूर्व मुखिया जावेद आलम,इसरार अहमद,जावेद जोश, वसीम अंसारी,तौहीद आलम समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## ईद मिलाद उन नबी के अवसर पर लोगों ने जूलूस निकाले दुनिया में अमन चैन के लिए अल्लाह से की दुआएं



प्रातः किरण संवाददाता

जमुई । झाझा रबी उल अव्वल के 12वें दिन मनाए जाने वाले हजरत पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन ईद मिलाद उन नबी के मौके पर नगर क्षेत्र स्थित खलासी मुहल्ला से अंजूमन गोसिया अशरफिया कमेटी की ओर से भव्य जूलूस सोमवार को मसिज्द से निकाली गई। जिसकी अगुवाई में मो. अब्दुल सलाम में किया। जूलूस में शामिल राजा अंसारी, शमसाद, राशिद, बबलू, नासिर, दानिश खांन, सहित बड़ी संख्या में शामिल लोग हाथों में हरा झंडा लिए खलासी मुहल्ला से निकलने के बाद रेलवे रंनिग रूम रोड, मुख्य बाजार, पुरानी बाजार, बस स्टैंड सहित पूरे नगर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पुनः खलासी मुहल्ला मजिस्द पहुंचा। जूलूस में बच्चे, नौजवानों सहित सभी लोगों में उत्साह काफी देखने को मिल रहा था। जूलूस में शामिल लोगों ने बताया कि जश्ने ईद मिलाद उन नबी पर हमसभी लोग देश में अमन चैन के साथ आपसी भाईचारा बना रहे ताकि सौहार्दपूण समाज का निर्माण हो यही अल्लाह से दुआ करते है। आगे लोगों ने कहा कि समाज में कई तरह की सामाजिक कुरीतियां फैली हुई है लोग उससे बचे। नफरत को अपने दिल से निकालकर लोग अपने दिलों में दूसरे के प्रति प्रेम रखे। अपने से असहाय लोगों की मदद करे यही संदेश भी जूलूस के माध्यम से लोगों को दिया गया। लोगों ने बताया कि यह पर्व पैगंबर हजरत मोहम्मद के जीवन और उनकी शिक्षाओं को याद करने के अवसर के रूप में मनाया जाता है। मुस्लमानों के लिए लिए यह दिन बहुत महत्वपूर्ण होता है। इस दिन पैगंबर के बताए गए रास्ते को याद करते हुए इस्लाम के पवित्र ग्रंथ कुरान की तिलावत की जाती है। बताया जाता है कि इस दिन को जो भी मुस्लिम भाई पूरी नियम से निभाता है उसपर अल्लाह अपनी रहमत बरसाता है। वही सुरक्षा की दृष्टिकोण से एसडीपीओ राजेश कुमार पुलिस पदाधिकारी के साथ जूलूस में शांति व्यवस्था बनाए हुए था।

# जमुई पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## हत्या , लूट और चोरी के मामले का किया सफल उद्भेदन

प्रातः किरण संवाददाता




जमुई । सोमवार को जमुई के नये एसपी चंद्रप्रकाश ने अनुमंडल पुलिस कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने मलयपुर, झाझा और खैरा थाना क्षेत्रों के कुछ प्रमुख अपराधों के सफल उद्भेदन की विशेष जानकारी दी।

### झाझा थाना हत्या के मामले में अभियुक्त की गिरफ्तारी

झाझा थाना क्षेत्र के अंतर्गत 14 और 15 तारीख के बीच एक बजे रात में हुई हत्या के मामले में पुलिस ने तेजी से कार्रवाई की। झाझा पुलिस की टीम ने छापेमारी कर मुख्य नामजद अभियुक्त मनोज यादव को गिरफ्तार कर लिया। वहीं प्रारंभिक जांच में जमीन विवाद हत्या का कारण बताया जा रहा है। पुलिस ने इस घटना के संबंध में अभियुक्त की पत्नी और अन्य लोगों की भी भूमिका की पुष्टि की है। बाकी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### मलयपुर थाना लूट के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

मलयपुर थाना क्षेत्र में 15 सितंबर 2024 को दर्ज लूट के मामले में पुलिस ने शिशुपाल तिवारी और सनी कुमार सिंह नाम के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त एक गादी और एक गढवा कटौना के रहने वाले हैं जो दोनों ही जमुई के मलयपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।जिनके पास से पुलिस ने लूट में प्रयुक्त एक पिस्टल, जिंदा कारतूस और मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। टीम की तेज कार्रवाई के कारण इस मामले का जल्द उद्भेदन हो गया और अन्य संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### मेडिकल कॉलेज निर्माण सामग्री की चोरी का खुलासा

खैरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पकड़ी गांव में स्थित एक मेडिकल कॉलेज निर्माण स्थल से बड़े पैमाने पर सरिया चोरी का मामला सामने आया। 15 और 16 सितंबर की रात को पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग निर्माण स्थल से ट्रक के जरिए सरिया चुरा रहे हैं। जांच में पता चला कि यह गिरोह निर्माण स्थल से सरिया चुराकर उसे स्थानीय बाजार में बेचने का काम कर रहा था। पुलिस ने ट्रक चालक समेत अन्य आरोपियों से पूछताछ के बाद यह भी खुलासा किया कि इस गिरोह ने अब तक करीब 100 बार इस तरह की चोरी की है और लगभग 3 करोड़ रुपये के माल की हेराफेरी की है। पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत अन्य सदस्यों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। इस मामले में गिरफ्तार लोगों में प्रमोद ठाकुर, जो इस गिरोह का मुख्य संचालक था, और तीन ट्रक चालक शामिल हैं। इनके अलावा, बबलू यादव नामक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है, जो चुराई गई सामग्री को खरीदने और बेचने का काम करता था।

पुलिस ने बताया कि गिरोह ने चोरी किए गए सरिया को स्थानीय धर्मकांटा से छुपाने के लिए चिप और रिमोट का इस्तेमाल किया था, जिससे किसी को चोरी का पता नहीं चलता था।

### पुलिस टीम की सराहना

एसपी चंद्रप्रकाश ने जमुई पुलिस की तत्परता और त्वरित कार्रवाई की सराहना की और कहा कि इन मामलों का सफलतापूर्वक समाधान पुलिस टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम आगे भी इसी मुस्तैदी के साथ काम करेगी और अपराधियों को न्याय के कटघरे में खड़ा करेगी।प्रेस कॉन्फ्रेंस में जमुई के एसडीपीओ सतीश सुमन, झाझा के एसडीपीओ राजेश कुमार और कई थाना प्रभारी मौजूद थे।

## बिते दो दिनों पूर्व से झमाझम बारिश के बीच बिजली गायब , छाया अंधेरा

प्रातः किरण संवाददाता

सोनो जमुई। पिछले दो दिनों पुर्व से लगातार जारी झमाझम बारिश के बीच विधुत आपुर्ति पुरी तरह ठप हो गया है ।जिसके कारण सोनो प्रखंड के सभी चोक चोराहों ओर ग्रामीण क्षेत्रों में अंधकार छा गई है ।ग्रामीणों का कहना है कि जबसे स्मार्ट मीटर लगी हे तभी से विधुत आपुर्ति 24 घंटे में मात्र 12 घंटे मिलना शुरू हो गया है , लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह है कि जरा सा भी बारिश हुई तो विधुत आपुर्ति पुरी तरह दिन भर के लिए गायब हो जाती है ।जिसके कारण हम सभी आमजनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पडता है ।ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो दिनों पुर्व से लगातार जारी झमाझम बारिश के शुरू होते ही विधुत आपुर्ति पुरी तरह से गायब है ।ज्ञात हो कि भादो मास की उमस भरी गर्मी से परेशान लोग दिनभर काम करने के बाद अपनी थकान को मिटाने के लिए घर आकर पंखे आदि का सहारा लेते हुए रात्रि गुजारते हें , लेकिन विधुत विभाग की लापरवाही से गायब विधुत आपुर्ति पुरी तरह ठप रहने से आमजनों मे काफी मायुसी है ।लिहाजा ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से विधुत आपुर्ति मे सुधार कराने की मांग जोरों से की हे ।

## पदयात्रा के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा का संदेश देगा मधुबनी

प्रातः किरण संवाददाता

मधुबनी। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिलेवासियों को स्वच्छता का संदेश देने के उद्देश्य से नगर निगम मधुबनी एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के नेतृत्व में 17 सितंबर को प्रातः 6 बजे वॉटसन स्कूल से स्वच्छता पदयात्रा का आयोजन किया गया है। पदयात्रा की शुरूआत जिलाधिकारी के द्वारा स्वच्छता ही सेवा बैलून उड़ाकर की जाएगी. यह यात्रा वॉटसन स्कूल से प्रारंभ होकर स्टेशन होते हुए गंगासागर शंकर चौक और बाटा चौक एवं थाना चौक होते हुए पुनः वॉटसन स्कूल पहुंचकर समाप्त होगी. गौरतलब है कि जिले में 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम मनाया जा रहा है. इसी कार्यक्रम की कड़ी में जिलाधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधियो के द्वारा जिलेवासियो में साफ-सफाई का महत्त्व के प्रचार प्रसार के लिए पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है.उक्त पदयात्रा में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सहित जिले के सभी अधिकारी जनप्रतिनिधि के साथ ही जिले के विभिन्न स्कूलों के बच्चे जीविका दीदी आगनवाड़ी सेविका रेड क्रॉस नेहरू युवा केंद्र वॉलंटियर और एनसीसी कैडेट्स आदि के द्वारा भी पदयात्रा में भाग लिया जाएगा।

## पितृपक्ष मेला पर गया नगर निगम द्वारा स्वच्छ गया, स्वच्छ पितृपक्ष अभियान 2024 का शुभारंभ किया जाएगा: नगर आयुक्त

प्रातः किरण संवाददाता



गया। स्वच्छ गया स्वच्छ पितृपक्ष अभियान के अंतर्गत नगर निगम गया की प्राथमिकता होगी की पूरी तरह से पितृपक्ष मेला में साफ सफाई की व्यवस्था, रोशनी की व्यवस्था, सड़क एवं नाले की सफाई सुचारू रूप से क्रियान्वित हो। इस अभियान के अंतर्गत, कुल पूरे शहर को 05 जोन्स और 61 सेक्टर में बांटा गया है जिस से पूरे कार्यों की सुचारू रूप से मॉनिटरिंग की जा सके। कुल 602 स्वच्छता कर्मी 3 पाली में कोर जोन एवं सेक्टर में कार्यरत रहेंगे। इसके साथ हीं अन्य सेक्टर में 800 स्वच्छता कर्मी कार्यरत रहेंगे। सभी स्वच्छता कर्मी वेस्ट एवं आई डी कार्ड के साथ अपने कर्तव्यों का अनुपालन करेंगे जिस से की उनको आसानी से पहचाना जा सके।पूरे मेले क्षेत्र में 86 शौचालय, 43 चेंजिंग रूम , 17महिला स्नानागार, 09 पुरुष स्नानागार, 29 यूरिनल की व्यवस्था की गई है। देवघाट एवं अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कुल 60 शौचालय, चेंजिंग रूम की सुविधा निगम द्वारा की गई है। इसके साथ ही निरंतर इन सभी शौचालयों की साफ सफाई डेडीकेटेड टीम द्वारा की जाएगी। लेकिन गया शहर के गया मार्केट में पुरुष टायलट बंद नही ?पानी की व्यवस्था को लेकर 3 वाटर एटीएम एवं 18 स्थाई पियाऊ, 16 अस्थाई पंशाला की भी व्यवस्था नगर निगम गया द्वारा की गई है।सड़क मरम्मती एवं सड़क एवं नाले की साफ सफाई के लिए डेडीकेटेड अभियंताओं की टीम को प्रतिनियुक्त किया गया है जो फील्ड विजिट के दौरान इन सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से धरातल पर मॉनिटरिंग करेंगे। सहायक अभियंता एवं उप नगर आयुक्त स्तर के पदाधिकारियों को विशेष निगरानी की जवाबदेही दी गई है। अब तक कुल 46 से भी जायदा नाली एवं सड़को की मरम्मती की जा चुकी है।रात में लाइटिंग की व्यवस्था को लेकर अभियंताओं की टीम को भी प्रतिनियुक्त किया गया है। कुल 4597 स्ट्रीट लाइट्स पूरे मेले क्षेत्र में कारगर की जा चुकी है। इसके साथ ही 17 हाई मास्ट लाइट एवं 34 मिनी हाई मास्ट लाइट की भी व्यवस्था मेला क्षेत्र में किया गया है।यात्रियों एवं पुलिस के आवासन स्थल की भी कुल 48 स्थानों की साफ सफाई की व्यवस्था निगम के टीम के द्वारा किया जा रहा है। स्वच्छता हीं सेवा एवं स्वच्छ गया स्वच्छ पितृपक्ष अभियान के अंतर्गत निरंतर कई कार्यक्रम जैसे श्रम दान, जागरूकता अभियान, स्वच्छता शिविर, घाटों की सफाई अभियान, कचड़ों वाला ब्लैक स्पॉट्स का सफाई अभियान जैसे कार्यक्रम नगर निगम द्वारा 2 अक्टूबर तक निरंतर आयोजित की जाएगी।

## केवटी विधायक ने किया विद्यालय भवन का उद्घाटन व चिकित्सालय का शिलान्यास




प्रातः किरण संवाददाता

केवटी(दरभंगा)। केवटी विधानसभा के कोयलस्थान, पचाढी, टेक्टार पंचायत में उच्च विद्यालय में 3 करोड़ 25 लाख की लागत से बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड द्वारा विद्यालय में बने विभिन्न कक्षौं के भवन का उद्घाटन और शिलान्यास एवं बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग द्वारा केवटी प्रखंड के छतवन में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय के निर्माण कार्य का शिलान्यास 1.25 करोड़ की लागत से केवटी के लोकप्रिय विधायक डॉ०मुरारी मोहन झा के द्वारा किया गया । इस अवसर पर डॉ झा ने कहा की विद्यालय में छात्राओं की संख्या के अनुपात में वर्ग रूम का घोर अभाव था जिस कारण कई उच्च विद्यालय में दो शिफ्ट में छात्राओं की क्लास चलती थी विद्यालय में नए कमरों के निर्माण होने से विद्यालय नियमित चलेगी और उनका सिलेबस समय पर पूर्ण हो सकेगा । वही 1.25 करोड़ की लागत से बन रहे पशु अस्पताल से आस पास के किसानों के मवेशियों के मौत की दर में कमी आयेगी और ईलाज हेतु दर दर भटकना नहीं पड़ेगा। इस दौरान केवटी पूर्वी,पश्चिमी के मंडल अध्यक्ष बिनोदानंद झा,निर्भय कुमार उर्फ टुन्ना जी,विनोद,गामी,बसंत जी,सतीश यादव,विनोद गामी,ज्ञानरंजन चौधरी, करुणानंद मिश्र,पप्पू मिश्र,राजेंद्र चौपाल,संतोष यादव, डॉ० विनोद सिंह,चंदन यादव,ललित यादव, पवन कुमार कर्ण,साजन जी,किशन गुप्ता,रामनरेश यादव,हीरा सदा,प्रदीप मिश्र,लालबाबु सहनी,तपेश्वर यादव,संतोष राय एवं दिलीप यादव आदि लोग उपस्थित रहे ।

मंच संचालन श्री हेमंत कुमार ने किया । यह जानकारी भारत विकास परिषद, छपरा के प्रेस प्रवक्ता डॉ. मनोज संकल्प ने दी।

## प्रखंड भर में पैगंबर मोहम्मद साहब की जयंती हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया, निकाला गया जुलूस- ए- मोहम्मदी

प्रातः किरण संवाददाता





जमुई/ई० अलीगंजः-,प्रखंड में सोमवार को हजरत पैगम्बर साहब का जन्म दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान प्रखंड के कई गाँवों में अलीगंज, दरखा,दिननगर, सहोड़ा, मिजार्गंज, पलसाखुर्द, आढ़ा, बेला सहित कई मुस्लिम गांवों में बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ शांति जुलूस निकाला गया। जुलुस के दौरान छोटे छोटे बच्चे हाथ में हरा झंडा, माथे पर पट्टी बांधे और बैनर लिए शांति जुलूस को गाँव के विभिन्न मार्गों में निकाला गया तथा पैगंबर हजरत साहब को याद करते हुए उनके बताये हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।, वहीं अलीगंज में बड़े धूम धाम से जुलूस को अलीगंज मकतब से निकाला गया। जहां बूढ़े, बच्चे, जवान, महिला-पुरुष सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जुलुस मकतब से निकल कर अंदर बाजार होते हुए मैन रोड अलीगंज स्टेट बैंक से वापस होते हुए बीआरसी से वापस होकर पुनः मकतब के पास जाकर समाप्त हो गया। पैगंबर मोहम्मद साहब की जयंती पर जुलूस ए मोहम्मदी में मुस्लिम भाइयों ने पूरा बाजार मे टॉफी बांटते दिखे,वहीं इस जुलुस में दरखा,अलीगंज एवं मेन रोड अलीगंज के जुलुस में सैकड़ो बच्चे, बुजुर्ग एवं युवक शामिल थे।

हाफिज मोबिन ने बताया कि सामाजिक कुरीतियों, गैर बराबरी और नफरत से इंसानी समाज को छुटकारा दिलाने का हजरत मोहम्मद साहब का पैगाम सत्य के रास्ते पर हमेशा चलने एवं किसी को तकलीफ नहीं देने की प्रेरणा देते थे,

इस्लाम कहता है कि इंसान अल्लाह की सबसे बेहतरीन मखलूक है। मतलब इंसान सर्वोपरि प्राणी है।, इसलिए सभी का सम्मान करना हमारा धर्म है। सही रास्ते पर चलना और दुसरों को मदद करना ही इंसान का परम कर्तव्य है । जो हमारे पैगम्बर साहब हमेशा सभी को प्रेरित करते रहे। पैगंबर साहब ने जो संदेश दिए हैं, अगर उस पर अमल किया जाए तो सामाजिक कुरीतियों को दूर किया जा सकता है।

वहीं हाफिज ऐनुल अंसारी ने

इस्लाम धर्म के अनुयायियों के लिए ईद-मिलाद-उन-नबी एक प्रमुख त्योहार है। ईद-ए-मिलाद-उन-नबी को पैगम्बर मुहम्मद के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व इस्लामी कैलेंडर के तीसरे महीने यानी रबी-अल-अव्वल के12वें दिन मनाया जाता है। यह दिन पैगम्बर मुहम्मद के द्वारा दी शिक्षाओं को याद दिलाता है। हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस खास अवसर पर लोग अपने प्रियजनों को ईद-मिलाद-उन-नबी की मुबारकबाद देते हैं। और हुजूर की जीवन जीने एवं समाज मे इंसान बनकर दूसरे को बिना तकलीफ देकर जीवन व्यतीत करने का संदेश देते थे, वहीं हाफिज इरफान ने कहा की

हजरत मोहम्मद साहब इस्लाम धर्म के अंतिम पैगंबर माने जाते हैं।उन्होंने लोगों को एक ईश्वर (अल्लाह) की इबादत करने, इंसानियत, शांति, समानता, और सहिष्णुता की शिक्षा दी। उनका संदेश समाज के सभी वर्गों के लिए था, जिसमें न्याय, करुणा, और नैतिकता पर जोर दिया गया। हजरत मोहम्मद साहब ने यह भी सिखाया कि सभी इंसान बराबर हैं और लोगों को आपस में भाईचारे के साथ रहना चाहिए।

इसलिए पुरे विश्व मे इनका पैदाइश की जश्न धूमधाम से मनाया जाता है, जुलुश के दौरान मजिस्ट्रेट के रूप मे प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सन्नी कुमार दिवाकर, कृषि पदाधिकारी संजय कुमार सहित चंद्रदीप एवं लछुआड़ पुलिस तैनात थे।

## भारतीय पुरुष टीम ने अजरबैजान को हराया, महिलाओं ने कजाखस्तान को दी शिकस्त



बुडापेस्ट, एजेंसी। महिला वर्गमें ग्रैंडमास्टर डी हरिका को बीबीसारा असाउबायेवा के खिलाफ अप्रत्याशित पराजय झेलनी पड़ी। वंतिका अग्रवाल ने अलुआ नूरमैन को हराया, जबकि दिव्या देशमुख ने जेनिया बालाबायेवा से ड्रॉ खेला। शानदार फॉर्म में चल रहे विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश और अर्जुन एरिगेसी के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय पुरूष टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के पांचवें दौर में अजरबैजान को 3-1 से हराया। गुकेश ने अइदिन सुलेमानी को और अर्जुन ने रऊफ मामेदोव को हराया। प्रज्ञानंद ने ड्रॉ खेला, जबकि विदित गुजराती और शखरियार मामेदियारोव की बाजी भी ड्रॉ रही। लगातार पांचवीं जीत के बाद भारतीय पुरूष टीम दस अंक लेकर वियतनाम के साथ शीर्ष पर है। वियतनाम ने पोलैंड को 2.5-1.5 से मात दी। चीन ने स्पेन को और हंगरी ने यूक्रेन को 2.5-1.5 से हराया। नॉर्वे और ईरान नौ अंक लेकर पांचवें स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के छह दौर अभी खेले जाने हैं। नॉर्वे ने तुर्की को 3-1 से, जबकि ईरान ने कनाडा को 3.5-0.5 से हराया। महिला वर्गमें ग्रैंडमास्टर डी हरिका को बीबीसारा असाउबायेवा के खिलाफ अप्रत्याशित पराजय झेलनी पड़ी। वंतिका अग्रवाल ने अलुआ नूरमैन को हराया, जबकि दिव्या देशमुख ने जेनिया बालाबायेवा से ड्रॉ खेला। आर वैशाली ने एम कमालिदेनोवा को मात दी। महिला टीम आर्मेनिया और मंगोलिया के साथ दस अंक लेकर शीर्ष पर है।

## आईसीसी पैनल में सलीमा पहली पाकिस्तानी महिला अंपायर

**● बोली- सिर्फ मेरी नहीं, हर पाकिस्तानी महिला की जीत, जो सपना देखती है**

**कराची, एजेंसी।** 52 साल की सलीमा मुल्तान में पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका (विमेंस) के बीच होने जा रही टी-20 सीरीज में अंपायरिंग करेंगी। सलीमा ने मीडिया से कहा- यह सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि पाकिस्तान की हर महिला क्रिकेटर और अंपायर की जीत है। मुझे उम्मीद है कि मेरी सफलता उन महिलाओं को प्रेरित करेगी, जो खेल में अपनी पहचान बनाने का सपना देखती हैं।



देश को रिप्रेजेंट करना मेरा सपना- सलीमा सलीमा ने कहा, जब से कायनात ने इंटरनेशनल डेब्यू किया है, तब से मेरा खुद का सपना इंटरनेशनल लेवल में देश को रिप्रेजेंट करना रहा है। मुझे एशियन क्रिकेट काउंसिल के साथ अवसर मिले हैं, लेकिन बड़े लेवल पर अंपायरिंग करना हमेशा से मेरा लक्ष्य रहा है। 2008 से अंपायरिंग की शुरुआत सलीमा ने साल 2008 में अंपायरिंग की शुरुआत की थी। इसके बाद 2022 में विमेंस एशिया कप और 2023 में इमर्जिंग एशिया कप होंग कोंग में उन्होंने अंपायरिंग की थी। सलीमा ने अब तक 22 टी-20 मैचों में कप्तानी की है, जिसमें 16 ऑन फील्ड अंपायरिंग है, जबकि 6 मैच टीवी अंपायर के रूप में है। सलीमा ने अब तक 22 टी-20 मैचों में कप्तानी की है। बेटी कायनात इंटरनेशनल प्लेयर सलीमा को बेटी उनकी कायनात पाकिस्तान के लिए क्रिकेट खेलती हैं। साल 2010 में उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ डेब्यू किया था। कायनात ने तब से पाकिस्तान के लिए 40 मैच खेले हैं, जिसमें 19 वन-डे और 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच शामिल हैं। कायनात पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच होने वाली टी-20 सीरीज में कमेंटेटर की भूमिका में होंगी। कायनात ने पाकिस्तान के लिए 2010 में डेब्यू किया था।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीः**

# भारतीय खिलाड़ियों के परम मित्र, जिन्होंने खेल को हार-जीत से परे बना दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए आजकल परम मित्र शब्द बड़ा प्रचलित हो रहा है। सोशल मीडिया पर इसकी काफी चर्चा रही है। पेरिस पैरालंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट एथलीट योगेश कथुनिया ने पीएम मोदी के लिए यह शब्द बोला था। यह खेलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगदान के प्रति खिलाड़ियों की सराहना का एक उदाहरण है। रियो ओलंपिक से पीएम मोदी ने खिलाड़ियों के साथ व्यक्तिगत स्तर पर बातचीत का जो सिलसिला चलाया है, उसने खिलाड़ियों के मनोबल को बहुत बढ़ाया है। इसका भारतीय खेलों को उल्लेखनीय फायदा हुआ है। जब पेरिस पैरालंपिक खेलों में भारतीय दल इतिहास रचकर वापस लौटा तो पीएम मोदी ने खिलाड़ियों से मुलाकात की थी। सिर्फ मेडलिस्ट ही नहीं, वह सभी खिलाड़ियों से एक जैसी गर्मजोशी से मिलते हैं। योगेश का एक शब्द खिलाड़ियों की पीएम मोदी के प्रति सराहना की चरम अभिव्यक्ति है, जिसके बाद खुद पीएम मोदी के मुंह से निकल गया था, वाह!

योगेश ने कहा था, बाकि सभी लोगों के लिए आप एक पीएम हो सकते हैं लेकिन हम सब खिलाड़ियों के लिए पीएम का मतलब है परम मित्र, जो हर परिस्थिति में खिलाड़ियों के साथ खड़ा है। चाहे जीत हो या हार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साया खिलाड़ियों के ऊपर एक अभिभावक की भांति बना रहा, जो लगातार




देश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहे थे। टोक्यो ओलंपिक का वह पल कोई नहीं भूल सकता जब भारतीय महिला हॉकी टीम शानदार खेल दिखाकर भी कांस्य पदक से चूक गई थी। टीम की खिलाड़ियों की भावनाएं तब और उमड़ गई जब पीएम मोदी ने उन्हें फोन किया। खिलाड़ी बात नहीं कर पा रही थीं। आंखों में आंसू और जुबान में लड़खड़ाहट थी। तब पीएम मोदी ने कहा था, सबसे पहले तो आप रोना बंद करें। आपकी आवाज मुझ तक पहुंच रही हैं। आपको निराश होने की जरूरत नहीं है। इतने दशकों बाद भारतीय हॉकी पुनर्जीवित हो उठी है तो उसके पीछे आप जैसे खिलाड़ियों की कई सालों की मेहनत है। सबसे पहले आप रोना बंद करें.....यह वाक्य इतना प्रचलित हुआ था कि सोशल मीडिया पर आने वाले सालों में इसकी खूब मीम्स भी वायरल हुई। इन शब्दों के प्रभाव बड़े गहरे होते हैं। वह न केवल खिलाड़ियों के मन-मस्तिष्क पर छप जाते हैं बल्कि भारतीय खेल प्राधिकरण, या अन्य संबंधित फेडरेशन के आला पदाधिकारियों के कानों में भी गूंजते हैं।

इसलिए चाहे ओलंपिक पोडियम स्कीम हो या खेलो इंडिया, पीएम मोदी के दर्शन की अभिव्यक्ति इन योजनाओं के कुशल क्रियान्वयन में दिखाई पड़ती है। टोक्यो पैरालंपिक में 19 मेडल जीतकर एक नया इतिहास रचने वाला भारत पेरिस पैरालंपिक में नई उड़ान भर चुका है। अब उड़ने के लिए पूरा आसमान है और जीतने के लिए पूरी दुनिया। यह खेल राष्ट्र बनने के प्रति भारत की प्रभावी शुरुआत है।

हाल ही में हुए पेरिस ओलंपिक का एक महत्वपूर्ण अध्याय निशानेबाज मनु भाकर से जुड़ा है। वह मनु भाकर जो टोक्यो ओलंपिक में अपनी परफॉरमेंस से इतना तंग आ चुकी थीं कि शूटिंग छोड़कर यूपीएससी जैसी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में सोचने लगी थीं। किसी ने पेरिस में मनु पर दांव नहीं लगाया था। लेकिन उन्होंने शूटिंग में दो मेडल जीतकर कामयाबी की नई गाथा लिखी। वह एक ही ओलंपिक में दो मेडल लेकर आने वाली भारत की पहली एथलीट बन गई थीं। मनु ने ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद पीएम मोदी के प्रति अपना विशेष आभार प्रकट किया था, जिन्होंने मनु को जीत-हार से परे सिर्फ अपने खेल पर फोकस करने और खुद का बेस्ट वर्जन सामने लाने की प्रेरणा दी थी। ओलंपिक मेडल जीतना हर खिलाड़ी के लिए संभव नहीं। जो नहीं जीत पाते, उनके लिए पीएम मोदी के ये शब्द ओलंपिक में भाग लेना भी अपने आप में बड़ी उपलब्धि होती है.....बड़ी प्रेरणा और तसल्ली बन जाते हैं। वह खिलाड़ी अगले इवेंट के लिए पूरे ध्येय से जुड़ जाता है।

पीएम मोदी का बात करने का अंदाज और उनकी खेल के साथ खिलाड़ियों में दिलचस्पी एथलीटों को मोहित करती रही है। पीएम मोदी को न कभी खानापूर्ति करते नहीं देखा और न सुना गया। उन्होंने अनेकों अवसरों पर खिलाड़ियों से फोन पर बात की। बातचीत का अंदाज हमेशा अनौपचारिक रहा। कई बार खिलाड़ी हैरान हो जाते थे कि उनके पीएम कैसे हर एक खिलाड़ी के बारे में इतनी जानकारी रखते हैं। कुछ इस तरह के पर्सनल टच पीएम नरेंद्र मोदी ने खिलाड़ियों के साथ बनाए हैं, जिनका सीधा असर खेल में भारत की तरक्की पर देखने के लिए मिल रहा है।

खासकर पैरालंपिक खिलाड़ियों के साथ पीएम मोदी का संवाद व्यापक प्रभाव छोड़ रहा है। यह सिर्फ खेल नहीं बल्कि समाज में दिव्यांग लोगों के प्रति नई चेतना का प्रसार भी कर रहा है। 17 सितंबर को अपना 74वां जन्मदिन मना रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खेल और खिलाड़ियों में व्यक्तिगत दिलचस्पी ने उन्हें भारतीय खिलाड़ियों का परम मित्र बना दिया है।

## अगस्त के लिए आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए वेलालागे और हर्षिता

**दुबई, एजेंसी।** श्रीलंका के दुनिथ वेलालागे और हर्षिता समरविक्रमा को सोमवार को अगस्त 2024 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वेलालागे ने भारत के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया जबकि हर्षिता ने आयरलैंड दौरे पर प्रभावित किया।




इससे पहले सिर्फ एक बार किसी महीने में एक ही देश के दोनों पुरुष और महिला खिलाड़ियों को महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला है। इस साल जून में भारत के जसप्रीत बुमराह और उनकी हमवतन स्मृति मंधाना को महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। वेलालागे ने दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स को पछाड़कर यह पुरस्कार जीता।

वेलालागे को भारत के खिलाफ श्रीलंका के 2-0 से श्रृंखला जीतने के दौरान श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। बाएं हाथ के इस 31 वर्षीय बल्लेबाज ने नाबाद 67, 39 और दो रन की पारियां खेलने के अलावा तीसरे मैच में 27 रन देकर पांच विकेट सहित श्रृंखला में कुल सात विकेट भी चटकाए। यह पुरस्कार शुरू होने के बाद यह पांचवां मौका है जब श्रीलंका के पुरुष क्रिकेट को यह पुरस्कार मिला है। इससे पहले एंजेलो मैथ्यूज (मई 2022), प्रबाथ जयसूर्या (जुलाई 2022), वानिंदु हसरंगा (जून 2023) और कामिंदु मेंडिस (मार्च 2024) यह पुरस्कार जीत चुके हैं। वेलालागे ने कहा कि यह पुरस्कार बहुत प्रोत्साहन देने वाला है। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत अच्छी खबर है और इससे मुझे बहुत संतुष्टि मिली है क्योंकि यह सम्मान मुझे एक खिलाड़ी के रूप में अच्छा काम जारी रखने और मैदान में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए अपनी टीम में योगदान देने की और ताकत देगा।

वेलालागे ने कहा, 'आईसीसी से मिलने वाली इस तरह की मान्यता हमारे जैसे युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत अच्छी खबर है और इससे निश्चित रूप से युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा। दूसरी तरफ महिला पुरस्कार की दौड़ में हर्षिता ने ओर्ला प्रेंडरगास्ट और गैबी लुईस की आयरलैंड की जोड़ी को पछाड़ा। आयरलैंड दौरे पर हर्षिता एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में शतक जड़ने वाली श्रीलंका की सिर्फ तीसरी महिला क्रिकेटर बनीं। बाएं हाथ की 26 वर्षीय बल्लेबाज हर्षिता ने दो टी20 अंतरराष्ट्रीय में 169.66 के स्ट्राइक रेट से कुल 151 रन बनाए जिसमें पहले मैच में 45 गेंद में नाबाद 86 रन की मैच विजयी पारी भी शामिल है। उन्होंने बेलफास्ट में तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 82.69 के स्ट्राइक रेट से 172 रन बनाए जिसमें दूसरे मैच में 105 रन की पारी भी शामिल है। हर्षिता आईसीसी की महीने की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी बनने वाली श्रीलंका की सिर्फ दूसरी क्रिकेटर हैं। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू इस साल मई और जुलाई में दो बार यह खिताब अपने नाम कर चुकी हैं।

**भारत-बांग्लादेश टेस्ट**

## भारतीय टीम ने नेट्स पर जमकर बहाया पसीना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा एंड कंपनी ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट की तैयारियों के लिए सोमवार (16 सितंबर) को एक बार फिर लंबे समय तक नेट्स में पसीना बहाया। टीम के सभी 16 सदस्य चेपक में अभ्यास के लिए पहुंचे। एक दिन की छुट्टी के बाद, भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने पिछले सप्ताह यहां पहुंचने के बाद से अपने तीसरे नेट्स सेशन में हिस्सा लिया। पहला टेस्ट गुरुवार (19 सितंबर) से शुरू होगा। इस मैच में भारतीय टीम 3+2 यानी 3 स्पिनर और 2 तेज गेंदबाज के साथ उतर सकते है। हमेशा की तरह विराट कोहली नेट्स पर उतरने वाले पहले बल्लेबाज में थे। बगल के नेट पर बाएं हाथ के बल्लेबाज



यशस्वी जायसवाल थे, जिन्होंने और कोहली ने जसप्रीत बुमराह और लोकल हीरो रविचंद्रन अश्विन का सामना किया। बल्लेबाजों के अगले सेट में कप्तान रोहित, शुभमन गिल और सरफराज खान शामिल थे, जो अनंतपुर में दूसरे दौर के दलीप ट्रॉफी मैच में हिस्सा लेने के बाद यहां पहुंचे अंतिम खिलाड़ी हैं।

**रोहित ने स्पिनर्स का सामना किया –** कप्तान रोहित ने बांग्लादेश की धीमी गेंदबाजी आक्रमण को ध्यान में रखते हुए स्पिनरों को खेलने पर ध्यान केंद्रित किया। रविंद्र जडेजा, ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने भी स्थानीय गेंदबाजों और काफी मात्रा में थ्रोडाउन का सामना किया। स्क्वायर के पास अभ्यास पिच से अच्छी उछाल देखने को मिली। बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के पहले मैच से पहले भारत के पास दो और अभ्यास सत्र होंगे, जो पाकिस्तान में सीरीज जीतने के आत्मविश्वास से भरे हैं।

## किसी काम की नहीं है राज्यों की टी20 लीग्स

**बीसीसीआई बनाए ऐसा शेड्यूल कि टीम इंडिया के सितारे भी खेलें रणजी ट्रॉफीः सुनील गावस्कर**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इन दिनों क्रिकेट की दुनिया में टी20 लीग्स का चलन है। भारत में टी20 लीग आईपीएल के अलावा हर राज्य भी अपनी-अपनी लीग्स का आयोजन कर रहा है। तमिलनाडु की टीएनपीएल, दिल्ली की डीपीएल जैसी




लीग्स शामिल हैं। हालांकि सुनील गावस्कर ने इन लीग्स को बेमतलब बताया है। गावस्कर का मानना है कि भारत के घरेलू क्रिकेट के बेहतर होने के लिए यह अहम है कि टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी भी रणजी ट्रॉफी का हिस्सा बने।

अपने कॉलम में सुनील गावस्कर ने लिखा, 'अगर भारतीय क्रिकेट को मजबूत करना है तो यह जरूरी है कि घरेलू स्ट्रक्टर भी मजबूत हो। इसका मतलब है कि रेड बॉल टूर्नामेंट का शेड्यूल इस तरह तैयार किया जाए कि भारतीय टीम के स्टार खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी और दलीप ट्रॉफी खेल पाए। अगर ऐसा नहीं होता है तो भारत के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को कोई फायदा नहीं होगा। राज्यों की टी20 लीग्स इसका बड़ा उदाहरण है।' गावस्कर ने बताया कि हर राज्य टी20 लीग्स कर रहा है लेकिन वहां प्रतियोगिता का स्तर बहुत अच्छा नहीं है। उन्होंने लिखा, 'राज्यों की टी20 लीग्स में जो मैच होते हैं उसमें कुछ ही ऐसे खिलाड़ी होंगे जिनका करियर लंबा होगा। इन लीग्स में विकेट लेना और और रन बनाना बहुत बड़ी बात नहीं है। क्योंकि यहां क्रिकेट का स्तर ऊंचा नहीं है। कुछ भाग्यशाली खिलाड़ी होंगे जोकि आईपीएल के लिए चुने जाएंगे लेकिन करियर जल्दी खत्म हो जाएंगे। स्टेट लीग में उनका प्रदर्शन ऐसा ही है जैसा कि एसोसिएशट देशों में होता है।' उन्होंने आगे लिखा, 'एसोसिएट देशों में कोई टीम 20 रन के स्कोर पर भी ऑलआउट हो जाती है। वहीं कुछ बल्लेबाज शतक और हर गेंद पर सिक्सर्स लगाते हैं। कोई युवराज सिंह के छह छक्के के रिकॉर्ड की बराबरी करता है तो कोई सबसे तेज अर्धशतक लगा देता है। यह गेम दो देशों के बीच खेले जा रहे है यह मैच इंटरनेशनल मुकाबले हैं लेकिन उनके स्तर की आप मुख्य टीमों के साथ तुलना नहीं कर सकते हैं।'

## जोस बटलर ने इंटरनेशनल क्रिकेट में विकेटकीपिंग नहीं करने का किया फैसला, इस डर से उठाया ऐसा कदम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड वनडे और टी20 टीम के नियमित कप्तान जोस बटलर ने इंटरनेशनल क्रिकेट में विकेटकीपिंग नहीं करने का फैसला किया है। उन्होंने ऐसा फैसला क्यों किया इसके बारे में भी खुलकर बात की। जोस बटलर को इंग्लैंड की वनडे और टी20 टीम का कप्तान साल 2022 में इयोन मोर्गन के संन्यास के बाद बनाया गया था। कप्तान बनते ही जोस बटलर ने टी20 वर्ल्ड कप 2022 में अपनी टीम को चैंपियन बनाया था। हालांकि इसके बाद बटलर के लिए चीजें खराब हो रही हैं और इंग्लैंड का प्रदर्शन वनडे वर्ल्ड कप 2023 और फिर टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खराब रहा। जोस बटलर की कप्तानी इन दिनों आलोचनाओं के घेरे में है और उन्हें हटाने तक की मांग की जा रही है।



टी20 विश्व कप 2024 में खराब प्रदर्शन के बाद इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल कोच मैथ्यू मॉट को ईसीबी ने बर्खास्त कर दिया था, लेकिन बटलर बच गए और वह कप्तान के पद पर बरकरार हैं। बटलर अब टीम के नए हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ काम करेंगे और वह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में टीम की अगुआई करेंगे। मैकुलम ने इंग्लैंड की टेस्ट टीम को पूरी तरह से बदल दिया है और जनवरी में टीम के सभी प्रारूपों के हेड कोच का पद संभालेंगे। अपनी बर्खास्तगी से बचने के लिए जोस बटलर सबकुछ करने को तैयार हैं, जिसमें विकेटकीपिंग छोड़ना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि वह अपनी टीम के लिए हर वो काम करने को तैयार हैं जो उनके लिए सबसे अच्छा हो और वह विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी दूसरे खिलाड़ियों को सौंपने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अगर मैं इस टी20 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेल रहा होता, तो मैं विकेटकीपिंग छोड़कर मिड-ऑफ पर फील्डिंग के लिए तैयार होता और देखता कि यह कैसा लगता है।

## भारत का अगला सुपरस्टार कौन प्लेयर बनेगा, गिल और रिंकू को इग्नोर कर स्टीव स्मिथ और मिचेल स्टार्क ने लिए एक ही खिलाड़ी का नाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम में एक से बढ़कर एक बेहतरीन प्लेयर मौजूद हैं और नई जनरेशन को जो खिलाड़ी टीम में आ रहे हैं उनमें भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं दिखती है। इस वक्त टीम इंडिया में यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ध्रुव जुरैल जैसे युवा खिलाड़ी टीम के लिए खेल रहे हैं, लेकिन भारत का अगला सुपरस्टार कौन बन सकता है इसके बारे में मिचेल स्टार्क और स्टीव स्मिथ ने बताया। हैरानी की बात ये है कि इन दोनों दिग्गजों ने एक सुर में इस खिलाड़ी के नाम का चयन इसके लिए किया।




स्टार स्पोर्ट्स तमिल द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कई शीर्ष ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों से पूछा गया कि कौन खिलाड़ी आने वाले समय में भारतीय क्रिकेट टीम का सुपरस्टार बन सकता है। स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, जोस हेजलवुड, नाथन लियोन और एलेक्स कैरी सभी ने इसके लिए यशस्वी जायसवाल का नाम लिया। इन सभी का मानना है कि यशस्वी आने वाले वक्त में भारतीय टीम के सुपरस्टार बन सकते हैं। स्मिथ ने कहा कि मुझे यकीन है कि यशस्वी जायसवाल अगली पीढ़ी के सुपरस्टार हो सकते हैं जबकि स्टार्क ने भी स्मिथ के सुर में सुर मिलाते हुए कहा कि मुझे लगता है कि जायसवाल शायद अगले बड़े सुपरस्टार हैं। कैरी, हेजलवुड और लियोन ने भी इसी तरह के विचार प्रकट किए और सभी ने जायसवाल को भारत की अगली पीढ़ी का सुपरस्टार करार दिया। हेजलवुड ने कहा कि जायसवाल सभी प्रारूपों के लिए फिट क्रिकेटर दिखते हैं। उन्होंने कहा कि वो जिस तरह से हर प्रारूप में जाते ही खुद को उसके अनुकूल ढ़ाल लेते हैं वो कमाल का है। हालांकि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कैमरून ग्रीन और बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने भी अपने विचार रखे, लेकिन भारत के भविष्य के सुपरस्टार के लिए इन दोनों ने शुभमन गिल का चयन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### नारायण सेवा संस्थान का विशाल निःशुल्क नारायण लिम्ब शिविर

**इंदौर।** उदयपुर राज. की प्रतिष्ठित संस्था नारायण सेवा संस्थान द्वारा नारायण लिम्ब एवं कैलिपर्स फिटमेंट शिविर फूटी कोठी, रिंग रोड,इंदौर स्थित दस्तूर गार्डन में आयोजित हुआ। संस्थान ने इस शिविर में एमपी प्रदेश के 766 से ज्यादा दिव्यांगों को अपर-लोवर कृत्रिम अंग और केलिपर्स लगाकर उनकी रुकी जिंदगी को फिर से गति दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद शंकर लालवानी , समाजसेवी पारस कटारिया, डॉ. रामचन्द्र माहेश्वरी , डॉ. मनोरमा माहेश्वरी अनिल भण्डारी,अनिल रांका , रमेश श्रीवास्तव, कैलाश गामा, किशोर कस्तूरिया, अमित जोशी एवं दीपक कोठारी ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का श्रीगणेश किया। सांसद लालवानी ने कहा संस्थान सैकड़ो किलोमीटर चलकर एमपी के दिव्यांगों का जीवन सुगम बनाने की भावना से यहाँ आई है जिसका मैं अभिनंदन करता हूँ। उन्होंने मंच से संस्थापक कैलाश मानव व अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल का मानव सेवा यज्ञ के लिए आभार प्रकट किया। सच में यह शिविर खुशी का ऐसा मौका था जहाँ कई बच्चों को वापिस बचपन मिला तो कुछ भाईयों की जवानी लौटी साथ ही सैकड़ों दिव्यांगों की बची उम्र चिंतामुक्त होकर रोशन हुई। प्रारम्भ में संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने मंचासीन मुख्य अतिथि लालवानी और सम्मानित अतिथियों का मेवाड़ी परम्परा से स्वागत किया और संस्थान की एक मुट्ठी आटे से अब तक की सेवाओं से रूबरू कराया। संस्थान का 5 वर्षीय विजन भी प्रस्तुत किया गया। शिविर में स्थानीय संगठन श्रीअन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी सोशल ग्रुप, स्वर्णिम फाउंडेशन, अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति, सर्व ब्रह्माण समाज, श्वेतांबर जैन महासंघ, अखिल भारतीय विजयवर्गीय महिला संगठन, लायंस क्लब, सराफ़ा एसोसिएशन, गुजराती समाज सहित 21 से अधिक समाजसेवी संघ ने सेवाएं दी। जिन्हें संस्थान की ओर से प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

### इंदौर में पहली बार आयोजित होगा दादा साहेब फाल्के फैशन और लाइफस्टाइल अवॉर्ड




**इंदौर।** इंदौर में 21 सितंबर 2024 को दादा साहेब फाल्के फैशन आइकॉन लाइफस्टाइल अवॉर्ड एवं द ग्लोबल नेक्स्ट सिंगिंग स्टार सीजन 1 का आयोजन केके ब्रदर फिल्म के द्वारा होने जा रहा है। यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड शो इंदौर के पांच सितारा मैरियट होटल में आयोजित होगा। दादा साहब फालके फैशन आइकॉन × लाइफस्टाइल अवार्ड मैं नाममंकित होने के लिए संपर्क करें 99819 95221 , 95225 - 54040 अंतिम शेष दिन इस इवेंट की खास बात यह है कि इसके पिछले 3 संस्करण सफलता पूर्वक मुंबई के 7 सितारा होटल सहारा में आयोजित किए जा चुके है । इस बार इंदौर में बजरंगी भाईजान फेम हर्षाली मल्होत्रा, जिन्हें फिल्म में 'मुन्नी' के किरदार से पहचान मिली, वे मुख्य अतिथि के रूप में इस अवॉर्ड शो में शिरकत करेंगी। इस आयोजन का उद्देश्य फैशन और लाइफस्टाइल क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित करना है। हर्षाली मल्होत्रा, कुलदीप खरे , राजा रेंचो एवं कवि पंकज दीक्षित की उपस्थिति न केवल इस इवेंट का आकर्षण बढ़ाएगी, बल्कि युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन भी देगी। इस अवॉर्ड शो में बॉलीवुड से लेकर फैशन इंडस्ट्री तक के बड़े नाम शामिल होंगे। इवेंट का आयोजन के के ब्रदर्स फिल्म द्वारा किया जा रहा है, जो इंडस्ट्री में अपने सफल आयोजनों के लिए जाने जाते है। दादा साहेब फाल्के फैशन और लाइफस्टाइल अवॉर्ड 2024 में विभिन्न श्रेणियों के प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। कुछ प्रमुख कैटेगरी इस प्रकार हैं- इनके अलावा, सर्वश्रेष्ठ कॉलेज और स्कूल, और बिल्डर्स और डेवलपर्स की श्रेणियों में भी अवॉर्ड दिए जाएंगे। अवॉर्ड्स का मकसद समाज के हर उस व्यक्ति को पहचान और सम्मान देना है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल की है।

# हैदराबाद में दलबदलू विधायक के घर कड़ी सुरक्षा




**हैदराबाद, एजेंसी।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेताओं के संभावित आगमन के मद्देनजर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए रविवार को सेरिलिंगमपल्ली के विधायक और लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष अरेकापुडी गांधी के आवास पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। गांधी के आवास के आसपास लगभग 200 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। जिनकी पीएसी अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति ने विपक्षी बीआरएस और सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के बीच राजनीतिक तनाव पैदा कर दिया था। बीआरएस नेताओं द्वारा गांधी के आवास पर बैठक करने की योजना बनाने की खबरों के मद्देनजर किसी भी कानून और व्यवस्था की समस्या को रोकने के लिए पुलिस सतर्क रही।

कांग्रेस और बीआरएस के बीच जारी तनाव के बीच पुलिसकर्मियों की तैनाती से विवेकानंद नगर में गांधी के घर के आसपास रहने वाले लोगों को असुविधा हो रही है। गुरुवार को गांधी के समर्थकों द्वारा बीआरएस विधायक पी. कौशिक रेड्डी के घर पर हमले के जवाब में गांधी के घर पर इकट्ठा होने की उनकी योजना को विफल करने के लिए शुक्रवार को बीआरएस नेताओं को नजरबंद कर दिया गया था। कौशिक रेड्डी और गांधी के बीच तीखे वाकयुद्ध ने उस समय भयानक रूप ले लिया, जब गांधी अपने समर्थकों के साथ कोंडापुर में बीआरएस विधायक के घर पहुंचे और उन्हें बाहर आने की चुनौती दी।

जुलाई में बीआरएस से कांग्रेस में शामिल हुए गांधी ने यह कार्रवाई तब की, जब कौशिक रेड्डी ने घोषणा की कि वह गांधी के घर जाएंगे, बीआरएस का झंडा फहराएंगे और उन्हें बीआरएस का दुपट्टा भेंट करेंगे। करीमनगर जिले के हुजूराबाद से बीआरएस विधायक कौशिक रेड्डी ने गांधी के इस दावे के बाद चुनौती दी थी कि वह अभी भी बीआरएस के साथ हैं।

दलबदलू विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा पीएसी अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति पर बीआरएस की आलोचना का जवाब देने के लिए यह दावा किया। कौशिक रेड्डी के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान, गांधी के कुछ समर्थकों ने परिसर में घुसकर खिड़की के शीशे और फूलों के गमलों को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने गांधी और उनके समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया था। कौशिक रेड्डी की शिकायत पर पुलिस ने गांधी और अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया। उनके बेटे और मियापुर के पार्षद उप्पलपति श्रीकांत, पार्षद वेंकटेश गौड़ और अन्य को भी आरोपी के रूप में नामित किया गया था।

कौशिक रेड्डी ने आरोप लगाया कि गांधी और उनके अनुयायियों ने उनके घर के दरवाजे तोड़ दिए और पत्थर, टमाटर, अंडे और अन्य चीजों को फेंक कर तोड़फोड़ की। बीआरएस विधायक ने दावा किया कि भीड़ का इरादा उन्हें मारना था। इससे पहले, गांधी और 14 अन्य के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया गया था। इसमें उन पर गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने और आपराधिक साजिश का आरोप लगाया गया था। गुरुवार की घटना के बाद, कौशिक रेड्डी ने घोषणा की थी कि जवाबी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शुक्रवार को गांधी के घर पर बीआरएस नेताओं और कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित करने की घोषणा की थी। हालांकि, पुलिस ने कौशिक रेड्डी और अन्य बीआरएस नेताओं को नजरबंद कर उनकी योजना को विफल कर दिया।

## कर्नाटक के बेलगाम में 8 वाहनों के बीच टक्कर, चार की मौत

**बेलगाम , एजेंसी।** कर्नाटक के बेलगाम में भीषण सड़क हादसा हुआ। जहां निप्पानी स्थवनिधि घाट के पास 8 वाहन एक के बाद एक टकराते चले गए। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 6 की हालत गंभीर बताई गई। मृतकों में दो बाइक सवार और दो कार सवार लोग शामिल थे। घटनास्थल की तस्वीरें सामने आई हैं। जिसमें टैंकर के नीचे कार बुरी तरह फंसी हुई देखी जा सकती है। कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त दिख रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे की वक्त चीख पुकार मच गई। कुछ पलों में ही सिलसिलेवार तरीके से वाहन टकराते चले गए। तुरंत पुलिस को सूचित किया गया।



मौके पर पहुंची पुलिस के मुताबिक कंटेनर वाहन के चालक की लापरवाही से तीन कार, दो लॉरी, एक कंटेनर और बाइक चपेट में आ गई। निप्पानी के अस्पताल में घायलों का इलाज जारी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। यह मामला निप्पानी शहर थाना क्षेत्र का है।

जान गंवाने वाले लोगों की पहचान संतोष गणपति माने, रेखा गादीवद्दर, जबीन मनकादरा और दिलादारा मुल्ला के रूप में हुई है। मृत गणपति और रेखा बाइकर्स थे, वहीं जबीन और दिलादारा वैगनार के यात्री थे। वहीं एक अन्य मामले में तुमकुर जिले के मधुगिरि के बाहरी इलाके जादेगोंडानहल्ली के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान गौतम (26) और बंदरहल्ली के अनिल (26) के रूप में हुई है। यह मामला जिले के मधुगिरी थाना क्षेत्र का है। मधुगिरी थाने के पीएसआई विजय कुमार ने घटनास्थल पर जाकर निरीक्षण किया।

## नितिन गडकरी को पीएम पद का ऑफर देना गलत नहीं: संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के कई महीने बाद केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के एक नेता ने उन्हें पीएम पद का ऑफर दिया था। उनके इस बयान के बाद राजनीति गरमा गई है। शिवसेना नेता संजय राउत ने रविवार को इस पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, नितिन गडकरी भाजपा के सबसे सर्वमान्य नेता हैं और मुझे नहीं लगता कि किसी ने उनसे प्रधानमंत्री पद के लिए पैरवी करने को कहा होगा। जिस तरह से इस देश में तानाशाही चल रही है और जिस तरह से दस साल पहले आपातकाल की शुरुआत हुई थी। उन्हें अगर यह सलाह किसी ने दी है, विपक्ष के किसी नेता ने दी है तो मुझे इसमें कुछ भी गलत नहीं लगता। संजय राउत ने कहा, मुझे लगता है कि अगर कोई मौजूदा सरकार में रहते हुए भी इस देश के मूल्यों, लोकतंत्र, न्यायपालिका और स्वतंत्रता से नहीं जुड़ता है, तो यह राष्ट्रीय अपराध है। नितिन गडकरी ने हमेशा इन सबके खिलाफ बोला है, आवाज उठाई है और अपने विचार व्यक्त किए हैं । इसलिए अगर विपक्ष के किसी बड़े नेता ने, जिनका वह बहुत सम्मान करते हैं, उन्हें कुछ सलाह दी है, तो इसमें दुखी होने की जरूरत नहीं है । जगजीवन राम ने इन्हीं मूल्यों के कारण 1977 में कांग्रेस पार्टी छोड़ दी थी और इंदिरा गांधी की हार हुई थी। अगर देश में आजादी, लोकतंत्र और न्यायपालिका को बनाए रखना है, तो सत्ता में बैठे कुछ लोगों की बलि देकर आजादी हासिल करनी होगी । आपको बता दें कि नितिन गडकरी ने यह खुलासा लोकसभा चुनाव संपन्न होने के करीब 3 महीने बाद किया है। उन्होंने यह खुलासा शनिवार को नागपुर में पत्रकारिता पुरस्कार समारोह के दौरान किया । हालांकि, 21 अगस्त 2023 को शिवसेना (यूबीटी) नेता विनायक राउत का एक बयान सामने आया था।





### सीट बंटवारे को अगले 8 से 10 दिन में अंतिम रूप दे दिया जाएगा: शिंदे

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की तैयारियां जारी हैं। हालांकि, अब तक इसीआइ यानी भारत निर्वाचन आयोग ने अब तक तारीखों का ऐलान नहीं किया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने संकेत दे दिए हैं कि चुनाव नवंबर में हो सकते हैं। राज्य में शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की गठबंधन की सरकार है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे ने रविवार को कहा कि राज्य विधानसभा चुनाव नवंबर के दूसरे सप्ताह में होने की संभावना है और सत्तारूढ़ सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे को अगले 8 से 10 दिन में अंतिम रूप दे दिया जाएगा। शिंदे ने मुंबई में अपने आधिकारिक आवास 'वर्षा' में संवाददाताओं से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि 288 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए दो चरणों में चुनाव कराना बेहतर रहेगा।

## कोई भी बाइडेन और कमला की हत्या की कोशिश नहीं कर रहा: मस्क

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर कथित हत्या के प्रयास की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए एलन मस्क ने एक विवादास्पद बयान दिया। उन्होंने सवाल किया, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस पर हत्या का कोई प्रयास क्यों नहीं किया जा रहा है?

रविवार को ट्रंप पर दूसरी बार हत्या का प्रयास किया गया, जब फ्लोरिडा में एक गोल्फ कोर्स के बाहर गोलियां चलाई गई, जहां वो गोल्फ खेल रहे थे। एफबीआई ने कहा कि फ्लोरिडा में उन पर कथित तौर पर हत्या का प्रयास किया गया था। रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के अभियान और कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने बताया कि वह सुरक्षित और स्वस्थ हैं।

एक एक्स यूजर के सवाल, वे डोनाल्ड ट्रंप को क्यों मारना चाहते हैं? का जवाब देते हुए टेस्ला के सीईओ ने लिखा, और कोई भी बाइडेन/कमला की हत्या करने की



कोशिश नहीं कर रहा है। टेस्ला और स्पेसएक्स के प्रमुख ट्रंप समर्थक हैं और अक्सर उनके पक्ष में पोस्ट लिखते रहे हैं। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने पुष्टि की है कि उसके एक या अधिक एजेंटों ने ट्रंप के गोल्फ कोर्स की सीमा के पास एक बंदूकधारी पर गोलियां चलाई और एक वीडियो कैमरे के साथ एक एके-47 स्टाइल राइफल बरामद की गई। अधिकारियों के अनुसार, अभी भी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि रयान वेस्ले राउथ नामक बंदूकधारी ने पूर्व राष्ट्रपति की ओर गोली चलाई थी या नहीं, लेकिन सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने गोल्फ कोर्स में झाड़ियों में छिपे संदिग्ध पर गोली चलाई थी। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ने कहा कि अधिकारियों को झाड़ियों में एक एके-47 राइफल भी मिली, जो उस स्थान के बेहद करीब थी जहां से ट्रंप निकल रहे थे। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, फिर से दोस्तों! फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में ट्रंप गोल्फ कोर्स में गोलीबारी हुई। स्थानीय कानून प्रवर्तन के अनुसार, झाड़ियों में एक एके-47 पाया गया। ट्रंप की हत्या की कोशिश पेंसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली में गोली लगने के दो महीने बाद हुई है। तब उनके दाहिने कान में मामूली चोट आई थी। हमलावर को सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत गोली मार दी थी। व्हाइट हाउस ने एक बयान जारी कर कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, जो नवंबर चुनावों में ट्रंप की डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी थी, दोनों को इस घटना के बारे में जानकारी दे दी गई है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक बयान में कहा, हमारे देश में राजनीतिक हिंसा या किसी भी प्रकार की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है।

## कभी हार नहीं मानूंगा- जानलेवा हमले के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने तोड़ी चुप्पी, कहा- अमेरिकन होने पर गर्व



**वाशिंगटन, एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुद पर हुए जानलेवा हमले के बाद कहा है कि उन्हें अमेरिकन होने पर गर्व है। ट्रंप ने पुष्टि की है कि वे सुरक्षित हैं और ठीक हैं। इससे पहले फ्लोरिडा में अपने कोर्स पर गोल्फ खेलते समय रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप पर एके-47 रायफल से हमला हुआ। ट्रंप से महज 400-500 गज की दूरी पर ताबड़तोड़ गोलियां चलने लगी। हालांकि सीक्रेट सर्विस ने ट्रंप की जान बचाने में कामयाबी हासिल की। एफबीआई ने इसकी पुष्टि की है कि यह हमला ट्रंप की हत्या का प्रयास था। आरोपी फिलहाल अधिकारियों की गिरफ्त में है। ट्रुथ सोशल पर एक लंबी पोस्ट में ट्रम्प ने कहा, मेरे आस-पास गोलीबारी की आवाज़ें आ रही थीं लेकिन अफ़वाहों के फैलने से पहले, मैं यह बताना चाहता था कि मैं सुरक्षित और स्वस्थ हूं। कोई भी चीज़ मुझे रोक नहीं सकती। मैं कभी हार नहीं मानूंगा। ट्रंप ने आगे कहा, मुझे समर्थन देने के लिए मैं प्यार। एकता। शांति। अमेरिका को फिर से महान बनाते हैं।

**सीक्रेट सर्विस की तारीफः** ट्रंप ने यूएस सीक्रेट सर्विस, शेरिफ़ रिक ब्रैडशॉ और सभी कानून प्रवर्तन को उन्हें सुरक्षित रखने के लिए एक बेहतरीन काम करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, जो काम किया गया वह बिल्कुल शानदार था। मुझे एक अमेरिकी होने पर बहुत गर्व है।

**यूक्रेन का कट्टर समर्थक है आरोपीः** शुरुआती रिपोर्ट से पुष्टि हुई है कि कई सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने गोल्फ कोर्स की प्रॉपर्टी लाइन के पास झाड़ियों में एक बंदूकधारी पर गोली चलाई जब उसे ट्रंप के खेलने के स्थान से कुछ सौ गज की दूरी पर देखा गया। संदिग्ध की पहचान रयान राउथ के रूप में हुई है जो यूक्रेन का कट्टर समर्थक है और डेमोक्रेट है। इस बीच ट्रम्प की गतिविधियों से जुड़े एक शख्स के मुताबिक ट्रम्प सुरक्षित हैं और पाम बीच में अपने निजी क्लब में लौट आए हैं।

## हूतियों का इस्राइल पर पहली बार बैलिस्टिक मिसाइल से हमला, आयरन डोम भी हुआ फेल

**येरूशलम, एजेंसी।** ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने सभी को चौंकाते हुए इस्राइल पर पहली बार बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है। खास बात ये है कि इस्राइल का आयरन डोम और अन्य एयर डिफेंस सिस्टम इस बैलिस्टिक मिसाइल के सामने बेअसर साबित हुए। हालांकि गनीमत ये रही कि इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ और यह मिसाइल एक खुले मैदान में गिरी। हूती विद्रोहियों के इस हमले से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने धमकी देते हुए कहा है कि इस हमले के लिए हूती विद्रोहियों को बड़ी कीमत चुकानी होगी।

**बैलिस्टिक मिसाइल के हमले में इस्राइल का आयरन डोम भी हुआ फेलः** हूती विद्रोहियों के प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा है कि हूतियों ने इस्राइल पर हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है, जिसने महज साढ़े 11 मिनट में 2040 किलोमीटर की दूरी तय की। इस्राइली सेना ने दावा किया है कि यह मिसाइल संभवतः हवा में ही तबाह हो गई और इसके



टुकड़े खेतों और रेलवे स्टेशन के पास मिले थे। हमला स्थानीय समय के अनुसार, सुबह 6.35 बजे हुआ। हमले के चलते तेल अवीव और पूरे मध्य इस्राइल में सायरन बजने लगे थे, जिससे लोग सुरक्षित स्थानों पर छिप गए। हैरानी की बात ये है कि इस्राइल का एयर डिफेंस सिस्टम आयरन डोम भी इस हमले को रोकने में नाकाम रहा।

**नेतन्याहू बोले- हूतियों को इस हमले की भारी कीमत चुकानी होगीः** वहीं हूतियों के हमले पर इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों को इस हमले की भारी कीमत चुकानी होगी। नेतन्याहू ने कहा कि होदेदा बंदरगाह पर हमले की याद दिलाने की जरूरत नहीं है। उल्लेखनीय है कि जुलाई में भी हूती विद्रोहियों ने इस्राइल पर ड्रोन हमला किया था। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हुई थी। इसके बाद इस्राइल ने हूती विद्रोहियों पर यमन के होदेदा बंदरगाह के पास हवाई हमले किए थे, जिसमें हूती विद्रोहियों को काफी नुकसान हुआ था। इस्राइल हमास युद्ध शुरू होने के बाद से ही हूती विद्रोही गाजा के समर्थन में लगातार इस्राइल और लाल सागर में इस्राइली जहाजों को निशाना बना रहे हैं। वहीं सीरिया ने भी एक बयान में कहा है कि भविष्य में इस्राइल पर हमले बढ़ेंगे क्योंकि इस्राइल हमास युद्ध को अक्तूबर में एक साल पूरा हो रहा है।

## तीन साल की बच्ची ने पियानो के साथ गाया टाइटैनिक का गीत, पूरी दुनिया हो गई दिवानी !

**लंदन, एजेंसी।** सोशल मीडिया पर 3 तीन साल की बच्ची के एक वीडियो ने धूम मचा रखी है। इस वीडियो में एंजेलिका नीरो नाम की यह बच्ची पियानोवादक एमिल रीनर्ट के साथ मिलकर टाइटैनिक फिल्म का मशहूर गाना 'माई हार्ट विल गो ऑन' गा रही है। इस वीडियो को अब तक 20 करोड़ से अधिक बार देखा जा चुका है। वीडियो में, एंजेलिका पियानोवादक के पास जाकर उन्हें प्यार से इस क्लासिक गाने को बजाने के लिए कहती है। जैसे ही पियानो की धुन शुरू होती है, उसकी आंखों में खुशी की चमक स्पष्ट होती है और वह गाने लगती है। इस खूबसूरत और मनमोहक क्षण ने न केवल पास के लोगों का ध्यान खींचा, बल्कि सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त प्रतिक्रियाएं प्राप्त की हैं। एंजेलिका की आवाज, उसका गाना तरीका और उसकी मुस्कान इतनी आकर्षक है कि सुनने वाले मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। पियानोवादक रीनर्ट ने इस वायरल पोस्ट के कैप्शन में लिखा, यह एक अविश्वसनीय और प्यारा क्षण था जब इस तीन वर्षीय गायिका ने मुझसे टाइटैनिक का गाना गाने के लिए कहा। यह गाना 1997 की फिल्म टाइटैनिक का थीम सॉन्ग है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 99715571